श्री दि० जैन कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति-पुष्प नं० १

यंत्र, मंत्र, तंत्र विद्या

संग्रहकर्ता :

श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी महाराज

श्री १०५ गणनी आर्यिका श्री विजयमती माताजी

विदुषी रत्न, सम्यक्ज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद

शान्ति कुमार गंगवाल
प्रकाशन सयोजक

लल्लूलाल जैन गोधा
प्रबन्ध सम्पादक

●

प्रकाशक :

कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति

कार्यालय : १९३६, घी वालों का रास्ता,
कसेरों की गली, जौहरी बाजार,
जयपुर—३०२००३ (राजस्थान)

☐ सर्वाधिकार सुरक्षित

☐ प्रथम सस्करण १००० प्रतियाँ

☐ भगवान वाहुवली सहस्त्राब्दि महामस्तकाभिषेक
महोत्सव **दिनांक २२ फरवरी, १९८१**

☐ मूल्य : (२) रु० मात्र
(डाक व्यय अतिरिक्त)

☐ मुद्रक : **राजस्थान प्रिंटिंग वर्क्स,**
किशनपोल बाजार,
जयपुर ।

☐ ब्लाक निर्माता : **जुब्ली ब्लाक वर्क्स,**
जौहरी बाजार, जयपुर, (राजस्थान)

प्राप्ति स्थान :

☐ श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागरजी
महाराज सघ ।

☐ **शान्ति कुमार गंगवाल,**
१९३६, घी वालों का रास्ता,
कसेरो की गली, जौहरी बाजार,
जयपुर—३०२००३ (राजस्थान)

☐ **लल्लूलाल जैन गोधा**
सम्पादक, जयपुर जैन डायरेक्टरी,
४९९, पं० चैनसुखदास मार्ग,
किशनपोल बाजार, जयपुर—३ (राज०)

श्री १००८ पद्मावती पार्श्वनाथाय नमः

श्री १०८ आचार्य महावीर कीर्ति

मंत्र यंत्र तंत्र ग्रंथ

संग्रह कर्ता

श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथु सागर जी महाराज

श्री गणनी सि० वि० १०५ आर्यिका विजयमती माताजी

ॐ श्री णमोकार महामंत्र ॐ

णमो अरिहंताणं
णमो सिद्धाणं
णमो आइरियाणं
णमो उवज्झायाणं
णमो लोए सव्व साहूणं

एसो पञ्च णमोयारो, सव्व पावप्पणासणो।
मंङ्गलाणं च सव्वेसिं पढमं होई मङ्गलम्॥

श्री १००८ भगवान पार्श्वनाथ

श्री धरणेन्द्र श्री पद्मावती देवी



श्री बाहुबली स्वामी

श्रवण बेल गोला (मैसूर) मे ५७ फुट ऊ ची विशाल प्रतिमा

विश्व का आकर्षण एव आठवॉ आश्चर्य



श्री दिगम्बर जैनाचार्य निमित्तज्ञान शिरोमणि

१०८ विमलसागर जी महाराज

श्री दिगम्बर जैनाचार्य १०८ सन्मतिसागरजी महाराज



श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथु सागरजी महाराज लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का संग्रह करते हुए ।



श्री गणनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न, सम्यकज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद

विजयमती माताजी

लघुविद्यानुवाद

शुभाशीर्वाद एवं शुभ-कामनाएँ–



निमित्त ज्ञान शिरोमणी
श्री १०८ आचार्य विमलसागरजी महाराज

"श्री लघु विद्यानुवाद" नामक ग्रन्थ श्री १०८ आचार्य कुन्थु सागरजी ने सकलन कर समाज के प्राणीमात्र को श्री १०८ श्री मन्त्रवादी विद्यानन्दजी की अक्कीवाट की कृति को संभाल कर लिखा है, वह समाज की निधि है। द्वादशांग का एक अंग है, जो लौकिक कार्य के साथ–साथ पारलोकिक, धर्म ध्यान, शुक्ल ध्यान का कारण बने।

श्री १०८ आचार्य विमलसागर

श्री १०८ उपाध्याय मुनि
श्री भरतसागरजी महाराज



अनादिकाल से मानव जीवन विभिन्न शक्तियो के आधार पर टिका हुआ है। शारीरिक, मानसिक, मांत्रिक, तात्रिक यात्रिक और आध्यात्मिक आदि सभी शक्तियो की अपनी-अपनी विभिन्न सत्ता है। शारीरिक, मानसिक शक्ति के आधार पर यदि यह मानव अपने सासारिक जीवन को सुन्दर, उत्तम बना सकता है, तो मात्रिक, तात्रिक एवं यांत्रिक शक्ति के आधार पर यह स्व और पर का उपकार कर जीवन में नई शक्ति का सचार कर सकता है। इन सब मे महान शक्ति की दायिनी, अक्षुण्ण शाश्वत सुख की दायिनी आध्यात्मिक शक्ति है।

भारतीय इतिहास की खोज करने पर ज्ञात होता है, कि भारत के श्रमण महर्षियों ने जीवन मे सभी शक्तियो को पूर्ण स्थान दिया है। मांत्रिक, तांत्रिक, यांत्रिक शक्तियों को जहां आज का युग झूठा, मिथ्या एव पाखण्ड नाम से पुकारता है, वहाँ कुन्द कुन्दादि जैसे महान् अध्यात्म योगियो ने मांत्रिक शक्ति के बल पर "दिगम्बर धर्म को आदि धर्म घोषित करवाकर" श्रमण परम्परा की, श्रमण संस्कृति की रक्षा की है।

मन्त्र विद्या, तन्त्र विद्या, यन्त्र विद्या झूठ या मिथ्या नही हैं। मिथ्या है तो हमारा श्रद्धान है। पहले उसी मन्त्र से शीघ्र कार्य की सिद्धि देखी जाती थी, परन्तु आज तुरन्त या शीघ्रता से मन्त्र सिद्धि नही पायी जाती है, इसका दोष हम मन्त्रो को देते है, परन्तु क्या मन्त्र, तन्त्र गलत है, नही, मन्त्र भी गलत नही है, तन्त्र भी गलत नही है, गलत है, तो हम है और हमारा श्रद्धान है।

वर्तमान समय मे श्री १०८ आचार्य कुन्थुसागर जी महाराज ने लुप्त हुई इस मन्त्र, तन्त्र विद्या को पुन जीवन्त बनाने के लिए बहुत उत्तम प्रयास कर "लघु विद्यानुवाद" नामक पुस्तक का सृजन किया है। मेरी यही शुभ कामना है कि यह पुस्तक हम भूले मानवो को अपनी भूली हुई शक्तियो का स्मरण कराकर सही मार्ग प्रशस्त करने मे पूर्ण सफल एव सक्षम सिद्ध होगी। और ग्रन्थ प्रकाशन मे जो श्री शान्तिकुमार जी गगवाल आदि कार्य कर्त्ता हैं उन सभी को हमारा आशीर्वाद है।

उपाध्याय मुनि श्री भरतसागर

क्षुल्लक श्री १०५ सिद्धसागर जी महाराज

परम पूज्य श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थु सागरजी महाराज ने 'लघुविद्यानुवाद' का सकलित करवा के व स्वतः परिश्रम द्वारा तैयार करके तथा आमुख (भूमिका) लिखकर इस ग्रन्थ को सपादन के योग्य बनाया है। उक्त ग्रन्थ श्री परम पूज्य १०८ आचार्यवर्य महावीर कीर्ति यन्त्र, तन्त्र, मन्त्रादि सग्रह अपर नाम लघु विद्यानुवाद का मैने अवलोकन किया है। यह ग्रन्थ समाज के लिये अनिषिद्ध विषयो मे बहुत उपयोगी रहेगा। महाराज को मै सभक्ति सादर त्रिवार नमोऽस्तु निवेदन करता हूँ, तथा ग्रन्थ प्रकाशन मे तत्पर कार्यरत परम जिनभक्त परायण सगीतज्ञ कपूरचन्दजी पाण्ड्या, शातिकुमारजी गगवाल व अन्य इनके सहयोगी सज्जनवर्ग शुभाशीर्वाद के पात्र है। प्रेस कापी आदिक कार्यो मे इनको पूर्ण सफलता प्राप्त हो।

क्षु० सिद्धसागर

मोजमावाद,
जयपुर (राजस्थान)



राजभवन,
जयपुर
जनवरी ३१, १९८१

सन्देश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री दि० जैन कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति, जयपुर, आचार्य श्री कुन्थुसागर जी द्वारा सग्रहीत लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का वृहत प्रकाशन कर रही है।

जैन धर्म के अनुयायियो एव जनसाधारण के लिये इस ग्रन्थ का प्रकाशन, सग्रहीत, यन्त्र, मन्त्र और तन्त्र विद्या की जानकारी के लिये, उपादेय होगा, ऐसी मै आशा करता हू और इस अभिनत प्रकाशन की सफलता के लिए मगलकामना करता हू।

(रघुकुल तिलक)

श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथु सागर जी महाराज

का

— आशीर्वादात्मक मंगल वचन :—

श्री १००८ भगवान अरहंत देव के शासन मे द्वादशाग रूप जिनवाणी कही है और द्वादशाग को धारण करने वाले भगवान महावीर की आचार्य परम्परा मे आने वाले अन्तिम श्रुत केवलि आचार्य भद्र बाहु हुये। वे आचार्य अष्टाग निमित्त ज्ञान के ज्ञाता थे। उसके वाद स्मरण शक्ति के कम हो जाने पर द्वादशाग रूप श्रुत ज्ञान को धारण करने वाले कम हो गये। यहा तक कि कम होते २ धरषेणाचार्य को अंग रूप का ज्ञान का कुछ अश का ज्ञान था। उनकी महान् कृपा से आज जो श्रुत ज्ञान दृष्टि गोचर हो रहा है वह उन्ही की कृपा दृष्टि है। ग्यारह अग चौदह पूर्व रूप श्रुत ज्ञान है। तदन्तर्गत जिनागम मे विद्यानुवाद दशम पूर्व है। वह विद्यानुवाद पूर्व अनेक यन्त्र मन्त्रो रूप महासागर से भरा हुआ है। जिसको पार करने मे समर्थ केवली, श्रुत केवली ही होते है। उस विद्यानुवाद पूर्व मे अनेक प्रकार की विद्याये है, वह १२०० सो लघु विद्या, ७०० महा विद्याओ से भरा हुआ है। नाना प्रकार के चमत्कारो से अलकृंत है। ऐसे विद्यानुवाद का वीतरागी निर्ग्रन्थ साधु राज मात्र श्रुत ज्ञान प्राप्ति के अर्थ एकाग्रता से इन्द्रिय विजयी होकर अध्ययन करते है। अध्ययन करने मात्र से नाना प्रकार की विद्याये सम्मुख आकर खडी हो जाती है। साधु राज से कहने लगती है, हमारे लिये क्या आज्ञा है? "साधु भी सन्मुख हुई विद्याओ को कह देते है कि तुमसे हमारा कोई प्रयोजन नही है। ऐसे वीतरागी साधु ही विद्यानुवाद रूप समुद्र को पार करते है निस्पृही होकर। उनका मात्र उद्देश्य वस्तु स्वभाव की प्राप्ति का रहता है और जो शुभोपयोग मे ज्यादातर रहते है और शुद्धोपयोग मे कम रहते है वे भी विशेष धर्म प्रभाव नार्थ धार्मिक विद्याओ से काम लेते है। अन्यथा कभी भी उन विद्याओ



की तरफ दृष्टिपात भी नही करते। इस हुंडा वसर्पिणी पचम काल मे उस महान् सागर रूप विद्यानुवाद का लोप हो गया। क्योंकि वीतरागी साधुओ की दृष्टि वीतरागता की ओर रही और ये वीतरागता मे बाधक है। इसलिये केवली प्रणीत विद्यानुवाद प्राय नष्ट हो गया। आज समाज मे हस्त लिखित विद्यानुवाद की प्रतिया दृष्टि गोचर है। वे भी इस काल के लोगो के लिए महान् है। मुस्लिम काल मे एव अन्य आतताइयो के काल मे हमारे जैन गृहस्थाचार्य भट्टारको ने उस महान सागर रूप विद्यानुवाद के अश रूप पाठको को बचाया और उनमे विद्याये सिद्ध सिद्ध कर जैन धर्म का रक्षण किया। आज विद्यानुवाद की जो भी प्रतिया उपलब्ध है वे जगह जगह अशुद्ध एव जीर्ण हो गई है। वर्तमान साधु समाज व भट्टारक समाज मे कोई ऐसा नही जो चमत्कारो द्वारा जैन धर्म को प्रभावना करे। आज जैन धर्मनुयायियो की भावनाओ मे विकार आ गया है, और समाज पतन की ओर जा रहा है। वीतराग धर्म की ओर लोगो की आस्था कम हो गई है और मिथ्या धर्मो की और समाज का झुकाव अधिक है। सामाजिक वातावरण अत्यन्त दयनीय है। सभी मिथ्या देव शास्त्र गुरु की पूजा मे सलग्न है। क्योकि लोगो में श्रद्धान पाया जाता है कि इनसे ही हमारा सकट टल जाता है, परन्तु ऐसा होता नही। ऐसे व्यक्तियो के लिये यह लघु विद्यानुवाद की रचना की है। इसमे नाना प्रकार के मन्त्र यन्त्र है। अनेक प्रकार के तन्त्र एव औषधिया है। आज के मिथ्याचरण युक्त समाज के लिये यह हस्तावलबन के समान है। यह ग्रन्थ लोगो को मिथ्यात्व से बचायेगा जो श्रद्धापूर्वक व विधि पूर्वक यन्त्रो मन्त्रो तन्त्रो का आश्रय लेगा उसके मनवाछित लोकिक कार्यो की सिद्धी होगी। आज कल वर्तमान शास्त्र भण्डारो मे मिलने वाले विद्यानुवाद की प्रतियो का लघु अश रूप ग्रन्थ सग्रहित किया है वह तो पूर्वाचार्य श्री मल्लिषेणाचार्य कृत है। उस विद्यानुवाद रूप लघु सागर को हम जैसे मद बुद्धि तैरने को समर्थ नही है। इसलिये सरल भाषा मे लघु विद्यानुवाद बनाया है। मै आशा करता हू कि हमारा जैन समाज इससे लाभान्वित होगा। तभी हमारा परिश्रम कार्यकारो होगा। इस विद्यानुवाद मे वर्णित शान्ति कर्म, पौष्टिक कर्म, वश्य कर्म आकर्षण कर्म, स्तम्भन कर्म विद्वेषणा कर्म, उच्चाटन कर्म के मन्त्र यन्त्र तन्त्र दिये हैं। अनेक जगह अशुद्ध द्रव्यो का प्रयोग भी आया है। लेकिन क्या करे यह मन्त्र शास्त्र है। इसमे मैने अपनी और से इस ग्रन्थ मे कुछ नही लिखा है जिस प्रकार हमको वर्णन मिला उन सबका उल्लेख करना पडा है। हमारा अपना कोई स्वतन्त्र भाव नही है। इस ग्रन्थ मे जो भी मन्त्र तन्त्र यन्त्र है वे हमारे गुरु विश्व वदनीय जैनाचार्य अध्यात्म योगी समाधि सम्राट श्री १०८ आचार्य महावीर कीर्ति जी महाराज के कई गुट के कापियो मे सग्रहित किये हैं। इसके अलावा और भी अनेक पूर्व हस्तलिखित मन्त्र शास्त्रो से संकलन किया है जो सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी की देन है। सोनागिरी पर्वत पर नं० २५ जिनालय श्री मल्लीनाथ प्रभु के

चरणो के सानिध्य मे बैठ कर संग्रह किया है। इस प्रकार का ग्रन्थ जैन परम्परा में आज तक प्रकाशित नही हुआ है। हस्तलिखित तो पाया जाता है किन्तु वो भी प्रक्षेप रूप मे है इस एक ही ग्रन्थ मे गागर मे सागर भरने कहावन रूप प्रयास किया है। मुझे ग्रन्थ के सग्रह करने मे बहुत परिश्रम करना पडा है। लेकिन मुझे पदस्थ ध्यान का अपूर्व लाभ हुआ। पदस्थ ध्यान मन्त्रो की ध्यान साधना से होता है और इसमे मन एकाग्र होता है। मन की एकाग्रता से कर्म निर्जरा होती है। यह भी भगवान की वाणी है। विद्याधर मनुष्य नित्य ही इन मन्त्रो का ध्यान व साधना करते हैं।

प्रस्तुत मन्त्र शास्त्र मे मारण उच्चाटन आदि हानि पहुचाने वाली क्रियाए भी वर्णित है उन क्रियाओ मे साधक किसी भी प्रकार हाथ न लगावे। हमारा वितराग धर्म अहिंसा मयी है। जो मारण कर्म उच्चाटन कर्म दूसरो को हानि पहुंचाने की क्रिया करता है। वह महान् पातकी कहलाता है, और सबसे अधिक हिसा के दोप का भागी होता है।

वीतराग धर्म या (हम) सग्रहकर्ता किसी भी प्रकार से इन क्रियाओ मे साधक को प्रवेश करने की आज्ञा नही देते। शान्ति कर्म पोष्टिक कर्म या दूसरो को हानि पहुचाने रूप क्रियाओ मे प्रवेश करने रूप भाव भी करेगा तो वह वीतराग धर्म के नष्ट करने रूप पाप का अधिकारी होगा। महान् हिंसक होगा। हाँ इन क्रियाओ मे कब प्रवेश करे, जबकि कही सच्चे देव शास्त्र गुरु पर उपसर्ग आया हो अथवा कोई धर्म सकट आया हो, किसी सती की रक्षा करना हो। धर्मात्मा के प्राण सकट मे हो। तब इन क्रियाओ को शुद्ध सम्यगदृष्टि श्रावक है वेही, करे। इस शास्त्र मे जो मन्त्र, यन्त्र और तन्त्र है उनको मिथ्यादृष्टियो के हाथ मे न दे। जो भी ऐसा करेगा उसे बाल हत्या का पाप लगेगा। हमने इस शास्त्र का सग्रह मात्र जैन समाज के हितार्थ किया है। कही कही मन्त्रो की विधि समझ मे नही आने के कारण ज्यो की त्यो लिख दी है और लगभग सभी जगह मन्त्रो की विधि बुद्धि के अनुसार स्पष्ट की है। इस ग्रन्थ को सग्रहित करने मे मत्रो की विधि लिखने मे किसी प्रकार की त्रुटि रही हो तो उसे विशेष मत्र शास्त्र के जानने वाले शुद्ध करे हमने तो अपने अल्प ज्ञानानुसार शुद्ध कर सग्रह किया है।

इस ग्रन्थ के कार्य मे हर समय १०८ आचार्य सन्मार्ग दिवाकर विमलसागरजी महाराज का आशीर्वाद रहा है और श्री गणनी १०५ आर्यिका सिद्धान्त विशारद सम्यक ज्ञानशिरोमणि विजय मती माताजी का ग्रन्थ सग्रह मे कार्य पूर्ण सहयोग व दिग्दर्शन रहा है। माताजी को मेरा पूर्ण आशीर्वाद है।

विभिन्न मुद्राओं के नाम व लक्षण के साथ चित्र व २४ यक्ष यक्षणियों के चित्र भी दिये है। चित्रकार श्री गोतम जी गोधा लशकर वालो ने चित्रों का चित्रण करके ग्रन्थ के एक अंग की पूर्ति की है उनको भी हमारा आशीर्वाद है कि उनकी चित्रकला उत्तरोत्तर वृद्धि गत हो और धर्म प्रभावना करे। इस ग्रन्थ की प्रेस कापी करने मे दर्शना कुमारी पाटनी भोपाल, महावीर कुमार, आशा कुमारी जैन दतिया, होरामणी जयपुर ने सहायता की है, उनको भी हमारा आशीर्वाद है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे कार्य रत्त धर्म स्नेही सगीताचार्य श्री शान्ति कुमार जी गगवाल, श्री लल्लू लालजी गोधा, हीरा लाल जी सेठी, मोतीलाल जी हाडा, कपूरचन्द जी पाण्ड्या, सुशीलकुमार गगवाल, प्रदीपकुमार गगवाल श्रीमती कनक प्रभा जी हाडा, श्रीमती मेमदेवी गगवाल, श्री रमेश चन्द जी जैन को हमारा पूर्ण आशीर्वाद है। ऐसा ही धर्म कार्य आप लोग सदैव करते रहे।

१०८ आचार्य गणधर
कुंथुसागर



१०५ आर्यिका विजयमतीजी का ग्रंथ की उपयोगिता के बारे में प्रकाश एवं आशीर्वाद

परम पूज्य समाधि सम्राट १०८ आचार्य श्री महावीर कीर्ति जी महाराज विश्व की अनुपम निधि थे। आपने न केवल जैन जाति, धर्म व सस्कृति का ही रक्षण किया, अपितु विश्व कल्याण लोक हित का भी सम्मान किया। मन्त्र तन्त्र विद्या पर आपका सर्वाधिक अधिपत्य रहा। और उससे लोक हित का कार्य भी किया। उनके शास्त्रो गुटको, डायरियो में य त्र त त्र विखरी मणियो को एक सूत्र मे पिरोकर कण्ठहार वनाने का प्रयत्न प्रस्तुत ग्रन्थ मे किया हैं। मेरे पास स्वय उनके द्वारा कराये गये नोट भी थे। उनको एवं अन्यत्र से भी चुन चुन कर सग्रह किया है। जिससे इस ग्रन्थ का महत्व न केवल व्यावहारिक जीवन मे ही उपयोगी है अपितु आध्यात्मिक जीवन मे भी लाभकारी, सहयोगी होगा। इसके प्रकाशन का कार्य "कुन्थु विजय ग्रन्थ माला" अत्यन्त लगन से कर रही है। श्री शान्ति कुमार जी गगवाल का पूर्ण सहयोग है। उन्ही के पुरुषार्थ और धैर्य से यह कार्य हो रहा है। यह महान गौरव का विपय है। मेरा उन्हे पूर्ण आशिर्वाद है। वे इस कार्य मे सफलता प्राप्त करे और जिनवाणी प्रचार से निर्मल ज्ञानी वनते हुए पूर्ण ज्ञानी वने। अन्य समस्त कार्य कर्त्ताओ को भी ज्ञानावरणी कर्म के क्षयोपशम विशेष की प्राप्ति हो। मिथ्यात्व का नाश और सम्यक्त्व की प्राप्ति इस ग्रन्थ के माध्यम से पाठको को हो, यही मेरी सद्भावना, आशीर्वाद है।

गणनी १०५ आर्यिका

विजयमती

वयोवृद्ध तपस्विनी पूज्य १०५ आर्यिका श्री धर्ममती माताजी

श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथुसागर जी महाराज व श्री गणनी १०५ आर्यिका विजय मती माताजी ने कठोर श्रम कर के जन कल्याणार्थ लघु विधानुवाद ग्रन्थ का संग्रह किया है, जो कि यन्त्र, मन्त्र, तन्त्र विद्या की प्रामाणिक सामग्री लिये हुये प्राचीन अद्भूत अलभ्य यन्त्रों के साथ प्रकाशित किया जा रहा है।

उपरोक्त ग्रन्थराज के लिए मैं आशा करती हूँ कि समाज निश्चित रूप से लाभान्वित होगा। ग्रन्थ प्रकाशन कार्य में संलग्न जयपुर निवासी श्री शान्ति कुमार जी गंगवाल, श्री लल्लूलाल जी जैन, गोधा व इनके सहयोगीगण जो अकथ परिश्रम कर के, लग्न व निष्ठा के साथ इसका प्रकाशन करवा रहे हैं, उन्हें आशीर्वाद देती हूँ कि इनको इस कार्य में पूर्ण सफलता प्राप्त हो।

—आर्यिका धर्ममती

सत्यमेव जयते

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री
भारत
Minister of Petroleum,
Chemicals & Fertilizers
India.
नई दिल्ली-११०००१, ६ फरवरी, १९८१

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री दि० जैन कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति द्वारा गोम्मटेश्वर भगवान बाहुबली, श्रवणबेलगोला सहस्त्राब्दि महामस्तकाभिषेक महोत्सव के पुण्य अवसर पर श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागर जी महाराज द्वारा सग्रहीत लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का प्रथम बार प्रकाशन किया जा रहा है। मै इस ग्रन्थ की सफलता की मंगल कामना करता हू।

—प्रकाश चन्द सेठी

आवरण पृष्ठ का मध्य चित्र परिचय

विक्रम सवत् १३७३ मे आलमशाह अलाउद्दीन देहली नगर में राज्य करता था। अपने धर्म का पक्का था, और अन्य धर्मावलबी लोगो को जबरन मुसलमान बनाता था। एक दिन नगर निवासियो में जो जैनी थे, उनको भी यह हुक्म सुनाया गया कि या तो मुसलमान बन जाओ या अपने किसी धर्म गुरू के द्वारा कोई चमत्कार दिखाओ। सब जैनी इस आपत्ति को देख कर घबराये और बादशाह से छः महीने की मोहलत मागी। बादशाह ने छः महोने की छूट दी, और सब जैन लोग अपने किसी चमत्कार दिखा सकने वाले दिगम्बर गुरू की खोज करने में लग गये। खोजते हुए दक्षिण भारत मे पहुचे। कोल्हापुर (महाराष्ट्र) के निकट आचार्य दि. गुरू **विद्यासागर जी महाराज** तपस्या कर रहे थे। देहली से आने वाले श्रावको ने महाराज के दर्शन किये और उनसे अपने धर्म पर आये संकट को दूर करने की जानकारी दी, तथा उनसे प्रार्थना करके धर्म को वचाने की विनती की। विद्यासागरजी महाराज ने तुरन्त स्वीकृति प्रदान की और तपस्या के लिये ध्यान मे बैठ गये। छ. महीने के समय मे जब सिर्फ तीन दिन बाकी रह गये तो श्रावको ने फिर महाराज से कहा कि वे देहली चलकर विपत्ति से छुटकारा दिलावे। महाराज ने कहा कि घवराइये नही सब अच्छा होगा और सव श्रावको को आज्ञा दो कि आज रात सव लोग यही सो जाऐ। गुरू आज्ञा के अनुसार सब श्रावक वही सो जाते है। रात्रि मे दि. आचार्य **विद्यासागरजी महाराज मन्त्र शक्ति** के प्रयोग द्वारा सोते हुये श्रावको सहित देहली पहुच जाते है। सुबह सव जागते है तो आश्चर्य से देखते है कि यह तो देहली की भूमि है। सब लोग अपने बादशाह को बताते है कि दि जैन धर्म के गुरू आ गये है, वे अपने धर्म का चमत्कार दिखावेगे। बादशाह के खचाखच भरे दरवार में जैन धर्म गुरू पहुचते है। बादशाह अलाउद्दीन का मोलवो बडा मन्त्र वादी था उसने महाराज के कमडल मे मन्त्र प्रभाव से मछलिया कर दी और बादशाह से कहने लगा कि बादशाह ये अहिंसावादी साधु है और अपने कमंडल मे मछलिया रखता है। बादशाह ने महाराज से कमडल दिखाने को कहा। महाराज विद्यासागर जी ने अपने ज्ञान से यह जान लिया कि इस कमडल मे मोलवी ने मछलिया पैदा कर दी है। महाराज ने अपने मन्त्र का प्रयोग किया और कमंडल मे मछलियो के स्थान पर कमल के फूल बना लिये। महाराज बादशाह से कहने लगे कि आपका मोलवी झूंठ बोलता है, मेरे कमडल मे मछलिया नही वरन्, कमल के फूल है। बादशाह ने कहा कि कमंडल उल्टा करके दिखाओ। **विद्यासागर जी महाराज** भरे दरबार मे अपना कमडल उल्टा करके दिखाते है। कमडल मे से कमल के फूल धडाधड जमीन पर गिरने लगते है, सब लोग जैन धर्म के चमत्कार को देखकर आश्चर्य करते है और धर्म की जय जयकार करते है। जैनी लोग महाराज विद्यासागर जी की जय जय कार करते है। बादशाह भी नत मस्तक होता है। धर्म की रक्षा होती है।

महाराज विद्यासागर जो **बड़े मन्त्रवादी थे,** इनकी समाधि अक्कीबाट स्व ग्राम मे हुई थी। अब भी इनके समाधि स्थान पर वडा चमत्कार है।

॥ इति ॥

आचार्य महावीर कीर्ति का जीवन परिचय

समाधि सम्राट श्री १०८ आचार्य महावीर कीर्ति का जन्म वैशाख वदि ६ वि० स० १९६७ मे फिरोजावाद मे हुआ था। पिता का नाम रतनलाल जी माता का नाम बू दादेवी था। आपने २० वर्ष की अवस्था मे पिगासन अजमेर मे श्री १०८ चन्द्रसागर जी से सप्तम प्रतिमा ग्रहण की थी। सम्वत् १९९५ मे मेवाड के टाका टोका स्थान पर आचार्य श्री १०८ वीरसागर जी से क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की थी। ३२ वर्ष की अवस्था मे उदगाव (दक्षिण) मे श्री १०८ आचार्य आदीसागर जी सागली (महाराष्ट्र) के द्वारा नग्न दिगम्वर मुद्रा धारण की थी। अपने दीक्षा गुरु आदीसागर जी के स्वर्गारोहण के पश्चात् शेडवाल (कर्नाटक) मे एक लाख जन समुदाय के उपस्थिति मे आपको आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया था।

आप अनेक विषयो तथा भाषाओ के उच्च कोटि के विद्वान थे। सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी और अग्रेजी भाषाओ के साथ ही गुजराती, कन्नडी, मराठी आदि प्रान्तीय भाषाओ का भी अध्ययन कर १८ भाषाओ के ज्ञाता हो गये थे। आपकी यह विशेषता थी कि जिस प्रदेश मे आपका विहार हो जाता था उसी प्रदेश की भाषा मे प्रवचन होता था।

आचार्य श्री ने जैन धर्म तथा सस्कृति की प्रभावना के लिये प्रायः सम्पूर्ण भारत मे विहार किया था। दक्षिण भारत मे अनेक वर्षों तक विहार करने के बाद उत्तर भारत के मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, बगाल, बिहार आदि अनेक प्रमुख स्थानो में आपका विहार तथा चातुर्मास हुये। आपके चातुर्मास अधिकतर सिद्ध क्षेत्रो, अतिशय क्षेत्रो पर ही होते थे।

विहार के समय आपके ऊपर अनेक घातक हमले हुए। घोर उपसर्ग और शारीरिक पीडा भी कई बार सहन करनी पडी। किन्तु आपने समस्त उपद्रवो को बडी ही शाति और सयम के साथ सहन किया तथा अपने कर्त्तव्य से रचमात्र भी विचलित नही हुए। आप जैसे आचार्य तेजस्वी निर्भीक वक्ता अत्यात्मवेत्ता, मन्त्र, तन्त्र के ज्ञाता आत्मजयी पर दु ख कातर, स्वपर हितकारी, धर्म के प्रति अटूट श्रद्धावान देखने मे कम ही आये हैं। इसी कारण आप अत्यधिक लोक प्रिय हुए। आपके द्वारा १६ मुनि, ६ आर्यिका, ७ क्षुल्लक, ५ क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान की गई। इसके अलावा ८ लोगो को ब्रह्मचारी व ४ को ब्रह्मचारिणी व्रत दिये तथा १ से ७ प्रतिमा तक के अनेक श्रावक श्राविकाओ को व्रती वनाया गया।

आपके प्रमुख शिष्यो मे वर्तमान मे १०८ आचार्य श्री विमल सागर जी, १०८ आचार्य श्री सन्मति सागर जी, १०८ एलाचार्य श्री विद्यानन्द जी, १०८ आचार्य श्री सभव सागर जी, १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागर जी व श्री गणनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न, सिद्धान्त विशारद, विजयमती माताजी शामिल है, जिनके द्वारा सारे देश मे धर्म का प्रचार होते हुए, प्राणी मात्र इन गुरुओ के सानिध्य को पाकर मुक्ति मार्ग पर वढ रहे हैं।



प्रस्तावना

प्रस्तुत ग्रन्थ आचार्य प्रवर समाधि सम्राट, उग्र तपस्वी, मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र क्रिया के पारगामी श्री १०८ महावीर कीर्ति जी महाराज के प्रवर शिष्य तपोनिधि प्रशात मूर्ति आचार्य गणधर श्री १०८ कुन्थुसागर जी महाराज व श्री गणनी, सिद्धान्त विशारद, सम्यक-ज्ञान शिरोमणि विजयमती माता जी ने अपने गुरू वर्य आचार्य श्री महावीर कीर्ति जो एव प्राचीन गुटको मे से वडे परिश्रम से सचित कर लिखा है।

यन्त्र मन्त्र, तन्त्र विद्यानुवाद के अंग है। इनका महत्व आज के भौतिक युग में भी उतना ही है, जितना पूर्व युगो मे रहा है, लेकिन आज कल के युग मे इन महान प्रयोगों के जानकार नही है, और न इनके साधनो की प्रक्रिया से ही परिचित है। इसीलिये न इनके प्रति उनकी आस्था जागृत होती है, और न बिना आस्था व अध्य व्यवसाय के किसी कार्य की सिद्धि होती है। फलस्वरूप अज्ञानता प्रमाद के कारण उन मन्त्र, यन्त्र, तन्त्रों के स्वरूप जो फल स्वछेय सिद्धिया होती थी नही हो पाती है। विषय का ज्ञान नही होने से लोग फिर इन मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र को ही गलत बताने लगते है।

मन्त्रो की साधना के लिए चाहे वह कोई मन्त्र हो, नव प्रकार की शुद्धियाँ आवश्यक है। इसके साथ ही मन्त्र के प्रति साधक की पूर्ण आस्था होना परमावश्क है। इसके बिना साधना की सिद्धि सम्भव नही है। नव शुद्धिया—(१) द्रव्य शुद्धि (२) क्षेत्र शुद्धि (३) काल शुद्धि (४) भाव शुद्धि (५) आसन शुद्धि (६) विनय शुद्धि (७) मन शुद्धि (८) वचन शुद्धि (९) काय शुद्धि होती है। साधक को माला (जो तीन तरह की होती है) कमल जाप्य, हस्तांगुली माला जाप्य, वस्त्र आसन और दिशा बोध भी होना आवश्यक है। किस साधना के लिए कैसे वस्त्र हो, कैसा आसन हो, कैसी मुद्रा हो और किस दिशा की ओर मुख करे, इन सब बातों का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है।

साधक को अपनी शुद्धि करने के लिए सकलीकरण, निर्विध्नता के लिए सरक्षीकरण भी करना पडता है। इसके बिना साधना में अनेक विघ्न आ जाते है, और इससे इष्ट सिद्धि नही हो पाती है। मन्त्रों द्वारा आत्म शान्ती जागृत की जाती है। मन्त्र की व्युत्पत्ति ही ऐसी है, मन्त्र शव्द मन धातु से ष्टन् प्रव्यय लगाने से बनता है। मन्यते आत्म देशोनन्

रति मन्त्र अर्थात् जिससे आत्मा का आदेश जाना जावे उसे मन्त्र कहते है। तन्त्र उन मन्त्रो की प्रक्रिया है और यन्त्रो का आकार अर्थात् मन्त्रो की आकृतिया सम्पूर्ण द्वादशाग जिन-वाणी को सुरक्षित रखने के चार्ट है, जिनके देखने मात्र से तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण ज्ञान हो जाता है। इन यन्त्रो का सीधा सम्बन्ध मन्त्रो और सिद्धियो से है। विधि श्रद्धा और विवेक के साथ इनकी साधना करने मे सिद्धियाँ निश्चित रूप से प्राप्त हो जाती है। सग्राहक आचार्य श्री व माता जी ने इन सब बातो का इस ग्रथ मे सग्रह समन्वित किया है और उन्होने इसे पाच खडो मे विभाजित किया है।

साधको का लक्ष्य मन्त्रो की साधना प्रारम्भ करने से पूर्व, सकलीकरण, सरक्षीकरण और साधना करने की मुद्राये, विधिया, विविध सिद्धियो के लिये मन्त्रो का विधि सहित विवेचन यन्त्रो के आकार, चौबीस भगवान के यक्ष यक्षणियो के (चित्र सहित) वर्णन व आयुर्वेद का विषय विवेचन इन खन्डो मे किया गया है। इस तरह यह ग्रन्थ यन्त्र मन्त्र और तन्त्रो को विशेष विवेचना करने वाला एक महान् और अपूर्व ग्रन्थ (लघु विधानुवाद) बन गया है। इसके सग्रह करने मे पूज्य श्री १०८ आचार्य श्री कुन्थुसागर जी महाराज व श्री १०५ आर्यिका विजयमती माता जी ने अथक श्रम करके लुप्त एव सुप्त विद्या को प्रकाश मे लाये है, उसके लिये सम्पूर्ण मानव समाज आपका उपकृत व आभारी रहेगा और यावच्चन्द्र दिवाकर आपका नाम अमर रहेगा।

इस ग्रन्थ को प्रकाशन कराने मे धर्मोत्साही गुरु भक्त सगीताचार्य श्री शान्तिकुमार जी गगवाल, प्रकाशन सयोजक एव धर्म प्रेमी श्री लल्लूलाल जी जैन गोधा (सम्पादक जयपुर जैन डायरेक्टरी) जो कि इस ग्रन्थ के प्रबन्ध सम्पादक है व इनके सहयोगी कार्यकर्ताओ को मै धन्यवाद दिये बिना नही रह सकता, क्योकि इन्ही लोगो के सहयोग व प्रेरणा से इतना बडा कार्य इतनी जल्दी सम्भव हो सका है। कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति के सभी सदस्यो का मै अभिनन्दन करता हूँ कि जिनके प्रयास से ही समिति का प्रथम प्रकाशन ही इतना प्रभावक प्रकाशित हुआ है कि जिसका प्रकाश देश के सभी क्षेत्रो मे दूर-दूर तक फैलेगा और चिरकाल तक रहेगा।

मुझे प्रकाशन सयोजक श्री शान्तिकुमार जी गगवाल ने बतलाया कि पडित जी ऐसे महान ग्रन्थ के प्रकाशन का कार्य करने की न हम मे शक्ति थी और न क्षमता, मगर फिर भी प्रकाशित हो रहा है, आश्चर्य है ? मैने कहा कि इसमे आश्चर्य की कोई बात नही है, आपको सभी बडे आचार्यो के आशीर्वाद के साथ साथ श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागर जी महाराज व श्री गणनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न सम्यक्ज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद्, विजयमती माता जी का पूर्ण आशीर्वाद है और साथ ही साधुओ के प्रति अटूट भक्ति ही कार्य कर रही है, भक्ति मे अपूर्व शक्ति है।

समाज रत्न पं० राजकुमार शास्त्री,
साहित्य तीर्थ, आयुर्वेदाचार्य
निवाई (टौक) राजस्थान
सचालक—अखिल विश्व जैन मिशन

प्रकाशन संयोजक के

दो शब्द

समाधि सम्राट स्वर्गीय १०८ आचार्य श्री महावीर कीर्त्तिजी महाराज, निमित्त ज्ञान शिरोमणि, १०८ आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज, १०८ आचार्य श्री सन्मति सागरजी महाराज, १०८ आचार्य गणधर श्री कुंथु सागर जी महाराज, श्री गणनी १०५ आर्यिका, विदुषी रत्न सम्यक ज्ञान शिरोमणि सिद्धान्त विशारद विजयमती माताजी व सभी साधुओ के चरण कमलो मे त्रिवार नमोस्तु अर्पित कर ग्रन्थ प्रकाशन के कार्य के बारे मे दो शब्द लिख रहा हू ।

१०८ आचार्य गणधर श्री कुंथुसागर जी महाराज एव १०५ गणनी आर्यिका श्री विजयमती माताजी के मैने प्रथम बार दर्शन, वर्ष १९७२ मे जयपुर में किये थे । उस समय आप श्री संघ सहित जयपुर स्थित राणाजी को नशिया (खानिया) मे पधारे हुए थे। आप श्री की तपोमयी त्याग प्रतिभा से मै बहुत प्रभावित हुआ और मेरे मानस मे यह भावना जाग्रत हुई कि ऐसे गुरुओ का पूरे चातुर्मास मे समागम मिले तो समग्र समाज लाभान्वित हों। जिस मनुष्य की जैसी सच्ची भावना होती है वैसा ही उसे फल मिलता है। कहा भी है "भावना भव नाशिनी", "भावना भव फासनी"। आखिरकार मेरी सच्चो भावना का फल मुझे मिला, और चातुर्मास स्थापना दिवस को मेरी यह भावना पूर्ण हुई, जब महाराजश्री .व माताजी ने राणाजी की नशिया (खानियॉ) मे ही चातुर्मास स्थापित करने की उद्घोषणा की। मेरी भावना की सफलता को पाकर मै खुशी मे फूला नही समाया। महाराज श्री के साथ २२ साधुओ ने चातुर्मास किया था जिसमें ३ मुनि, ५ क्षुल्लक और १४ माताजी थे)।

आप श्री ने जैसे हो चातुर्मास स्थापना की घोषणा की, तत्काल ही वहाँ पर मुनि भक्तो, सुश्रावको और कतिपय युवकों ने सघ के चातुर्मास की व्यवस्थाओ के लिए एक चातुर्मास प्रबन्ध समिति का चयन किया। इस समिति का मत्री पद मुझे दिया गया । मेरे लिये इस पद का भार वहन करना बहुत ही कठिन था, क्योकि मुझे इससे पूर्व मुनि सघ की

व्यवस्थाओ का कोई अनुभव नही था। साथ ही वैक सेवा मे होने से, समय की भी कमी थी। लेकिन महाराज श्री व माताजी के आशीर्वाद व, मार्ग दर्शन व वात्सल्य से, यह चातुर्मास कई विशेष कार्यक्रमो के साथ वहुत ही व्यवस्थित ढग से अत्यन्त आनन्द के साथ सम्पन्न हुआ, जिसे आज भी जयपुर निवासी याद करते रहते है।

चातुर्मास के वीच ही जयपुर स्थित महावीर पार्क मे ३ पार जन समूह के वीच १० अक्टूवर १९७२ को वडा वाठेडा (उदयपुर) निवासी ब्रह्मचारीजी श्री भमकलालजी की दीक्षा, आप श्री के कर कमलो से सम्पन्न हुई। दीक्षा के पश्चात् उन्हे १०५ क्षुल्लक श्री आदी सागरजी के नाम से सम्वोधित किया। वास्तव मे यह आप श्री व माताजी श्री के तप का ही प्रभाव था। यह इस चातुर्मास की सवसे उल्लेखनीय घटना थी। इस समय आपने सभी को वीतराग मार्ग पर वढने की प्रेरणा दी। आप श्री के कर कमलो द्वारा जयपुर से विहार के रोज गणनी १०५ आर्यिका विजयमती माताजी द्वारा लिखित समाधि सम्राट १०८ आचार्य महावीर कीर्तिजी के पावन जीवन चरित्र की पुस्तक का विमोचन समारोह भी हुआ।

धीरे-धीरे चातुर्मास का समय व्यतीत हो गया और आप श्री ने तीर्थराज सम्मेद शिखर की ओर विहार करने की घोषणा कर दी। जयपुर से विहार करते समय १९ नवम्बर १९७२ को महाराज श्री व माताजी ने मुझे आशीर्वाद प्रदान किया, और कहा कि आपने चातुर्मास के दौरान चतुर विध सघ की जो तन, मन, धन से सेवा की है। ऐसी सेवा मुनि सघो की आप सदैव करते रहे। देव–शास्त्र–गुरु की सेवा करके भक्ति का सदैव लाभ लेते रहे। महाराज व माताजी के श्री मुख से यह सुनकर मै धन्य हो गया। मेरा हृदय गद्‌गद् हो गया और खुशी से आखो से अश्रु धारा वहने लग गई। महाराज श्री व माताजी सघ सहित जयपुर निवासियो को भक्ति का मार्ग वतलाकर प्रस्थान कर गये। इस दुखद वियोग से मेरे मन मे ह रहकर प्रश्न उत्पन्न हो रहे थे कि न मालूम इन गुरुओ के चरणो के दर्शन करने का सौभाग्य फिर कव प्राप्त होगा। लेकिन महाराज श्री व माताजी का विशेष वात्सल्य व आशीर्वाद मुझे हमेशा मिलता रहा। आपके चातुर्मासो के दौरान मुझे विभिन्न स्थानो पर जाने का मौका मिला। इनमे तीर्थराज श्री सम्मेद शिखर जी, श्री सिद्ध क्षेत्र सोना गिरिजी, आरा (विहार) शाहगढ मध्यप्रदेश) शामिल है। आप श्री व माताजी के साथ तीर्थराज सम्मेद शिखरजी व सिद्ध क्षेत्र सोनागिरि जी की वन्दना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आपके चातुर्मासो के समय विभिन्न स्थानो पर भक्ति सगीत के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्र पर भक्ति सगीत का कार्यक्रम सुनकर महाराज श्री व माताजी ने मुझे सगीताचार्य व वहिन श्रीमती कनकप्रभा जी हाडा को आध्यात्मिक सगीत विदुषी का पद प्रदान किया। इन कार्यक्रमो मे जैन सगीत कोकिला रानी, एव आध्यात्मिक सगीत विदुषी श्रीमती कनक प्रभा जी हाडा व आदरणीय श्री मोतीलाल जी हाडा का विशेष सहयोग मिला है। श्री मोतीलालजी हाडा व वहिन श्रीमती कनक प्रभाजी हाडा भी महाराज श्री व माताजी के श्रद्धालु भक्त हैं। इस सहयोग के लिये मैं आपका विशेष आभारी हूँ और आशा करता हूँ कि आपका यह सहयोग हमेशा मिलता रहेगा।

अभी हाल ही में गत चातुर्मास में हम लोग महाराज श्री व माताजी के दर्शनार्थ अकलूज जिला शोलापुर (महाराष्ट्र) गये थे। महाराज श्री ने व माताजी ने वातचीत के दौरान मुझे यह आज्ञा प्रदान की, कि हमने सोनागिरि जी सिद्ध क्षेत्र पर "लघु विद्यानुवाद" का संग्रह किया है। यह ग्रन्थ यन्त्र मन्त्र पर प्रमाणिक सामग्री लिये हुए है। आप इस ग्रन्थ की प्रेस कापी को जयपुर ले जाये और इसे भगवान बाहुवली महा मस्तक-भिषेक के पावन महोत्सव के अवसर पर प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करो। साथ ही इस कार्य की सफलता के लिये महाराज श्री व माताजी ने आशीर्वाद भी प्रदान किया।

मैंने ग्रथ प्रकाशन कराने के कार्य को स्वीकार करते हुए महाराज श्री व माताजी से यह निवेदन किया कि यह कार्य मेरे लिये बहुत कठिन है। मैं इसे कैसे कर पाऊगा। तव महाराज श्री ने प्रसन्न मुद्रा मे कहा, हम क्या कर सकते है, इसके प्रकाशन कराने का श्रेय आपको ही मिलने वाला है।

महाराज श्री व माताजी के सानिध्य मे भक्ति का लाभ लेकर हम लोग वाहुवली यात्रा करते हुए २-११-८० को जयपुर आने के पश्चात् इसका प्रकाशन कराने के कार्य को प्रारम्भ किया। महाराज श्री व माताजी द्वारा संग्रहित इस ग्रन्थ की प्रेस कापी मैंने १३ नवम्वर १९८० को श्री लल्लूलाल जी जैन (गोधा) सम्पादक जयपुर जैन डायरेक्टरी को दिखाकर विचार विमर्श किया। श्री गोधा ने जयपुर जैन डायरेक्टरी का प्रकाशन भगवान महावीर के २५०० वे निर्वाण महोत्सव के अवसर पर किया था। उस समय श्री गोधा जी द्वारा सम्पादित व प्रकाशित इस डायरेक्टरी की सर्वत्र प्रशंसा व सराहना हुई थी।

श्री गोधा जी भी महाराज श्री व माताजी से प्रभावित थे। आप महाराज श्री व माताजी द्वारा सग्रहित प्रेस कापी को देखकर अत्यधिक प्रभावित हुए और मुझे इस ग्रन्थ को शीघ्र प्रकाशन मे पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया और साथ ही मेरे अनुरोध पर ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे प्रवन्ध सम्पादक का पद भी स्वीकार किया।

श्री गोधा का महाराज श्री व माताजी से सर्वप्रथम सम्पर्क जयपुर स्थित राणाजी की नशिया (खानिया) जयपुर मे १८ जून १९७२ को हुआ था। आप महाराज श्री व माताजी को संघ सहित जयसिहपुरा खोर (कानी खोह) भी ले गये थे। महाराज श्री व माताजी ने आहार, सामायिक, प्रवचन आदि के पश्चात् श्री गोधाजी को साहित्यिक एव धार्मिक क्षेत्र मे आगे आने की प्रेरणा दी थी।

आप श्री के आशीर्वाद से कुछ माह पश्चात् ही श्री गोधाजी ने दिगम्वर जैन मन्दिर जयसिहपुरा खोर का सम्पूर्ण जीर्णोद्धार करवाया। साहित्यिक क्षेत्र में जयपुर जैन डायरेक्टरी जैसे एकमात्र संदर्भ ग्रथ जो कि जयपुर जैन समाज के इतिहास में प्रथम वार प्रकाशित हुआ है उसे प्रकाशन एवं सम्पादन जैसे दुरह कार्य को सम्पन्न कर अपनी कार्यकुशलता, कार्यक्षमता एवं प्रतिभा का परिचय दिया है। यह सव महाराज श्री व माताजी के आशीर्वाद का ही फल

है। इसके अतिरिक्त भारतवर्ष के दिगम्बर जैन धार्मिक तीर्थ स्थलो का सडक व रेलमार्गो से किलोमीटर की दूरी सहित मार्गदर्शन (नक्शे) पृथक्-पृथक् बनाकर जैन समाज के लिये सराहनीय कार्य किया है। वैसे भी श्री गोधाजी जयपुर जैन समाज मे धार्मिक एव सामाजिक कर्मठ युवक कार्यकर्त्ताओ मे से एक है।

मै श्री गोधाजी का अत्यन्त आभारी हू कि जिन्होने व्यस्त कार्यक्रमो मे से समय निकाल कर ग्र थ प्रकाशन कार्य मे रुचि लेकर सहयोग प्रदान किया है।

मै १०५ क्षुल्लक श्री सिद्ध सागरजी महाराज, मोजमाबाद का भी बडा आभारी हू कि वृद्धा अवस्था मे भी आपने अमूल्य समय मे से समय निकालकर ग्रथ का अवलोकन करके समय समय पर मुझे मार्ग दर्शन दिया।

श्री हीरालालजी सेठी को भी धन्यवाद देता हू कि आपके अमूल्य समय मे से समय निकालकर ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे सहयोग दिया है। श्री सेठीजी महाराज व माताजी के श्रद्धालु भक्तो मे से है। आपकी धार्मिक प्रवृत्ति होने से आप मुनि सघो के कार्यों मे रुचि लेकर कार्य सम्पन्न कराने मे सहयोग देते रहते है। महाराज श्री के जयपुर चातुर्मास के समय आप चातुर्मास प्रबन्ध समिति मे व्यवस्थापक के पद पर कार्य करके मुझे काफी सहयोग दिया था। निर्वाण वर्ष मे २४ तीर्थ करो की जन्म जयन्तिया मनाने मे भी आपने मेरे साथ कार्य करके अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया था।

श्री कपूरचन्द जी पाण्डया (सचालक एव सस्थापक) श्री पूजा प्रचारक समिति जयपुर को भी धन्यवाद देता हू कि जिन्होने अपने अमूल्य समय मे से समय निकालकर ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे सहयोग दिया है।

श्री सुशील कुमार गगवाल (बी काम) द्वारा की गई सेवाओ को भी मै नही भूला सकता कि जिन्होने कार्यालय मे अत्यधिक व्यस्त होने के बावजूद भी कठोर परिश्रम करके अपने कर्त्तव्य को निभाया है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे हमारे आर्टिस्ट श्री पुरुषोत्तमजी शर्मा को धन्यवाद देता हू कि जिन्होने अपनी कला से महाराज श्री व माताजी के चित्रो के बनाने के अलावा ग्रथ राज छपे सभी यन्त्रो को बनाने मे प्राथमिकता देकर ब्लाक बनाने योग्य बनाकर सहयोग प्रदान किया है।

श्री पुरुषोत्तमदासजी, अमोलकदासजी कोटावाला, जो कि मैसर्स राजस्थान प्रिन्टिग वर्क्स के मालिक है अत्यन्त आभारी हू कि जिन्होने प्रदेश मे बिजली सकट की घडी मे भी ग्रथ को छापने का कार्य समय पर करवाकर कार्य कुशलता का परिचय दिया है। साथ ही प्रेस के व्यवस्थापक, कम्पोजिटर्स, मशीनमेनो के सहयोग को भी कदापि नही भुलाया जा सकता, जिन्होने आस्था के साथ ग्र थ को पूर्ण करने मे दिन रात एक कर दिया।

मै श्री कन्हैयालालजी काला, श्री धनुपकरजी, श्री मोतीलाल जी हाडा, बहिन श्रीमती कनक प्रभाजी हाडा, श्री रमेशचन्दजी जैन, श्री सतीशकुमार गगवाल, श्री पारसलाल जी पाटनी,

श्री बाबूलालजी गगवाल, श्री हरकचन्दजी गगवाल का भी आभारी हूं कि जिन्होने ग्रथ प्रकाशन के कार्य मे रुचि लेकर समम २ पर मेरा साथ दिया है। ग्रन्य जिन २ महानुभावो न सहयोग दिया है, उन सभी को धन्यवाद देता हूं।

मै पण्डित राजकुमारजी शास्त्री सिवाई वालो का ग्राभारी हूं जिन्होने ग्रन्थ राज की प्रस्तावना लिखने की कृपा की है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे मेरी धर्म पत्नि श्रीमती मेमदेवी गगवाल व सुपुत्र प्रदीप कुमार गगवाल का भी बडा आभारी हूँ कि मुझे गृह कार्य से मुक्त रख कर तथा समय २ पर प्रेस कापी तैयार करने मे व अन्य सभी कार्यो मे सहयोग दिया है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे सभी दातारो को भी मै अपनी ओर से 'कुन्थु विजय ग्रथ माला' समिति की ओर से धन्यवाद देता हू और आशा करता हू कि समिति के भविष्य मे भी इस प्रकार के प्रकाशनो के लिये आप लोगो का सहयोग मिलता रहेगा।

ग्रन्थ राज के प्रकाशन मे सभी कार्यो को बहुत ही सावधानी पूर्वक देखा गया है ताकि ग्रन्थ राज ग्रपने आप में उपयोगी साबित हो सके। इसकी भाषा प्राचीन गुटकों से सकलित की हुई है और वैसी ही प्रकाशित कराई गई है।

अन्त मे आचार्य श्री व माताजी के कर कमलो में यह ग्रन्थ समर्पित करते हुये मै आज अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हू, कि आपकी आज्ञानुसार मैने इस कार्य को करके सफलता प्राप्त की है। मेरे लिये यह कार्य बहुत ही मुश्किल था, लेकिन आप श्री व माताजी के आशीर्वाद से अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार सभी कार्य सुन्दर से सुन्दर कराने का प्रयास किया है। इस तरह के कार्य का मेरा यह प्रथम प्रयास है। अतः इसमे कमियाँ रहना स्वाभाविक है। इसके लिये मै आपसे कर बद्ध क्षमा चाहता हू। आशा है आप क्षमा करेगे और भविष्य मे इस प्रकार के कार्य मे पूर्ण सफलता प्राप्त हो, इसके लिये आशीर्वाद प्रदान करेगे।

साधु वर्ग, विद्ववत जन, पाठकगण जो भी इसमे त्रुटियाँ रही हो, कृपया सग्रह कर्त्ता को सूचित कराने का कष्ट करे। जिससे आगामी प्रकाशन मे उनको दूर किया जा सके।

मै आचार्य श्री १०८ विमलसागर जी महाराज, उपाध्याय मुनि श्री १०८ भरतसागर जी महाराज, १०५ क्षुल्लक श्री सिद्ध सागर जी महाराज का भी बहुत २ आभारी हूँ कि जिन्होने ग्रन्थ राज की उपयोगिता व कार्य की सफलता के लिए प्रकाशनार्थ दो शब्द लिखकर भिजवाने का कष्ट किया है।

श्री रघुकुलजी तिलक, राज्यपाल राजस्थान सरकार का भी आभार मानता हूँ कि जिन्होने ग्रन्थ की उपयोगिता के बारे मे प्रकाशनार्थ अपना शुभ सदेश भिजवाया है।

पुनः नमोस्तु,
एवं आशीर्वाद की भावना के साथ
गुरु भक्त, सगीताचार्य
शान्तिकुमार गंगवाल, बी. काम
जयपुर (राजस्थान)

प्रबन्ध सम्पादक के दो शब्द

श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी व श्री १०५ गणिनि आर्यिका श्री विजयमती माताजी द्वारा सग्रहित 'लघु विद्यानुवाद' ग्रन्थ को मुद्रित करवाने के लिए सलाह करने हेतु श्री शान्तिकुमारजी गंगवाल मुझसे १३ नवम्बर १९८० को मिले । विचार विमर्श के दौरान इस ग्रन्थ को शीघ्र सुन्दर मुद्रित कराने हेतु प्रबन्ध सम्पादक के रूप मे दायित्व वहन करने का प्रस्ताव मेरे समक्ष रखा । ग्रन्थ का अवलोकन करने पर मुझे बडा आश्चर्य हुआ, क्योकि मैने इस प्रकार का ग्रथ पहिले कभी नही देखा था । यह कार्य काफी कठिन था कि इसको अल्प समय मे छपवाकर भगवान बाहुबली महामस्तकाभिषेक महोत्सव के पुण्य अवसर पर प्रकाशित करके महाराज श्री की भावना को मूर्तरूप दिया जा सके । यह ग्रन्थ उन महाराज श्री व माताजी द्वारा सग्रहित था, जिनसे कि मैं भी परिचित था, व उनके सम्पर्क मे आने का मुझे भी सौभाग्य मिल चुका था । ग्रन्थ देखकर मै बडा प्रभावित हुआ तथा मैने मेरे सारे व्यस्त कार्यक्रमो को छोडकर ग्रन्थ छपवाने का आश्वासन श्री गगवाल जी को देकर कार्य को शीघ्र कराने मे जुट गया ।

इस ग्रन्थ के मुद्रित कराने से पूर्व मैने भगवान महावीर के २५०० वे निर्वाण महोत्सव के अवसर पर जयपुर जैन डायरेक्टरी का सम्पादन कर प्रकाशित किया था, जो कि जयपुर जैन समाज के इतिहास मे मेरा प्रथम प्रयास था ।

ग्रन्थ मे सकलित सामग्री मेरे सामान्य ज्ञान की परिधि से बाहर है, तथा मै इस सामग्री के बारे मे बिल्कुल अनभिज्ञ था, लेकिन महाराज श्री के आदेशानुसार गगवाल जी को मैंने भी इस कार्य मे सहयोग देने का आश्वासन देकर प्रबन्ध सम्पादक के पद को स्वीकार करते हुये ग्रन्थ को प्रकाशन करने मे समय लगाया ।

ग्रन्थ के मुद्रण मे कई त्रुटियो का रहना स्वाभाविक है, और त्रुटिया रही भी होगी, वे सब मेरी अल्प बुद्धि के कारण है, अत साधु वर्ग, विद्वतजन, पाठकगण से क्षमा चाहता हू ।

वसन्तपचमी, दिनाक ९-२-१९८१
माघ शुक्ल, ५ वि स. २०३७
जयपुर

लल्लूलाल जैन गोधा
सम्पादक,
जयपुर जैन डायरेक्टरी

जिनके प्रयत्नों से यह ग्रन्थ मुद्रित हो सका—

श्री शान्ति कुमार गंगवाल
प्रकाशन सयोजक



श्री लल्लूलाल जैन, गोधा
प्रबन्ध सम्पादक



श्री मोतीलाल हाडा



श्री सुशील कुमार गंगवाल



←श्री कपूरचन्द पांडया

श्री हीरालाल सेठी→

←श्री रमेशचन्द जैन

←श्रीमती कनक प्रभा हाडा

श्रीमती मेमदेवी गंगवाल→

लघु विद्यानुवाद

प्रथम खंड

इस खण्ड में (पृष्ठ १ से २४ तक)

- मगला चरण
  मन्त्र साधन करने वाले के लक्षण १
- अथ सकलीकरणम् २
- मन्त्र साधन की विधि, मन्त्र जाप करने की विधि का कोष्टक ६
- अंगुलियो के नाम ८
- आसन विधान ११
- अगुली विधान, माला विधान १२
- मन्त्र शास्त्र मे अकडम चक्र का प्रयोग १३
- अकडम चक्र १४
- मन्त्र साधन मुहूर्त्त का कोष्टक, मन्त्र साधन होगा या नही, उसको देखने की विधि, मन्त्र जपने के लिए आसन १५
- मन्त्र शास्त्र में मुद्राओ की विधि १६
- मन्त्र जाप के लिये विभिन्न मुद्राओ के २१ चित्र १९
- मन्त्र जाप के लिये मंडलो का ध्यान, मंडलो का नक्शा २४

ग्रन्थ--प्रशस्ति

आचार्य श्री शत-अठ "महावीर कीरति" हुये महान् ।
परम्परा में 'विमल' गुरु है, जैन जगत की शान ।।
इनके महा तपस्वी शिष्य है, आचार्य मुनि श्री कुन्थु ।
कठिन साधना से जिनकी, प्रस्तुत यह अद्भुत ग्रन्थ ।।
श्रेष्ठ तपस्विनी माताजी श्री विजय मतीजी साथ ।
ग्रन्थराज की तैयारी में, धन्य बटाया हाथ ।।
सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी पर यह, सिद्ध हुआ है काज ।
गुरु बाहुबल से बाहूबली को है अर्पित आज ।।
लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का नाम दिया है सुन्दर ।
अद्भुत ग्रन्थ बना गुणकारी, उपकारी और हितकर ।।
गोधा लल्लूलाल और श्री शान्तिकुमार गंगवाल ।
संपादन, संयोजन कीना, धन्य है दोनों लाल ।।
यन्त्र मन्त्र और तंत्र है विद्या क्या, और क्या उपयोग ।
ग्रन्थ में इस पर सुन्दर चित्रण, पढ़े कटे सब रोग ।।
और भी उपयोगी सामग्री, चित्र, भरे हैं इसमें ।
जीवन सुन्दर जीने का है, 'राज' भरा है जिनमें ।।
सम्वत् दो हजार सैंतीस में, फागुन माह महान् ।
अभिषेक बाहुबली महा मस्तक का, सुन्दर अवसर जान ।।
कर्नाटक की धन्य धरा पर, लाखों लोग है आये ।
इस अवसर पर ग्रन्थ राज को गुरु जग सम्मुख लाये ।।

रचयिता - (राजमल जैन, जयपुर)

卐 मंगला चरण 卐

वृषभादि जिनान् वन्दे, भव्य पंकज प्रफुल्लकान् ।
गौतमादिगणाधीशान्, मोक्ष लक्ष्मी निकेतनान् ।। १ ।।
वन्दित्वा कुंदकुंदादीन्, महावीर कीर्ति तथा ।
लघुविद्यां प्रवक्षामि पूर्वाचार्या नुरूपतः ।। २ ।।

लघुविद्यानुवाद

अर्थ . मोक्ष लक्ष्मी के घर है ऐसे प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से लगाकर अन्तिम तीर्थकर महावीर स्वामी पर्यत चतुर्विशति तीर्थकर प्रभु को नमस्कार करता हूँ ।

भव्य रूपी कमलो को प्रफुल्लित करने वाले, गौतमादि गण नायको को नमस्कार करता हूँ । आचार्य परम्परा मे आने वाले कुन्दकुन्दादिक आचार्य देव है, उनको नमस्कार करता हूँ और मेरे गुरुदेव श्री महावीर कीर्ति जी महाराज है उनको नमस्कार करके लघु-विद्यानुवाद को कहूँगा, जो पूर्वाचार्यो के द्वारा कहा गया है ।

मन्त्र साधन करने वाले के लक्षण

निर्जित मदनाटोपः प्रशमित कोपो विमुक्त विकथालापः ।
देव्यर्चनानुरक्तो जिनपद भक्तौ भवेन्मंत्री ।।

जिसने कामदेव को जीता है, और जिनके क्रोधादि कषाये शान्त है, जो विकथाओं से दूर रहने वाला है, देवियों की पूजा करने मे जिसका चित्त अनुरक्त है, और जिनेन्द्र प्रभु के चरण कमलो की भक्ति करने वाला है, वह मन्त्री हो सकता है याने मन्त्र साधन करने वाला हो सकता है ।

मंत्राराधन शूरः पाप विदूरो गुणेन गम्भीरः ।
मौनी महाभिमानी मन्त्री स्यानीदृशः पुरुषः ।।

जो मन्त्राराधना करने मे शूरवीर है, पाप क्रियाओं से दूर रहने वाला है, गुणों मे गम्भीर है, मौनी है, महान् स्वाभिमानी है, ऐसा पुरुष ही मन्त्रवादि हो सकता है ।

गुरुजन हितोपदेशो गततन्द्रो निद्रयापरित्यक्ताः ।
परिमित भोजनशीलः स स्यादाराधको मंत्राः ।।

जिसने गुरुजनो से उपदेश को प्राप्त किया है, तन्द्रा जिसकी खत्म हो चुको है और जिसने निद्रा लेना छोड दिया है, जो परिमित भोजन करने वाला है, वही मन्त्रो का आराधक हो सकता है ।

निर्जित विषय कषायोधर्मामृत जनित हर्षगत कायः ।
गुरुतर गुण सम्पूर्णः समवेदाराधको देव्याः (मन्त्राः) ।।

जिसने सम्पूर्ण विषय कषायो को जीत लिया है, धर्मामृत का सेवन करने से जिमको काय हर्षयुक्त है, उत्तस गुणो से सयुक्त है, ऐसा पुरुष ही मन्त्राराधना कर सकता है ।

शुचिः प्रसन्नोगुरुदेव भक्तो दृढ़ व्रतः सत्य दया समेतः ।
दक्षः पटुर्बीज पदावधारी मन्त्री भवेदीदृश एवलोके ।।
एते गुणायस्य न सन्ति पुंसः क्वचित् कदाचिन्न भवेत् स मन्त्री ।
करोति चेद्दर्प वशात् स जाप्यं प्राप्नोत्यनर्थंफणिशेखरायाः ।।

जिसका वाह्य और अभ्यन्तर से चित्त शुद्ध है, प्रसन्न है, देव शास्त्र गुरु का भक्त है, व्रतो को दृढता से पालन करने वाला है, सत्य बोलने वाला है, दया से युक्त है, चतुर है, मन्त्रों के वीज रूप पदो को धारण करने वाला है ऐसा व्यक्ति ही लोक मे मन्त्राराधना कर सकता है।

उपरोक्त गुणो से जो पुरुष युक्त नही है, वह मन्त्र साधन का अधिकारी किसी भी हालत मे नही होता है । अगर अभिमान से सयुक्त होकर मन्त्र साधना कोई करता है तो वह मन्त्रो के अधिष्ठाता देवो के द्वारा अनर्थ को प्राप्त होता है । ऐसी श्री मल्लिषेणाचार्य की आज्ञा है ।

अथ सकलीकरणम्

दृष्टे मृष्टे भुवि न्यस्ते, सन्निविष्टः सु विष्टरे ।
समीपस्थापना द्रव्यो, मौनमार्कामिकं दधे ।।

ॐ क्ष्वी भू शुद्धयतु स्वाहा । ॐ ह्री अर्हं क्ष्म ठ आसन निक्षिपामि स्वाहा । ॐ ह्री ह्यु ह्यू णिसिहि णिसिहि आसने उपविशामि स्वाहा । ॐ ह्री मौन स्थिताय मौनव्रत गृण्हामि स्वाहा ।

शोधये सर्वपात्राणि, पूजार्थानपि वारिभिः ।
समाहितो यथाम्नायं, करोमि सकलीक्रियाम् ।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतर जलेन पात्रशुद्धिं करोमि स्वाहा ।

इस मन्त्र से हाथ मे पानी लेकर सर्व पूजा के बर्तनो की शुद्धि करे, पश्चात्

ओ३म् ह्रीं अर्हं झ्रौं झ्रौं वं मं हं सं तं पं ह्वीं क्ष्वीं हं सः अ सि आ उ सा समस्त तीर्थ जलेन शुद्ध पात्रे निक्षिप्त पूजाद्रव्याणि शोधयामि स्वाहा ।

सर्व पूजा द्रव्यो का शोधन करे। पश्चात्—

मैं अग्नि मण्डल मे पर्यङ्कासन से बैठा हुआ हूँ और मेरे चारो ओर हवा से प्रज्वलित अग्नि से यह सप्त धातुमय शरीर जल रहा है, ऐसा चितवन करे। पश्चात्—

ॐ ॐ ॐ रं रं रं झ्रौं झ्रौं झ्रौं अ सि आ उ सा दर्भासने उपवेशनं करोमि स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ कर दर्भ के आसन पर बैठे। पश्चात्—

ॐ ह्रीं ओं क्रों दर्भैराच्छादनं करोमि स्वाहा ।

ॐ ह्रीं अर्हं भगवतो जिनभास्करस्य बोधसहस्त्र किरणैर्ममनोकर्मेंधनद्रव्यं शोषयामि धे धे स्वाहा । नोकर्म शोषणम् ।

यह पढ कर ऐसी विचार करे कि मेरे कर्म शोषण हो रहे है। पश्चात्—

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः ॐ ॐ ॐ रं रं र ह्रल्व्र्यूं ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल संदह संदह कर्ममलंदह दह दुखं पच पच पापं हन हन ह्रूं फट् घे घे स्वाहा । इति कर्म दहन ध्यानम् ।

इस को पढ कर विचार करे कि हमारे सर्व कर्म जल गये है।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री जिनप्रभंजन मम कर्मभस्म विधूननं कुरु कुरु स्वाहा ।

इस मन्त्र को पढ कर यिचार करे कि कर्म जल कर उनकी राख उड़ गई है। इति भस्मापसरणम् ।

ॐ पंच ब्रह्ममुद्राग्रन्यस्तगुर्वमृताक्षरैः ।।
क्षरत्सुधौघैः सिंचामि सुधा मंत्रेण मूर्धनि ।।

अब यहाँ पर पच गुरु मुद्रा बनाकर और उसको मस्तक पर उल्टा रखकर अमृत बीज मत्र से अपनी शुद्धि करे। निम्नलिखित अमृत मंत्र से हाथ मे लिये हुए जल को मत्रित कर अपने शिर पर डाले—

ॐ अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृत स्रावय स्रावय स स क्ली क्ली ब्लूं ब्लूं द्रा द्रां द्री द्री द्रावय द्रावय हं झ ह्वीं क्ष्वीं ह सः अ सि आ उ सा मम सर्वाङ्ग शुद्धि कुरु कुरु स्वाहा । इति अमृत प्लावनम् ।

शून्याक्षरादि गुरु पंच पदान्कनीय ।
स्याद्यंगुली त्रितयपर्वसु चाग्र भागे ।।
अंगुष्ठ तर्जनीकया क्रमशः कराभ्याम् ।
विन्यस्य हस्तयुगलं मुकुली करोमि ।।

यहाँ पर दोनो हाथो को मिलाकर मुकुलित करे अर्थात् हाथ जोडे और हाथ जोडे जोड़े ही निम्नलिखित मत्र के अनुसार अङ्गन्यास (अङ्ग रक्षण) करे अर्थात् जिस स्थान का नाम आया है उस स्थान का स्पर्श करे ।

ॐ ह्रां णमो अरहंताण स्वाहा । ॐ ह्री णमो सिद्धाण स्वाहा ।
ॐ ह्रूं णमो आयरियाण स्वाहा । ॐ ह्रौ णमो उवज्झायाण स्वाहा ।
ॐ ह्र. णमो लोए सव्व साहूण स्वाहा । (करन्यास मत्र)
ॐ ह्रां ह्री ह्रूं ह्रौ ह्रः व म ह स तं पं अ सि आ उ सा स्वाहा ।
(हस्त द्वय मुकुलीकरण मत्र)

अर्हं नाथस्य मंत्र हृदय सर सिजे सिद्ध मंत्रं ललाटे ।
प्राच्यामाचार्य मंत्रं पुनर्वटुवटे पाठकाचार्य मंत्रं ।।
वामे साधो स्तुतिं मे शिरसि पुनरिमानं स योनीभिदेशे ।
पार्श्वाभ्यां पंच शून्यैः सह कवच शिरोऽङ्गन्यास रक्षा करोमि ।।

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं रक्ष रक्ष स्वाहा । (हृदय कवचं)
ॐ ह्री णमो सिद्धाण रक्ष रक्ष स्वाहा । (मुखम)
ॐ ह्रूं णमो आइरियाण रक्ष रक्ष स्वाहा । (दक्षिणाग)
ॐ ह्रौ णमो उवज्झायाणं रक्ष रक्ष स्वाहा । (पृष्ठागम्)
ॐ ह्रः णमो लोए सव्व साहूण रक्ष रक्ष स्वाहा । (वामाग)
ॐ ह्रां णमो अरहताण रक्ष रक्ष स्वाहा । (ललाट भाग)
ॐ ह्री णमो सिद्धाण रक्ष रक्ष स्वाहा । (उर्ध्वभाग)
ॐ ह्रूं णमो आइरियाण रक्ष रक्ष स्वाहा । (शिरो दक्षिण भागं)
ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाण रक्ष रक्ष स्वाहा । (शिरो अपर भाग)
ॐ ह्र णमो लोए सव्वसाहूण रक्ष रक्ष स्वाहा । (शिरो वाम भागं)
ॐ ह्रां णमो अरहंताण रक्ष रक्ष स्वाहा । (दक्षिण कुक्षं)
ॐ ह्री णमो सिद्धाण रक्ष रक्ष स्वाहा । (वाम कुक्षं)
ॐ ह्रूं णमो आइरियाण रक्ष रक्ष स्वाहा (नाभि प्रदेश)
ॐ ह्रौ णमो उवज्झायाण रक्ष रक्ष स्वाहा (दक्षिण पार्श्व)
ॐ ह्रः णमो लोए सव्व साहूण रक्ष रक्ष स्वाहा (वाम पार्श्व)

इति अङ्गन्यास

विन्यस्य करतर्जन्यां, पंच ब्रह्म पदावलि ।
बध्नाभि स्वात्मरक्षायै, कूट शून्याक्षरैर्दिशः ।।

नीचे लिखे मत्रो से दिशा बंधन करे ।

ॐ क्षा ह्रा पूर्वे । ॐ क्षी ह्री अग्नौ । ॐ क्षी ह्री दक्षिणे । ॐ क्षें ह्रे नैऋते । ॐ क्षै ह्रै पश्चिमे । ॐ क्षो ह्रो वायव्ये । ॐ क्षौं ह्रौं उत्तरे । ॐ क्ष ह्रं ईशाने । ॐ क्षः ह्रः भूतले । ॐ क्षी ह्री उर्द्ध । ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते समस्त दिग्बधन करोमि स्वाहा ।

ऊपर लिखे मत्रो से क्रम क्रम पूर्वक एक-एक दिशा में तर्जनी अगुली घुमावे । तर्जनी अगुली पर अ सि आ उ सा केशर से लिखे, दाएं हाथ की तर्जनी पर लिखना चाहिए ।

ॐ ह्राँ णमो अरहंताणं अर्हद्भ्यो नमः ।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धेभ्यो नमः ।

परमात्म ध्यान मंत्र का यहाँ ध्यान करे ।

जिनेन्द्र पादार्चित सिद्ध शेषण ।
सिद्धार्थ दर्वायव चंदनाक्षतान् ।।
उपासकानामपि मूर्ध्नि निक्षिपन् ।
करोमि रक्षां मम शान्ति का नाम् ।।

ॐ नमोऽर्हते सर्वं रक्ष रक्ष ह्रूँ फट् स्वाहा ।

इस मत्र से पुष्प या पीली सरसों को ७ बार मत्रित करे और सर्व दिशा मे फेके । तथा मत्र बोलते हुए सब दिशाओ में ताली बजावे व तीन बार चुटकी बजावे ।

सिद्धार्थानभिमंत्रितान्सह्य वैरादाय यज्ञ क्षितौ ।
स्वां विद्यामभिरक्षणाय, जगतां शांत्यै सतां श्रेयसे ।।
सर्वासु प्रचुरान् दिशासु, पर विद्याछेदनार्थं ।
किराभ्यर्हत्याग विधि, प्रसिद्ध कलि कुंडाख्येन मंत्रेण च ।।

ॐ ह्री अर्ह श्री कलि कुंड स्वामिन् स्फां स्फी स्फूं स्फें स्फै स्फों स्फं स्फं स्फः हू क्षू फट् इतीन् घातय घातय विघ्नान् स्फोटय् स्फोटय् । पर विद्यां छिन्द छिन्द आत्म विद्यां रक्ष रक्ष ह्रूँ फट् स्वाहा ।

इस मन्त्र से जौ और सरसों मंत्रित कर दाहिनी दिशा में डाले ।

इत्थं सदैव सकलीकरणं यथाव ।
त्स सदैव सकलीकरणं यथाव ।

त्सं भाक्यतिमशेष मलंघ्य शक्तिः ।
भूतो रागादि विष किल्विष दुःख मुग्रं ।
निर्जित्य निश्चय सुखान्यनु भूयतेऽसौ ॥

॥ इति सकलीकरण ॥

मन्त्र साधन की विधि

॥ १ ॥ जो पुरुष मन्त्र साधन के लिए जिस किसी स्थान मे जावे, प्रथम उस क्षेत्र के रक्षक देव से प्रार्थना करे कि मैं इस स्थान मे, इतने काल तक ठहरूँगा, तव तक के लिए आज्ञा प्रदान करो, और किसी प्रकार का उपसर्ग होवे तो निवारियो—क्योकि, हमारे जैन मुनि भी जव कही किसी स्थान मे जाकर ठहरते हैं तो उमके रक्षक देव को कहते हैं कि इतने दिन तक तेरे स्थान मे ठहरेंगे तू क्षमा भाव रखियो। इस वास्ते गृहस्थियो को अवश्य ही उपरोक्तानुसार रक्षक देव से आज्ञा लेनी चाहिये ।

॥ २ ॥ जव मन्त्र साधन करने के वास्ते जावो तब जहाँ तक हो ऐसे स्थान मे मन्त्र सिद्ध करो जहाँ मनुष्यो का गमनागमन न हो जैसे अपने जैन तीर्थ, मागी तुङ्गीजी, सिद्ध वर कूट, रेवा नदी के तट पर या सोनागिरीजी या और जो अपने जैन तीर्थ एकान्त स्थान मे हैं, या वगीचो के मकानो मे, पहाडो मे तथा नदी के किनारे पर या निर्जन स्थान मे, ऐसे स्थानो मे मन्त्र सिद्ध करने को जाना चाहिये। जब उस स्थान मे प्रवेश करो, वहाँ ठहरो तो मन, वचन, काय से उस स्थान का जो रक्षक देव या यक्ष आदि है उसका योग्य विनय मुख से यह उच्चारण करे कि हे इस स्थान के रक्षक देव मैं, अपने इस कार्य की सिद्धि के वास्ते तेरे स्थान मे रहने के लिये आया हूँ तेरी रक्षा का आश्रय लिया है, इतने दिनो तक मैं तेरे स्थान मे रहने के लिये आया हूँ, तेरी रक्षा का आश्रय लिया है, इतने दिनो तक निवास के लिये आज्ञा प्रदान कीजिये । अगर मेरे ऊपर किसी तरह का सकट, उपद्रव या भय आवे तो उसे निवारण कीजिये ।

॥ ३ ॥ जव मन्त्र साधन करने जावो तो एक नौकर साथ ले जाओ, जो रसोई की वस्तु लाकर, रसोई वनाकर तुमको भोजन करा दिया करे। तुम्हारा धोती-दुपट्टा धो दिया करे, जव तुम मन्त्र साधन करने बैठो, तव तुम्हारे सामान की चौकसी रखे ।

॥ ४ ॥ जो मन्त्र साधन करना हो पहले विधि पूर्वक जितना-जितना हर दिन जप सके उतना हर दिन जप कर सवा लाख पूरा कर मन्त्र साधना करे, फिर जहाँ काम पडे उसका जाप जितना कर सके १०८ वार या २१ वार या जैसा मन्त्र मे लिखा हो, उतनी वार जपने से कार्य सिद्ध होवे। मन्त्र शुद्ध अवस्था मे जपे। शुद्ध भोजन खाये। और मन्त्र मे जिस शब्द के दो-दो का अ क हो उस शब्द का दो वार उच्चारण करे।

१	शान्ति कर्म	पौष्टिक कर्म
२	पश्चिम वरुण दिशा	नैऋत्य दिशा
३	अर्द्ध रात्रि	प्रभात काल
४	ज्ञान मुद्रा	ज्ञान मुद्रा
५	पर्यङ्कासन	पंकजासन
६	स्वाहा पल्लव	स्वधापल्लव
७	श्वेत वस्त्र	श्वेत वस्त्र
८	श्वेत पुष्प	श्वेत पुष्प
९	श्वेत वर्ण	श्वेत वर्ण
१०	पूरक योग	पूरक योग
११	दीपन आदि नाम	दीपन आदि नाम
१२	स्फाटिक मणि	मुक्ता मणि
१३	मध्यमाँगुली	मध्यमांगुली
१४	दक्षिण हस्त	दक्षिण हस्त
१५	वाम वायु	वाम वायु
१६	शरद ऋतु	हेमन्त ऋतु
१७	जल मण्डल मध्य	जल मण्डल
१८	अर्द्ध रात्रि	प्रभात काल

नोट .—प्रत्येक दिन मे

[illegible] हो वहां धूप के साथ जपे यानि धूप आगे रखे।

॥ ५ ॥ जब मन्त्र जपने बैठे, पहले रक्षा–मन्त्र सकलीकरण कर अपनी रक्षा कर लिया करे, ताकि कोई उपद्रव अपने जाप्य मे विघ्न न डाल सके। अगर रक्षा–मन्त्र जप कर मन्त्र जपने बैठे तो साँप, बिच्छू, भेडिया, रीछ, शेर, बकरा उसके बदन को न छू सके—दूर ही रुके। मन्त्र पूर्ण होने पर जो देव–देवी साप वगैरह बनकर उसको डराने आवे तो जो रक्षा मन्त्र जप कर जाप करने बैठे उसके अंग को वह छू नही सके—सामने से ही डरा सके। जब मन्त्र पूर्ण होने को आवे तब देव पूर्ण देवी विक्रिया से साँप वगैरह डराने आवे तो डरे नही। चाहे प्राण जावे तो डरे नही तो मन्त्र सिद्ध होय। मनोकामना पूर्ण होय। यदि बिना मन्त्र रक्षा के [रक्षा–मन्त्र के] जपने बैठे तो पागल हो जावे। इस वास्ते पहले रक्षा–मन्त्र जप कर, पश्चात् दूसरा मन्त्र जपना चाहिये।

॥ ६ ॥ मन्त्र जहाँ तक हो सके ग्रीष्म ऋतु मे करना चाहिये ताकि धोती दुपट्टा मे सर्दी न लगे। मन्त्र सिद्ध करने मे धोती दुपट्टा दो ही कपड़े रक्खे। वे कपडे शुद्ध हों, उनको पहने हुये पाखाने नही जावे, खाना नही खावे, पेशाब नही जावे, सोवे नही, जब जप कर चुके तो उन्हे अलग उतार कर रख देवे, दूसरे वस्त्र पहन लिया करे, यह वस्त्र नित्य हर दिन स्नान कर बदन पौछ कर पहना करे। यह वस्त्र सूत के पवित्र वस्तु के हो। ऊन, रेशम वगैरह अपवित्र वस्तु के न हो। स्त्री सेवन न करे। गृह कार्य छोड़कर एकान्त मे मन्त्र जप सिद्ध करे।

॥ ७ ॥ मन्त्र मे जिस रग को माला लिखी हो उसो रग का आसन यानि बिस्तर आदि। धोती दुपट्टा भी उसी रग का हो तो और भी श्रेष्ठ है, यदि माला उसी रग की न होवे तो सूत की माला उस रग की रग लेवे। जब मन्त्र जपने बैठे तो इतनी बातों का ध्यान रखे।

॥ ८ ॥ पहले सब काम ठीक करके मन्त्र जपे।

॥ ९ ॥ आसन सबसे अच्छा डाभ का लिखा है, या सफेद या पीला या लाल—जैसा जिस मन्त्र मे चाहिये वैसा बिछावे।

॥१०॥ ओढने की धोती–दुपट्टा सफेद उम्दा हो या जिस रग का जिस मन्त्र में चाहिये। वैसा हो।

॥११॥ शरीर की शुद्धि करके परिणाम ठीक करके धीरे–धीरे तसल्ली के साथ जाप्य करे, अक्षर शुद्ध पढे।

॥१२॥ मन्त्र पद्मासन मे बैठकर जपे। जिस प्रकार हमारी बैठी हुई प्रतिमाओं का आसन होता है, बाँया हाथ गोद मे रखकर दाहिने हाथ मे जपे। जो मन्त्र बायें हाथ में जपना लिखा हो तो वहाँ दाहिना हाथ (गोद) में रखकर वाये हाथ में जपे।

॥१३॥ जहां स्वाहा लिखा हो वहाँ धूप के साथ जपे यानि धूप आगे रखे।

॥१४॥ जहाँ दीपक लिखा हो, वहाँ घी का दीपक आगे जलाना चाहिये ।

॥१५॥ जिस-जिस अँगुली से जाप्य लिखा हो उसी अँगुली और अँगूठे से जाप्य जपे । अँगुलियो के नाम आगे लिखें हैं—

अँगुलियों के नाम :—

अँगूठे को अँगुष्ठ कहते हैं ।

अँगूठे के साथ की अगुलो को तर्जनी कहते हैं ।

तीसरी वीच की अँगुलो को मध्यमा कहते हैं ।

चौथी यानि मध्यमा के पास की अँगुली को [अँगुष्ठ से चौथी को] अनामिका कहते ।

पाँचवी सबसे छोटी अँगुली को कनिष्ठा कहते हैं ।

अंगुष्ठेन तु मोक्षार्थं धर्मार्थं तर्जनी भवेत् ।
मध्यमा शान्तिकं ज्ञेया सिद्धिला भायऽनामिका ॥१॥

जाप्य विधि मे मोक्ष तथा धर्म के वास्ते अँगुष्ठ के साथ तर्जनी से, शान्ति के लिये मध्यमा तथा सिद्धि के लिये अनामिका अगुली से जाप्य करे ।

कनिष्ठा सर्व सिद्धार्थं एतत् स्याज्जाप्य लक्षणाम् ।
असंख्यातं च यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत् ॥२॥

कनिष्ठा सर्व सिद्धि के वास्ते श्रेष्ठ है, ये जाप के लक्षण जाने बिना मर्यादा किया हुआ सब जाप्य निष्फल होता है अर्थात् किसी मन्त्र का २१ बार जाप्य लिखा है तो वहाँ २१ से कम या अधिक जाप्य नही करना, ऐसा करने से वह निष्फल होता है । मन्त्र सिद्ध नही होता ।

अंगुल्यग्रेण यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलंघने ।
व्यग्रचित्तेन यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत् ॥३॥

अगुली के अग्र भाग से जो जाप किये जाये तथा माला के ऊपर जो तीन दाने मेरू के हैं, उनको उल्लघन करके जो जाप्य किया जाय तथा व्याकुल चित्त से जो जाप्य किया जाय वह सब निष्फल होता है ।

माला सुपंचवर्णानां सुमाना सर्व कार्यदा ।
स्तम्भने दुष्टसंत्रासे जपेत् प्रस्तरकर्कशान् ॥४॥

सब कार्यो में पाँचो वर्णों के फूलो की माला श्रेष्ठ है, परन्तु दुष्टो को डराने मे तथा स्तम्भन करने व कीलने मे कठोर (सख्त) वस्तु के मणियो की माला से जाप्य करे।

धर्मार्थी काममोक्षार्थी जपेद वै पुत्र जोविकाम्। (स्त्रजम्)
शान्तये पुत्र लाभाय जपे दुत्तममालिकाम् ॥५॥

मन्त्र साधन करने वाला धर्म के लिये तथा काय और मोक्ष के लिये तथा शान्ति के लिये और पुत्र प्राप्ति के वास्ते मोती आदि की उत्तम माला से जाप्य करे। शान्ति से यह तात्पर्य है कि जैसे रोगी आदि के लिये रोग की शान्ति करना या दैवी वगैरह किसी का उपद्रव हो उसकी शान्ति करना। अन्य कामो मे नीवापोता की माला से जाप्य करे।

शान्ति अर्द्ध रात्रि वारुणि दिक् ज्ञानमुद्रापंकजासन।
मौक्तिकमालिका स्वच्छे स्वेते फू० चं० क्रां० ॥६॥ स्वरे

शान्ति के प्रयोग मे मन्त्र जाप्य करने वाला आधी रात के समय पश्चिम दिशा की ओर मुख करके ज्ञान-मुद्रा सहित कमला सन युक्त मोतियो की माला से स्वच्छ स्वेत बाएँ योग पूरक च० क्रा० का उच्चारण करता हुआ जाप्य करे।

स्तम्भनं पूर्वाह्ने वज्रासने पूर्वदिक् शंभुमुद्रा।
स्वर्णमणिमालिका पीताम्बर वर्ण ठः ठः ॥७॥

स्तम्भन [रोकना तथा कीलना] के प्रयोग मे पूर्वाह्न अर्थात् दुपहर से पहले काल में वज्रासनयुक्त पूर्व दिशा की तरफ मुख करके स्वर्ण के मणियो की माला से पीले रग के वस्त्र पहने हुये ठः ठ पल्लव उच्चारण करता हुआ जाप्य करे।

शत्रूच्चाटने च रुद्राक्षा विद्वेषारिष्टजंप्नजा।
स्फाटिकी सूत्रजामाला मोक्षार्थानां (र्थीनां) तू निर्मला ॥८॥

दुश्मन का उच्चाटन करने के लिये रुद्राक्ष की माला, वैर मे जिया पोते की माला, मोक्षाभिलाषियो को स्फटिक मणि की तथा सूत्र की माला श्रेष्ठ है।

उच्चाटनं वायव्यदिक् अपराह्नकाल कुक्कुटासन।
प्रवालमालिका धूम्रा च फटित् तर्ज न्यगुष्ठयोगेन ॥९॥

उच्चाटन इसके प्रयोग मे वायव्य कोण [पश्चिम और उत्तर के वीच में] की तरफ मुख करके अपराह्न [दुपहर के बाद] मे कुक्कुटासनयुक्त मूँगे की माला से धुँवे के रग व फट् पल्लव लगाकर अँगूठा और तर्जनी से जाप करे।

वशीकरणे पूर्वाह्ने स्वस्तिकासन उत्तरदिक् कमलमुद्रा।
विद्रुममालिका जपा कुसुम वर्ण वषट् ॥१०॥

वशीकरण अर्थात् वश मे करना [अपने अधीन करना] इसके प्रयोग मे पूर्वाह्न, दोपहर के पहले काल मे स्वस्तिकासन युक्त उत्तर दिशा की तरफ मुख करके कमल मुद्रा सहित मूँगे की माला से जपे। कुसुमवर्ण वषट्पल्लव उच्चारण करता हुआ जाप्य करें।

आसन डाव रक्त वर्ण यन्त्रोद्धार ! रक्त पुष्प वाम हस्तने डाव के आसन पर बैठ कर लाल कपडे सहित यन्त्रोद्धार " .....लाल फूल रखता हुआ वाये हाथ से जाप्य करे।

आकृष्टि पूर्वाह्न दण्डासनं अंकुश मुद्रा दक्षिणदिक्।
प्रवालमाला उदयार्कवर्ण वौषट् स्फुट अंगुष्ठमध्यमाभ्यंतु ॥

आकृष्टि—बुलाना इसके प्रयोग मे पूर्वाह्न (दोपहर से पहले) काल मे दण्डासनयुक्त अंकुश मुद्रा–सहित दक्षिण दिशा की तरफ मुख करके मूँगे की माला से उदयार्कवर्ण ..... वौषट उच्चारण करता हुआ अगूठे और वीच की अंगुली से जाप्य करे।

निषिद्धसन्ध्यासमय भद्र पीठासन ईशानदिक् वज्रमुद्रा।
जीवापोतामालिका धूम्र बहुभ कनिष्ठांगुष्ठयोगेन ॥

निषिद्ध कर्म या मारण कर्म समय मे भद्र पीठासन युक्त ईशान [उत्तर और पूर्व दिशा के वीच] की तरफ मुख करके वज्र–मुद्रा युक्त जीवापोता माला से धूप खेता हुआ या होम करता हुआ अगूठे और कनिष्ठा से जाप करे।

नोट —जो वगैर रक्षा–मन्त्र जप के मन्त्र साधन करते है अक्सर व्यन्तरो से डराये जाकर अधवीच मे मन्त्र साधन छोड देने से पागल हो जाते है इसलिये जब कोई मन्त्र सिद्ध करने बैठे तो मन्त्र जपना आरम्भ करने से पूर्व इनमे से कोई रक्षा–मन्त्र जरूर जप लेना चाहिये। इससे मन्त्र साधन करने मे कोई उपद्रव नही हो सकेगा और कोई व्यन्तर वगैरह रूप बदल कर ध्यान मे विघ्न नही डाल सकेगा। कुण्डली के अन्दर आ नही सकेगा।

इन मन्त्रो का जाप्य भगवान की वेदी के सामने करना चाहिए या देव स्थान मे जाप्य करना चाहिये या घर मे एकान्त स्थान मे जाप्य करे। किन्तु घर मे होम और पुण्याहवाचन करके णमोकार मन्त्र का चित्र और जिनेन्द्र भगवान का चित्र, दीप और धूपदानी समक्ष रख कर, आसन पर बैठकर और शुद्ध वस्त्र पहनकर जाप्य करे। उस स्थान पर बच्चो आदि का उपद्रव या शोर नही होना चाहिए। मन्त्र की जाप्य अत्यन्त शुद्ध, भक्ति के साथ करनी चाहिए। मन्त्र मे किसी प्रकार की आकुलता, चिन्ता, दु ख, शोक आदि भावनाएँ नही रहनी चाहिए। जाप्य करते समय मन को स्थिर रखना चाहिए पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके जाप्य देनी चाहिए। जाप्य मे बैठने से पहले समय की मर्यादा कर लेनी चाहिए। पद्मासन से बैठना चाहिए, मौन रखना चाहिए। जितने दिन जाप्य कर, उतने दिन एकाशन, किसी रस का त्याग, वस्त्र आदि का परिमाण करे। जमीन, चटाई या तख्ते पर सोवे, जाप्य समाप्त होने

तक ब्रह्मचर्य व्रत रखे मन्त्र की जाप्य पुष्प हस्त और मल आदि शुभ नक्षत्रो मे आरम्भ करना चाहिये। सुबह दोपहर और शाम को जाप्य करे। सुबह ५ बजे उठकर स्नानादि से निवृत होकर शुद्ध वस्त्र पहन कर जाप्य दे। श्वेत वस्त्र पहने। यदि घर मे जाप्य करनी हो तो भगवान का दर्शन-पूजन करने के पश्चात् करनी चाहिए। दोपहर को शुद्ध वस्त्र पहनकर तथा सध्या को मन्दिर मे दर्शन करने के पश्चात् शुद्ध वस्त्र पहनकर जाप्य करे।

जाप्य तीन प्रकार का होता है

मानसिक, वाचनिक (उपाशुक) और कायिक।

मानसिक जाप : मन मे मन्त्र का जप करना यह कार्य सिद्धि के लिए होता है।

वाचनिक जाप .—उच्च स्वर मे मन्त्र पढना, यह पुत्र प्राप्ति के लिए होता है।

कायनिक जाप :—बिना बोले मन्त्र पढ़ना, जिसमे होठ हिलते रहे। यह धन प्राप्ति के लिए होता है या किया जाता है।

इन तीनो जाप्यो मे मानसिक जाप्य श्रेष्ठ है जाप उगलियो पर या माला द्वारा करना चाहिये। माला चाहे सूत को हो या स्फटिक, सोना, चाँदी या मोती आदि की हो सकती है।

विश्व शान्ति के लिए आठ करोड़ आठ लाख आठ हजार आठ सौ आठ जाप करे। कम से कम सात लाख जाप करे। यह जाप नियमबद्ध होकर निरन्तर करे, सूतक पातक मे भी छोड नही। विश्व शान्ति जाप के लिए दिनो का प्रमाण कर लेना चाहिए।

पुत्र प्राप्ति, नवग्रह शान्ति, रोग-निवारण आदि कार्यो के लिए एक लाख जाप करे। आत्मिक शान्ति के लिए सदा जाप करे। दिनो का कोई नियम नही है, स्त्रियो को रजस्वला होने पर भी जाप करते रहना चाहिए, स्नान करने के पश्चात् मन्त्र का जाप्य मन मे करे, जोर से नही बोले और माला भी काम में न ले।

जप पूर्ण होने पर भगवान का अभिषेक करके यथा शक्ति दान पुण्य करे।

आसन-विधान

बाँस की चटाई पर बैठकर जाप करने से दरिद्र हो जाता है, पाषाण पर बैठकर जाप करने से व्याधि पीडित हो जाता है। भूमि पर जाप्य करने से दु.ख प्राप्त होता है, पट्टे पर बैठकर जाप करने से दुर्भाग्य प्राप्त होता है, घास की चटाई पर बैठकर जाप करने से अपयश प्राप्त होता है, पत्तों के आसन् पर बैठकर जाप करने से भ्रम हो जाता है, कथरी पर बैठकर जाप करने से मन चचल होता है, चमडे पर बैठकर जाप करने से ज्ञान नष्ट हो जाता है, कंबल पर बैठकर जाप करने से मान भंग हो जाता है। नीले रग के वस्त्र पहनकर जाप करने से बहुत दु.ख हो जाता है। हरे रग के वस्त्र पहनकर जाप करने से मान भग हो जाता है। श्वेत वस्त्र पहन कर जाप करने से यश की वृद्धि होती है। पीले रग के वस्त्र पहन कर जाप

करने से हर्ष वढता है। ध्यान मे लाल रग के वस्त्र श्रेष्ठ हैं। सर्व धर्म कार्य सिद्ध करने के लिए दर्भासन (डाव का आसन) उत्तम है।

गृहे जपफलं प्रोक्त वने शत गुणं भवेत्।
पुण्यारामे तथारण्ये सहस्र गुणितं मतम्।
पर्वते दश सहस्रं च नद्यां लक्ष मुदाहृतम्।
कोटि देवालये प्राहुरनन्तं जिन सन्निधौ॥

अर्थात् घर मे जो जाप का फल होता है उससे सौ गुना फल वन मे जाप करने से होता है। पुण्य क्षेत्र तथा जगल मे जाप करने से हजार गुणा फल होता है। पर्वत पर जाप करने से दस हजार गुणा, नदी के किनारे जाप करने से एक लाख गुणा, देवालय (मन्दिर) मे जाप करने से करोड गुणा और भगवान के समीप जाप करने से अनन्त गुणा फल मिलता है।

अंगुली-विधान

अंगुष्ठ जपो मोक्षाय, उपचारे तु तर्जनी
मध्यमा धन सौख्याय, शान्त्यर्थं तु अनामिका।
कनिष्ठा सर्व सिद्धि दा तर्जनी शत्रु नाशाय।
इत्यपि पाठान्तरोऽस्ति हि।

मोक्ष के लिए अगुठे से जाप करें, उपचार (व्यवहार) के लिए तर्जनी से, धन और सुख के लिये मध्यमा अगुलि से, शान्ति के लिए अनामिका से और सव कार्यों की सिद्धि के लिए कनिष्ठा से जाप करे। पाठान्तर से कही शत्रु नाश के लिए तर्जनी अगुली से जाप करे।

माला-विधान

दुष्ट या व्यंतर देवो के उपद्रव दूर करने, स्तम्भन विधि के लिए, रोग शान्ति के लिए या पुत्र प्रान्ति के लिये मोती की माला या कमल वीज माला से जाप करने चाहिये। शत्रु उच्चाटन के लिए रुद्राक्ष की माला, सर्म कर्म के लिए या सर्व कार्य की सिद्धि के लिए पच वर्ण के पुष्पो से जाप करने चाहिये। हाथ की अगुलियो पर जाप करने से दस गुना फल मिलता आँवले की माला पर जप करने से सहस्र गुना फल मिलता है। लौग की माला से पाँच हजार गुणा, स्फटिक की माला पर दस हजार गुणा, मोतियो की माला पर लाख गुणा, कमल वीज पर दस लाख गुणा, सोने की माला पर जाप करने से करोड गुणा फल मिलता है। माला के साथ भाव शुद्धि विशेष होनी चाहिये।

मन्त्र शास्त्र में अकडम चक्र का प्रयोग



अथ अ क ड म चक्र प्रयोग— नाम पुरुष के नाम के पहले अक्षर से मन्त्र के नाम अक्षर तक गिनना। मन्त्र सिद्ध असिद्ध देखे।

अर्थ .—पुरुष के नामाक्षर तक गिणाई पहले सिद्ध, विजई साध्य, तीजई सु सिद्ध, चउ अरि शत्रुता इणी।



अनुक्रम से बारह स्थान कूं जो बारह कोठे है उनमे गिनकर शुभ अशुभ सिद्ध असिद्ध देखो। १–५–९ कोठा के अक्षर आवे तो देर से सिद्ध, २–६–१० कोठा के अक्षर सिद्ध हों या न भी हों, ३–७–११ कोठा के अक्षर जल्दी सिद्ध हों, ४–८–१२ कोठा के अक्षर शत्रुता कार्य न हो।

५ ८ ५ ८ ३ ४१ ७ ६ ७ ६ ४ १ १

पंच पाठा पचई ग्राठार तिन्ह चोरिका सत्व छक्का सतई छकाई चऊ रिक्का एकेन



पुरुष द्वाभ्या स्त्री शून्ये नपुंसक एकेन् जीवा द्वाभ्या धातु शून्येन मूल ३ एकेन लाभः द्वाभ्या न लाभ शून्येन हानि ४ एकेन ग्राकाश द्वाभ्या पाताल शून्येन मत्यु लोक ॥

॥ इति ॥

एक–एक कोठा मे ४–४ अक्षर १८ ग्रङ्क है। १२ कोठे १२ राशि रग का विवरण है।

ग्रकडम चक्रम्



कोई पाठ मन्त्र किसी व्यक्ति को फलप्रद होगा कि नही यह जानने के लिए उस मन्त्र या पाठ का नाम का पहला अक्षर और व्यक्ति के नाम के पहले अक्षर का इस चक्र मे नीचे लिखे शब्द बोलकर मिलान करने पर मालूम हो जायेगा कि पहले व्यक्ति के नाम से कार्य के नाम के पहले अक्षर को गिनना तो मालूम होगा। सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध, ग्ररि।

मन्त्र साधन मुहूर्त्त का कोष्टक

नक्षत्र	उत्तफा॰ हु॰ अश्वि॰ म्र॰ वि॰ मृ॰
वार	र॰ सो॰ भु॰ गु॰ शु॰
तिथि	२।३।५।७।१०।११।१३।१५

इस कोष्टक को देखकर, पचाङ्ग से मिलान कर मन्त्र साधन करने का मुहूर्त्त देख लेना चाहिये, तब मन्त्र साधना की ओर अग्रसर हो, नही तो सफलता नही मिलेगी।

॥ ० ॥

मन्त्र सिद्ध होगा या नहीं उसको देखने की विधि

जिस मन्त्र की साधना करना हो उस मन्त्र के अक्षरो को ३ से गुणा करे, फिर अपने नाम के अक्षरो को और मिला देवे, उस सख्या में १२ का भाग देवे, शेष जो रहे, उसका फल निम्नानुसार जाने :—

५–६ बाकी बचे तो मन्त्र सिद्ध होगा।

६–१० बचे तो देर से सिद्ध होगा।

७–११ बचे तो अच्छा होगा।

८–१२ बचें तो सिद्ध नही होगा।

कोई मन्त्र अगर अपने नाम से मिलाने पर ऋणी या धनी आता हो, तो उस मन्त्र के आदि मे ॐ ह्री श्री क्ली इनमे से कोई भी बीज मन्त्र के साथ जोड़ देने पर मन्त्र अवश्य सिद्ध हो जायगा।

॥ ० ॥

मन्त्र जपने के लिये आसन

पर्यंकासन :—इसे सुखासन भी कहते है। दोनो जघाओं के नीचे का भाग पाँव के ऊपर करके बैठे यानि पालथी मार कर बैठे और दाहिना व बायां हाथ नाभि कमल के पास ध्यान मुद्रा मे रखे।

वीरासन :—दाहिनाँ पैर बाँयी जघा पर व बायाँ पैर दाहिनी जंघा पर रख कर स्थिरता से बैठे।

वज्रासन :– वीरासन की मुद्रा मे पीठ की तरफ से लेकर दाहिने पैर का अ गूठा दाहिने हाथ से और बाँये पैर का अंगूठा बाँये हाथ से पकडे तो वज्रासन होता है ।

पद्मासन दायाँ पैर बाँयी जघा पर रखे और बायाँ पैर दाँयी जघा पर, एडियाँ परस्पर मिली हो, दोनो घुटने जमीन से स्पर्श न करे तो पद्मासन होता है ।

भद्रासन —पुरुष चिह्न के आगे पाँव के दोनो तलुये मिलाकर उनके ऊपर दोनो हाथ को अ गुली परस्पर एक के साथ एक करने के बाद दोनो अ गुलियाँ ठोक तरह से दीखती रहे इस प्रकार हाथ जोडकर बैठना भद्रासन है ।

दण्डासन :—जिस आसन मे बैटने से अंगुलियाँ, गुल्फ व जंघा भूमि से स्पर्श करे, इस प्रकार पाँवो को लम्बे कर बैठना दण्डासन कहा जाता है ।

उत्किटिकासन —गुदा और ऐडी के सयोग से दृढता पूर्वक बैठे तो उत्किटिकासन कहा जाता है ।

गो दोहिकासन —गाय दुहने को बैटते है, उस तरह बैठना, ध्यान करना गो–दोहिकासन है ।

कायोत्सर्गासन —खडे–खडे दोनो भुजाओ को लम्बी कर घुटने की तरफ बढाना या बैठे–बैठे काया की अपेक्षा नही रख कर ध्यान करना कायोत्सर्गासन कहलाता है ।

मन्त्र शास्त्र में मुद्राओं की विधि

(१) वाम हस्तस्योपरिदक्षिणकर कृत्वा कनिष्ठिकागुष्ठाभ्या मणिवध वेष्ट्य शेषागुलिनां विस्फारित वज्रमुद्रा । [चित्र स० १]

(२) पद्माकारो कृत्वा मध्ये अगुष्ठौ कर्णिकारो विन्यस्येदिति 'पद्ममुद्रा' । [चित्र सं० ५]

(३) वामहस्ततले दक्षिण हस्तमूल निवेश्य कर शाखा विरलीकृत्य प्रसारयेदिति 'चक्रमुद्रा' [चित्र स० ७]

(४) उत्तानहस्तद्वयेन वेणीवध विधाया गुष्टाभ्यां कनिष्ठ तर्जनीभ्यां मध्ये सगृह्य अनामिके समीकुर्यातामिति 'परमेष्ठीमुद्रा' ।

(५) यद्वा करागुली अर्द्धीकृत्य मध्यमा मध्ये कुर्यादिति 'द्वितीया परमेष्ठी मुद्रा' । [चित्र सं० २०]

(६) उत्तानो किचिदा कुंचित कर शाखौ पाणी विधाया धारये दिति 'अञ्जुलि मुद्रा' । अथवा पल्लव मुद्रा' । [चित्र स० ६]

(७) परस्पराभिमुखौ ग्रथितांगुलिकौ करौ कृत्वा तर्जनीभ्यामनामिके गृहीत्वा मध्यमे प्रसार्य तन्मध्ये अंगुष्ठ द्वय निक्षिपेत् इति (सौमय मुद्रा) सौभाग्य मुद्रा ।। ७ ।।

(८) किंचिद्गर्भितौ हस्तौ समौ विधाय ललाट देशे योजनेन सुक्तासुक्ति मुद्रा ।

(९) मिथपराङ्ग मुखौ करौ सयोज्यांगुली विदूर्म्यात्म सम्मुख कर द्वयपरावर्तनेन 'मुद्गर मुद्रा' ।

(१०) वामकर सहितांगुलि हृदयाग्रे निवेश्य दक्षिण मुष्टिबद्ध तर्जनीमूर्द्धी कुर्यादिति तर्जनी मुद्रा ।।१०।।

(११) अंगुलीत्रिक सरलीकृत्य तर्जन्यं गुष्ठौमीलयित्वा हृदयाग्रे धार्येदिति प्रवचन मुद्रा ।

(१२) अन्योन्य ग्रथितांगुलिषु कनिष्ठानामिकयो मध्यमा तर्जन्योश्च सयोजनेन गोस्तनाकार-धेनुमुद्रा । [चित्र स० २१]

(१३) हस्त तलिकोपरि हस्तलिका कार्याइति आसन मुद्रा ।

(१४) दक्षिणांगुष्ठेन तर्जनीमध्यमे समात्रम्यपुनर्मध्यमा मोक्षणेन नाराचमुद्रा ।।

(१५) करस्थापनेन जनमुद्रा ।

(१६) वामहस्तपृष्ठोपरि दक्षिण हस्त तले निवेशने अंगुष्ठ द्वय चालनेन 'मीन मुद्रा' ।

(१७) दक्षिणहतस्य तर्जनी प्रसार्य मध्यमा ईषद्वक्रीकरणे अंकुस मुद्रा । [चित्र स० ६]

(१८) बद्धमुष्टयो. करयो. संलग्न स मुखांगुष्ठयो हृदय मुद्रा । [चित्र स० १३]

(१९) तावेवमुष्टी समीकृत्वार्द्धांगुष्ठ शिरसिविन्यस्येदिति 'शिरोमुद्रा' ।

(२०) मुष्टिबद्ध विधाय कनिष्ठमगुष्ठप्रसारयेत् इति 'शिखामुद्रा' ।

(२१) पूर्ववत् मुष्टि बध्वा तर्जन्यो प्रसारयेदिति 'कवचमुद्रा' ।

(२२) कनिष्ठा मंगुष्ठेन सपीड्यशेषांगुली प्रसारयेदिति 'क्षरमुद्रा' ।

(२३) तत्रदक्षिण करेण मुष्टि बध्वा तर्जनी मध्यमे प्रसारयेत् इति 'अस्त्र मुद्रा' ।

(२४) हृदयादीन्वा विन्यास मुद्रा प्रसारितोन्मुखाभ्यां हस्ताभ्या पादागुलि तलान्मस्तकस्पर्शा-न्महामुद्रा' ।

(२५) हस्ताभ्यामजुलि कृत्वा नाभिकामूलं पर्वांगुष्ठ सयोजनेन 'मावाहिनी मुद्रा' ।

(२६) इयमेवाधोमुखी 'स्थापनी मुद्रा' । [चित्र स० ११]

(२७) संलग्नमुष्ट्युछितांगुष्ठौ करौ 'सन्निधानी मुद्रा' । [चित्र स० १२]

(२८) तामेवंगुष्ठो 'निष्ठुरा मुद्रा' एतातिस्र 'अवगाहनादि मुद्रा' ।

(२९) अन्योन्यग्रथितांगुलीषु कनिष्ठानामिकयोर्मध्यमा तर्जन्यो विस्तारित तर्जन्या वामहस्त तलचालनेन त्रासनी नेत्रास्त्रयो 'पूज्यमुद्रा' ।

(३०) अंगुष्ठे तर्जनी सयोज्य शेषांगुली. प्रसारणेन 'पाशमुद्रा' । [चित्र स० ३]

(३१) स्वहस्तोद्धृंगुली वामहस्त मूले तस्यैवांगुष्ठं तिर्यग् विधाय तर्जनी चालनेन 'ध्वजमुद्रा'।

(३२) दक्षिण हस्तमुत्तान विधायावः कर शाखा प्रसारयेदिति 'वरमुद्रा'।

(३३) वामहस्तेन मुष्टि वध्वा कनिष्ठिकां प्रसार्य शेषांगुली रगुष्ठे न पीडयदिति 'शंखमुद्रा'।

(३४) परस्परंमुख हस्ताभ्यां वेणी वध विधाय मध्यमे प्रसार्य सयोज्य च शेषांगुलिभि-र्मुष्टि विधाय 'शक्ति मुद्रा'।

(३५) हस्तद्वयेनागुष्ठ तर्जनीभ्यावलके विधायपरस्परांत· प्रवेशनेन् 'शृंखला मुद्रा'।

(३६) मस्तकोपरीहस्तद्वयेन शिखराकार· कुड्मल क्रियतेस एव मदरमेरु मुद्रा (पचमेरु मुद्रा) [चित्र स० ४]

(३७) वामहस्तमुष्टेरुपरि दक्षिणमुष्टिं कृत्वागात्रेणसहकिञ्चिदुन्नामयेदिति 'गदा मुद्रा'।

(३८) अधोमुख वामहस्ताङ्गुलीर्घण्टाकाराः प्रसार्यदक्षिणेनमुष्ठि वध्वा तर्जनी मूर्ध्वा कृत्वा वामहस्ततलेनियोज्यघण्टावच्चालने न 'घण्टा मुद्रा'।

(३९) उन्नतपृष्ठ हस्ताभ्यां सपुट कृत्वा कनिष्ठिकेनिष्कास्ययोजयेदिति 'कमण्डलु मुद्रा'।

(४०) पत्ताकावत् हस्त प्रसार्य अङ्गुष्ठयोजनेन् 'परशु मुद्रा'।

(४१) ऊर्ध्वदण्डौ करौ कृत्वापद्मवत् करशारवा· प्रसारयेदिति 'वृक्ष मुद्रा।

(४२) दक्षिण हस्त सहतागुलिमुन्नमय्य सर्पफणावत् किञ्चिदाकुञ्चयदिति 'सर्पमुद्रा'

(४३) दक्षिणकरेणमुष्टि वध्वा तर्जनी मध्यमे प्रसारय्येदिति खड्गमुद्रा।

(४४) हस्ताभ्या सपुट विधायांगुली· पद्मवद्विकास्य मध्यमे परस्पर सयोज्यातन्मूललग्नांगुष्ठौ कारयेदिति 'ज्वलनमुद्रा'

(४५) वद्धमुष्टेर्दक्षिण करस्यमध्यमांगुष्ठ तर्जन्यास्तन्मूलाक्रमेण प्रसारयेदिति 'दण्ड मुद्रा'।





वज्र मुद्रा (चित्र स० १)

शङ्ख मुद्रा (चित्र स० २)

पास मुद्रा (चित्र सं० ३)



पचमेरु मुद्रा (चित्र सं० ४)

सरोज मुद्रा (चित्र स० ५)

अंकुश मुद्रा (चित्र सं० ६)

चक्र मुद्रा (चित्र स० ७)



(चित्र सं० ८)

आवाहन मुद्रा सुखासन (पल्लव मुद्रा) (चित्र सं० ९)

स्थभन मुद्रा (शंख मुद्रा) द्वितीय (चित्र सं० १०)

स्थापन मुद्रा सुखासन (चित्र सं० ११)



असंनीधिकरण मुद्रा (चित्र सं० १२)

हृदयमुद्रा (चित्र सं० १३)

द्वितीय अंकुश मुद्रा सुखासन उल्टा (चित्र सं० १४)

और भी अन्य मुद्रा (चित्र स० १५)

ज्ञानमुद्रा (चित्र सं० १६)



(चित्र सं० १७)

अस्त्र मुद्रा, सिद्धासुखासन (चित्र सं० १८)



कायोत्सर्ग, अस्त्र मुद्रा (चित्र सं० १९)

परमेष्ठी मुद्रा (पंचगुरुमुद्रा) (चित्र नं. २०)

(धेनु) सुरभि मुद्रा, गोस्थानाकार मुद्रा (चित्र सं. २१)

मंत्र जाप के लिये मंडलों का ध्यान
मंडलों का नक्शा



अग्नि मंडल

पृथ्वी मंडल



आकाश मंडल



वायु मंडल



पद्मप्रभाऽनाहत

लघु विद्यानुवाद

द्वितीय खंड

इस खण्ड में (पृष्ठ २५ से २४७)

- स्वर और व्यजनो के स्वरूप २५
- स्वरो और व्यजनो की शक्ति ३२
- मन्त्र निर्माण के लिये बीजाक्षरो की आवश्यकता एव उत्पत्ति ३७
- ध्वनि (उच्चार) के वर्ण, मन्त्र शास्त्रानुसार, बीजाक्षरो का वर्णन ३८
- बीजाक्षर मन्त्र ४१
- रक्षा मन्त्र ,रोग एव बन्दीखाना निवारण मन्त्र ४५
- अग्नि निवारण मन्त्र ४६
- चोर, बैरी निवारण मन्त्र, चोर नाशन मंत्र दुश्मन तथा भूत निवारण मंत्र ५०
- वाद जीतन मंत्र, विद्या प्राप्ति मत्र, परदेश लाभ मन्त्र शुभा शुभ कहन मंत्र, (बाग्बल मत्र) ५१
- मन चिन्ता द्रव्य प्राप्ति मन्त्र, सर्व सिद्धि मत्र ५२
- आत्म रक्षा महा सकलीकरण मंत्र तथा सर्व कार्य साधक मत्र ५६
- जाप्य मंत्र, ५८
- सूर्य मत्र का खुलासा
- शांति मंत्र, सर्व शाति मत्र ६०
- **विभिन्न रोगों व कष्टों के निवारण हेतु ५०८ मंत्र विधि सहित** ६३
- भूत तंत्र विधान ४० मन्त्र विधि सहित १४६
- कुंरगिनी गारुडी विद्या १२ मन्त्र विधि सहित १५८
- शारदा दंडक विभिन्न १२० मन्त्र विधि सहित १६१
- सहदेवी कल्प मन्त्र विधि सहित १८३
- लोगस्य कल्प ३२ मन्त्र विधि सहित १८४
- गर्भ स्थंभन मन्त्र ४६ ,, ,, ,, १८६

- अष्ट गध श्लोक ८ मत्र विधि सहित १९५
- सर्व शान्ति कर मत्रोऽयम, गोरोचन कल्प ११ मन्त्र विधि सहित १९७
- नारी केल कल्प १८ मन्त्र विधि सहित १९९
- मणि भद्रादि क्षेत्रपालो के ३ मत्र विधि सहित २०३
- अनोत्पादन ४५ मन्त्र विधि सहित २०४
- कलश भ्रामण मंत्र विधि २११
- पद्मावती सिद्धि २७ मत्र विधि सहित २१२
- जीवन मरण विचार ४० मत्र विधि सहित २१७
- पुत्रोत्पत्ति के लिए मत्र, अथ वृहद शान्ति मंत्र २१९
- पद्मावती आह्वानन मत्र २२६
- पद्मावती माला मंत्र लघु, पद्मावती माला मन्त्र वृहत २२७
- श्री ज्वाला मालिनीदेवी माला मत्र २२९
- सरस्वती मत्र २३२
- शान्ति मन्त्र लघु–शान्ति मत्र ,नव ग्रह जाप्य २३३
- वर्द्धमान मत्र २३६
- जिनेन्द्र पच कल्याणक के समय प्रतिमा के कान मे देने वाला सूर्य मन्त्र २३६
- प्रत्येक शासन देव सूय मत्र २३७
- पद्मावती प्रतिष्ठा वा यक्षिणी प्रतिष्ठा सूर्य मन्त्र धरणेन्द्र अथवा यक्ष प्रतिष्ठा सूर्य मन्त्र २३७
- गणधर वल्य से सम्बन्धित ऋद्धि मन्त्र व फल २३८
- अण्डकोष वृद्धि व खाख बिलाई मन्त्र २४४
- मस्सा नाशक मत्र, व्रणहर मन्त्र वाला (नहरवा) का मन्त्र, घाव की पीडा का मन्त्र २४५
- कर्ण पिशाचिनी देवी एव क्ली बीज मन्त्र २४६
- वाक् सिद्धि मन्त्र, दाद का मन्त्र २४७
- भजन, श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागरजी । आरती १०५ गणनी आर्यिका विजयमती माताजी २४८

अथः द्वितीय मन्त्राधिकार

स्वर और व्यंजनों के स्वरूप

अ :—वृत्तासन, हाथी का वाहन, सुवर्ण के समान वर्ण, कुंकुम गंध, लवण का स्वादु, जम्बूद्वीप मे विस्तीर्ण, चार मुख वाला, अष्ट भुजा वाला, काली आँख वाला, जटा मुकुट से सहित, सितवर्ण, मोतियों के आभरण वाला अत्यन्त बलवान, गम्भीर, पुल्लिग, ऐसा 'अ' कार का लक्षण है।

आ :—पद्मासन, गज, व्याल, वाहन, सितवर्ण, शख, चक्र—कमल, अंकुश का आयुध है, दो मुख वाला, आठ हाथ वाला, सर्प का भूषण है, जिसको शोभनादि महाद्युति को धारण करने वाला, तीस हजार योजन, विस्तार वाला, स्त्रीलिग है, जिसका ऐसा 'आ' कार का लक्षण है।

इ :—कछुवे का वाहन, चतुरानन, सुवर्ण जैसा वर्ण, वज्र का आयुध वाला, एक योजन विस्तार वाला, द्विगुणा उत्सेध वाला, कषायला स्वाद वाला, वज्र, वैडूर्य वर्ण के अलकार को धारण करने वाला, मन्द स्वर वाला, और नपुंसक लिग वाला, और क्षत्रिय है। ये 'इ' कार का लक्षण है।

ई :—कुवलय का आसन, वराह का वाहन, मन्द गमन करने वाला, अमृत रस का स्वाद वाला, सुगन्धित, दो भुजा वाला, फल और कमल का आयुध वाला, श्वेत वर्ण वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणा उत्सेध वाला, दिव्य शक्ति का धारण करने वाला, स्त्रीलिग वाला। 'ई' कार का लक्षण है।

उ :—त्रिकोणा आसन वाला, कोक वाहन, ( ) दो भुजा वाला, मूसल गदा के आयुध वाला, धुआँ के वर्ण वाला, कठोर, कडवा स्वाद वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणीत उत्सेध वाला, कठोर, वश्याकर्षण वाला ऐसा 'उ' कार का लक्षण है।

ऊ :—त्रिकोण आसन वाला, ऊँट का वाहन वाला, लाल वर्ण वाला, कषायला रस वाला, निष्ठुर गध से सहित, दो भुजा वाला, फल और शूल के आयुध को धारण करने वाला, नपुंसक लिग वाला, सौ योजन विस्तार वाला है, ऐसा 'ऊ' कार का लक्षण है।

ऋ :—ऊँट के समान ऊँट के वर्ण वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणित ऊँट के मुख का स्वाद वाला, नाग का आभरण वाला, सर्व विघ्न मय। ऐसा 'ऋ' कार का लक्षण है।

ॠ —पद्मासन मयूर का वाहन वाला, कपिल वर्ण माला, चार भुजा वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणित आयाम वाला, मल्ल (चमेली) के गध जैसा मधुर स्वाद वाला, सुवर्ण के आभरण को धारण करने वाला, नपुसक लिग वाला। ऐसा 'ॠ' का लक्षण है।

ऌ —घोडे का स्वभाव वाला, घोडे जैसे स्वर वाला, घोडे के समान रस वाला सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणि आयाम वाला, शूर का वाहन वाला, चार भुजा वाला, मूसल, अकुस कमल, कोदण्ड, आयुध वाला, कुवलय का आसन वाला, नाग का आभरण वाला, सर्वविघ्नकारि नपुसक लिग वाला। ऐसा 'ऌ' कार का स्वरूप है।

ॡ :—मौलि (मुकुट) मुक्ताओ से सहित और यज्ञोपवित धारण किये हुये, कुण्डला भरण सहित, दो भुजाओ वाला (कमल की माला से सहित) कमल कु त (माला) का आयुध से सहित, मल्लिका के गन्ध वाला, पचास योजन विस्तार वाला, द्विगुणा आयाम वाला, नपुसक, क्षत्रिय, उच्चाटन करने वाला। ऐसा 'ॡ' कार का लक्षण है।

ए :—जटा–मुकुट को धारण करने वाला, मोतियो के आभरण वाला यज्ञोपवित पहने हुये, चार भुजा वाला, शख, चक्र, फरसा, कमल के आयुध सहित, दिव्य स्वाद से सहित, सुगन्धित से युक्त, सर्व प्रिय शुभ लक्षण से सहित, वृत्तासन को धारण करने वाला, और नपुंसक है। इस प्रकार 'ए' का लक्षण हुआ।

ऐ .—त्रिकोणासन से सहित, गरुड वाहन, दो भुजाओ वाला, त्रिशूल, गदा का आयुध वाला, अग्नि के समान वर्ण वाला, निष्ठुर, गन्ध से सहित, क्षीर के स्वाद वाला, घर्घर स्वर वाला, दस योजन विस्तार वाला, द्विगुणित लम्बावश्य आकर्षण शक्ति वाला। ऐसा 'ऐ' कार का लक्षण है।

ओ .—बैल का वाहन, तपाया हुआ सोना के समान वर्ण वाला, सर्वायुध से सम्पन्न, लोकालोक मे व्याप्त, महाशक्ति का धारक, तीन नेत्र वाला, बारह हजार विस्तार वाला, पद्मासन वाला, महाप्रभु, सर्वदेवताओ से पूज्य, सर्व मन्त्र का साधन, सर्व लोक से पूजित, सर्व शान्ति करने वाला, सभी को पालन या नाश करने मे समर्थ, पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि से सहित, यजमान, आकाश, सूर्य, चन्द्रादि के समान कार्य करने वाला, सम्पूर्ण आभरणो से भूषित, दिव्य स्वाद वाला, सुगन्धित, सवो का रक्षण करने वाला, शुभ देह से सयुक्त, स्थावर जगम आश्रय से सहित, सर्व जीव दया से सयुक्त (परम अव्यय) पाँच अक्षर से गर्भित। ऐसा 'ओ' कार का लक्षण है।

औ —वृत्तासन वाला, कोक (चक्वा) वाहन, कुंकुम गन्ध से सयुक्त पीले वर्ण वाला, चार भुजा वाला, वज्र, पाश के आयुध वाला, कपायला स्वाद वाला, श्वेत माल्यादि लेपन से सहित, स्तम्भन शक्ति युक्त सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणित आयाम वाला। ऐसा 'औ' कार का लक्षण है :

अ —पद्मासन, सितवर्ण, निलोत्पल (नीला कमल) गन्ध से सयुक्त को स्तुभ के

के आभरण से सहित, दो भुजाओं वाला, कमल, पास के आयुध वाला, शुभ गन्ध से सयुक्त यज्ञोपवित को धारण करने वाला, प्रसन्न बुद्धि वाला, मधुर स्वाद वाला, सौ योजन विस्तार वाला, दो गुणित आयाम है जिसका ऐसा 'अ' कार का लक्षण है।

अः :—त्रिकोण आसन वाला, पीले वस्त्र वाला, कुंकुम के समान गन्ध वाला, धूम्र वर्ण वाला, कठोर स्वर वाला, निष्ठुर दृष्टि वाला, खारा स्वाद से सयुक्त, दो भुजाओ वाला शूल का आयुध धारण करने वाला, निष्ठुर गति वाला, अशोभन आकृति वाला, नपुसक शुभ कर्म है कार्य जिसका। ऐसा 'अः' कार का लक्षण है।

क :—चतुरस्रासन, चतुरादत्त भवाहन, पीले वर्ण का सुगन्ध माल्यादि लेपन सहित स्थिर गति वाला, प्रसन्न दृष्टि वाला, दो भुजा वाला, वज्र मूसल के आयुध सहित, जटा-मुकुट धारी सर्वाभरण से भूषित, हजार योजन विस्तार वाला, दस हजार योजन का उत्सेध पुल्लिग, क्षत्रिय, इन्द्रादि देवता का स्तम्भन करने वाला, शान्तिक, पौष्टिक वश्याकर्षण कर्म का नाश करने वाला। ऐसा 'क' कार का लक्षण है।

ख :—पिगल वाहन, मयूर के कण्ठ के समान वर्ण वाला, दो भुजा वाला, तोमर, शक्ति के आयुध से सहित, सुन्दर यज्ञोपवित को धारण करने वाला, सुस्वर वाला, तीस योजन विस्तार वाला, आकाश मे गमन करने वाला, क्षत्रिय, सुगन्ध माल्यादि लेपन से सहित, आग्नेय पुराकपन, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि करने वाला, अणिमादि दैवत, पुल्लिग। ऐसा 'ख' कार का लक्षण है।

ग :—हस का वाहन, पद्मासन माणिक्या भरण से सहित, इंगिलीक वर्ण वाला, श्वेत वस्त्र वाला, सुगन्ध माल्यादि लेपन से सहित, कुंकुम चन्दनादिक है प्रिय जिसको क्षत्रिय, पुल्लिग, सर्व शान्ति करने वाला, सौ योजन विस्तार वाला, सर्वाभरण भूषित दो भुजा से सहित, फल और पास को धारण करने वाला, यक्षादि देवता, अमृत स्वाद वाला, प्रसन्न दृष्टि वाला। ऐसा 'ग' कार का लक्षण है।

घ :—ऊँट का वाहन, उल्लू का आसन, दो भुजा, वज्र, गदा, आयुध, धूम्र वर्ण, हजार योजन विस्तीर्ण हंस के समान स्वर वाला, कठोर, गन्ध वाला, खारा स्वाद वाला, महाबलवान, उच्चाटन, छेदन, मोहन, स्तम्भनकारी, पचासत योजन विस्तिर्ण, नपुंसक, रौद्र शक्ति वाला, क्षत्रिय, सर्व शान्तिकर महावीर्य को धारण करने वाले देवता। ऐसा 'घ' कार का लक्षण है।

ङ :—रुपाशिन, दुष्ट स्वर वाला, दुर्दृष्टि, दुर्गन्ध, दुराचारी, कोटी योजन विस्तिर्ण हजार योजन उत्सेध, शासन को करने वाला, रात्रि प्रिय, छः भुजा वाला, मूशल, गदा, शक्ति मुष्टि, भुशुडि, परसा के आयुध को धारण करने वाला, नपुंसक यमादि देवतं। ऐसा 'ङ' कार का लक्षण है।

च :—शोभन, हंस वाहन, शुक्ल वर्ण, सौ करोड हजार योजन विस्तार वाला, वज्र

वैडुर्य मुक्ता भरण भूषित, चार भुजा वाला, शुभ चक्र फल, कमल के आयुध वाला, जटा मुकुट धारी, सुस्वर वाला, सुमन प्रिय ब्रह्माणि यक्षादि दैवत को प्राप्त। ऐसा 'च' कार का लक्षण है।

छ :— मगर का वाहन, पद्मासन, महाघण्टा के समान वाला, उगते हुये सूर्य के समान प्रभाव वाला, हजार योजन विस्तार वाला, आकर्षणादि रौद्र कर्म के करने वाला, सुमन के समान सुगन्ध वाला, काले वर्ण का, दिव्य आभरण से सहित चार भुजा वाला, चक्र, वज्र, शक्ति, गदा के आयुध से सहित सर्व कार्य की सिद्धि करने वाला गरुड देवता। ऐसा 'छ' कार का लक्षण है।

ज —शूद्र, पुल्लिग, चार भुजा वाला, परसु, पाश, कमल, वज्र के धारण करने वाला, अमृत का स्वाद वाला, जटा मुकुटधारी मौक्तिक वज्राभरण भूषित व श्याकर्षण शक्ति वाला, सत्यवादी, सुगन्ध प्रिय, सोदल कमल के समान वारुणादिदेव के समान। ऐसा 'ज' कार का लक्षण है।

झ :—पुरुष, वैश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, के समान वश्याकर्षण करने वाला कुवेरादि दैवत दो भुजाओ वाला, शख, चक्र के आयुध को धारण करने वाला मौक्तिक वज्राभरण भूषित सत्यवादी, पीला वर्ण का, पद्मासन, सुगन्धि अमृत स्वादु। ऐसा 'झ' कार का लक्षण है।

ञ —कौवा के वाहन वाला, गन्धवान, काष्टासन वाला, काला वर्ण वाला दूत कर्म है, कार्य जिसका नपु सक सौ योजन विस्तिर्ण, चार भुजा वाला, त्रिशूल परसु के आयुधों के धारण करने वाला, निष्ठुर और गदा को धारण करने वाला महाक्रूर स्वर वाला, सर्व जीवो को भय पैदा करने वाला, शीघ्र गति वाला, व्यभिचार कर्म से संयुक्त, क्षार (खार) स्वाद वाला, शीघ्र गमन के स्वभाव वाला रौद्र दृष्टियम् दैवत। ऐसा 'ञ' कार का लक्षण है।

ट —वृत्तासन, कबूतर के वाहन वाला, कपिल वर्ण वाला, दो भुजा वाला, वज्र, गदा, मन्द गति वाला, लवण के समान स्वाद वाला, शीतल स्वाद वाला, व्याल यज्ञोपवित को धारण करने वाला, चन्द्र दैवत। ऐसा 'ट' कार का लक्षण है।

ठ :—चतुर स्रासन गज वाहन वाला, शख के समान दो भुजा वाला, वज्र, गदा के आयुध को धारण करने वाला, जम्बूद्वीप प्रमाण, अमृत स्वाद वाला, पुल्लिग, रक्षा, स्तम्भन, मोहन, कार्य के सिद्ध करने वाला, सर्वाभरण भूषित, क्षत्रिय दैवत। ऐसा 'ठ' कार का लक्षण है।

ड —चतुर स्रासन, शख के समान, जम्बू द्वीप प्रमाण, क्षीरामृत स्वाद वाला, पुल्लिग, दो भुजा वाला, वज्र पद्म के आयुध को धारण करने वाला, रक्षा, स्तम्भन, मोहनकारी, कर्पूर गन्ध वाला, सर्वाभरण भूषित है। केला के स्वाद वाला, शुभ स्वर वाला, कुवेर दैवत। ऐसा 'ड' कार का लक्षण है।

ढ :—चतुरस्रासन, मोहन के समान, जम्बू द्वीप प्रमाण, पुल्लिग, आठ भुजा वाला, पशु, पाश, वज्र, मूसल, भिदपाल, मुद्गर, चाप, हल, नाराचायुध को धारण करने वाला, सुस्वादं, सुस्वर, सिह नाद के समान महाध्वनि करने वाला, लाल वर्ण वाला, ऊपर मुख वाला, दुष्ट निग्रह शिष्ट परिपालन करने वाला, सौ योजन विस्तार वाला, हजार योजन आवृत्त वाला, तदर्द्ध परिणाहं जटा मुकुट को धारण करने वाला, सुगन्ध से सयुक्त, निश्वास वाला, किन्नर ज्योतिष के द्वारा पूजित, महोत्सवयुक्त, कालाग्नि शक्ति, वश्याकर्षण, निमिषार्द्ध साधन, विकलाग, अग्नि दैवत । ऐसा 'ढ' कार का लक्षण है ।

ण —त्रिकोणासन, व्याघ्र वाहन, सौ हजार योजन आयाम, पचास हजार योजन विस्तार वाला, छ भुजा वाला, शशि तोमर, भुशुंडि, भिदपाल, पशु त्रिशूल के आयुधको धारण करने वाला, कठोर गन्ध से सहित, श्राप या अनुग्रह करने में समर्थ, काले वर्ण का, रौद्र दृष्टि, खारा स्वाद वाला, नपु सक, वायु दैवतं । ऐसा 'ण' कार का लक्षण है ।

त :—पद्मासन, हाथी वाहन, शौर्य ही जिसका आभरण है, सौ योजन विस्तार वाला, पचास योजन आयाम, चम्पा के गन्ध वाला, चार भुजा वाला, पशु, पाश, पद्म, शख के आयुध वाला, पुल्लिग, चन्द्रादि देवता से पूजित , मधुर स्वाद वाला, सुगन्ध प्रिय । ऐसा 'त' कार का लक्षण है ।

थ :—बैल का वाहन, आठ भुजा वाला, शक्ति तोमर, पशु, धनुष, पाश, चक्र, गदा, दण्ड आयुध वाला, काला वर्ण वाला, काला वस्त्र वाला, जटा मुकुटधारी, करोड योजन आयाम आधा करोड विस्तार वाला, क्रूर दृष्टि वाला, कठोर स्वर वाला, गन्ध वाला, धतूरा के रस का प्रिय, सर्व का मार्थ साधन अग्नि दैवत । ऐसा 'थ' कार की शक्ति व लक्षण है ।

द .—भैस का वाहन, काला वर्ण, तीन मुख वाला, छः भुजा वाला, गदा, मूसल, त्रिशूल, भुशुंडि, वज्र, तोमर का आयुध वाला, करोड योजन आयाम वाला, आधा करोड़ योजन विस्तिर्ण, दिगम्बर (नग्न) लोहा के आभरण वाला, उर्द्ध दृष्टि, सर्प का यज्ञोपवित-धारी, निष्ठुर ध्वनि है जिसकी मकरन्द मुन्मोक्षण, मन्त्र साधन मे विशेष, यम देवता से पूजित काला रंग वाला, नपुंसक । ऐसा 'द' कार का लक्षण है ।

ध .—पुल्लिग, कषायला वर्ण वाला, तीन नेत्र वाला, चतुरायुत योजन, विस्तीर्ण, रौद्र कार्य करने वाला, छ. भुजा वाला, चक्र, पाश, गदा, भुशुडि, मूसल, वज्र, शरासन का आयुध धारण करने वाला, काला वर्ण, काला सर्प का यज्ञोपवित धारण करने वाला, जटा मुकुटधारी, हुँकार का महाशब्द करने वाला, मशहूर, कठोर, धूम्र प्रिय, रौद्र दृष्टि, नैऋत्य देव से पूजित । ऐसा 'ध' कार का लक्षण है ।

न :—काला वर्ण का, नपुसक, त्रिशूल, मुद्गर के आयुध वाला, द्विभुजा युक्त, उर्द्ध केश से व्याप्त, चर्मधारी, रौद्र दृष्टि वाला, कठोर स्वाद वाला, काला सर्प का प्रिय, कौए के समान स्वर वाला, सौ योजन उत्सेध वाला, पचास योजन आयाम वाला, निर्यास, गुग्गल, तिल,

तेन के धूप का प्रिय, दुर्जन प्रिय, रौद्र कर्म का धारण करने वाला, यमादि देव से पूजित। ऐसा 'न' कार का लक्षण है।

प —असित वर्ण, पुल्लिग, जाति पुष्प के गन्ध का प्रिय, दस सिर वाला, बीस हाथ वाला, अनेक आयुधो के धारण करने वाली मुद्रा से युक्त करोड योजन विस्तार वाला, द्विगुणित आयाम वाला, मन्त्र, कोटि योजन शक्ति का धारी, गरुड वाहन वाला, कमल का आसन, सर्वाभरण भूषित, सर्प का यज्ञोपवित धारी, सर्व देवता से पूजित, सर्व देवात्मक, सर्व दुष्टो का विनाशक, (अलयानिल) चन्द्रादि देवता से पूजित। ऐसा 'प' कार का लक्षण है।

फ —विजली के समान तेज वाला, पुल्लिग, पद्मासन, सिंह वाहन, दस करोड योजन आयाम वाला, पाँच करोड योजन का विस्तार वाला, दो भुजा वाला, पशु, चक्र के आयुध वाला, केतकी के गन्ध का प्रिय, सिद्ध विद्याधर से पूजित, मधुर स्वाद वाला, व्याधि विष, दुष्ट, ग्रह विनाशन, सर्व महारति, महादिव्य शक्ति, शान्तिकर, ऐशान्य देव से पूजित। ऐसा 'फ' कार का लक्षण है।

ब —इ गिलि का भ, दस करोड योजन का उत्सेध, उसका आधा विस्तार, मुक्ति का भरण धारण करने वाला, जनेव धारी, दिव्या भूषित, आठ भुजा वाला, शख, चक्र, गदा, मूसल, काँडकण, शरासन, तोमर आयुध को धारण करने वाला, हस वाहन वाला, कुवलयासन का धारी, वैर फल का स्वादी, घन स्वर वाला, चम्पा के गन्ध वाला, वश्याकृष्टि प्रसग प्रिय, कुवेर देव से पूजित। ऐसा 'ब' कार का लक्षण है।

भ —नपु सक, दस हजार योजन उत्सेध, पाँच हजार योजन विस्तीर्ण, (विस्तार वाला), निष्ठुर मन वाला, कठोर, रुक्ष, स्वाद प्रिय, शीघ्र गति गमन प्रिय, ऊपर मुख वाला, तीन नेत्र वाला, चार भुजा वाला, चक्र, शूल, गदा, शक्ति के आयुधो को धारण करने वाला, त्रिकोणासन वाला, व्याघ्र वाहन, लोहिताक्ष, तीक्ष्ण, उर्द्ध केश वाला, विकृत रूप वाला, रौद्र काति, अर्द्ध खिले हुये नेत्र, शरण सिद्धि कर, नैऋत्य देव से पूजित। ऐसा 'भ' कार का लक्षण है।

म — उगते हुये सूर्य के समान प्रभा, अनन्त योजन प्रभा शक्ति, सर्व व्यापि, अनन्त मुख, अनन्त हाथ, भूमि, आकाश, सागर, पर्यन्त दृष्टि, सर्व कार्य साधक, अमरी करण द्वीपर्न सर्व गन्ध माल्यानु लेपन से सहित, धूप चरु का क्षत प्रिय, सर्व देवता रहस्य करण, प्रलयाग्नि शिखि काति से युक्त, सर्व का नायक, पद्मासन, अग्नि देवता से पूजित। ऐसा 'ल' कार का लक्षण हुआ।

य —नपु सक, भूमि, आकाश, दिशा विशेष वाला, सर्व व्यापि, अरूपी, शीघ्र, मन्द गति युक्त, प्रमोद से युक्त, व्यभिचार कर्म प्रिय, सर्व देवता, अग्नि, प्रलयाग्नि, तीव्र ज्योति, सर्व विकल्प वाला, अनन्त मुख, अनन्त भुजा, सर्व गर्भ करता, सर्व लोक प्रिय, हरिण वाहन, वृत्तासन, अंजन के समान वर्ण वाला, महामधुर ध्वनि से युक्त वायव्य देवता से पूजित। ऐसा 'य' कार का लक्षण है।

र :—नपुसक, सर्व व्यापि, बारह सूर्य के समान प्रभा, ज्वालामाल, करोड़ योजन द्युति, सर्व लोक के कर्त्ता, सर्व होम प्रिय, रौद्र शक्ति, स्त्री णाम पच सायक, पर विद्या का छेदन करने वाला, आत्म कर्म साधन वाला, स्तम्भन, मोहन कर्म का कर्त्ता, जम्बू द्वीप में विस्तीर्ण, भैंस का वाहन, त्रिकोणासन, अग्नि देवता से पूजित। ऐसा 'र' कार का लक्षण है।

ल —पीला वर्ण, चार हाथ वाला, वज्र, शक्र, शूल, गदा के आयुधो को धारण करने वाला, हाथी का वाहन वाला, स्तम्भन मोहन का कर्त्ता, जम्बू द्वीप मे विस्तीर्ण, मद गति प्रिय, महात्मा, लोकालोक मे पूजित, सर्व जीव धारी, चतुरस्त्रासन, पृथ्वी का जय करने वाला, इन्द्रदेव के द्वारा पूजित। ऐसा 'ल' कार का लक्षण है।

व :—श्वेत वर्ण बिन्दु से सहित, मधुर क्षार रस का प्रिय, विकल्प से नपुंसक, मगर का वाहन, पद्मासन, वश्याकर्षण, निर्विष शान्ति करण वरुणादि से पूजित। ऐसा 'व' कार का लक्षण है।

श :—लाल वर्ण दस हजार योजन विस्तीर्ण पांच हजार योजन आयाम, चदन गंध, मधुर स्वाद, मधुरस प्रिय, चक्रवा का रूढ, कुवलयासन, चार भुजा, शख, चक्र, फल कमल, का आयुध धारी, प्रसन्न दृष्टि, सुभानस, सुगन्ध, धूप प्रिय, लाल वर्ण के हार से शोभिता भरण, जटा मुकुटधारी, वश्या कर्षण, शातिक, पौष्टिक कर्त्ता, उगते हुए सूर्य के समान, चन्द्रादि देव से पूजित। ऐसा 'श' कार का लक्षण है।

ष :—पुल्लिग, मयूर शिखा के समान वर्ण, दो भुजा, फण, चक्र का आयुध्र वाला, प्रसन्न दृष्टि, एक लाख योजन विस्तिर्ण पचास हजार योजन आयाम, अम्लरस प्रिय, शीतल गध, कछुआँ का आसन कछुआँ पर बैठा हुआ प्रिय दृष्टि वाला, सर्वाभरण भूषित, स्तभन, मोहनकारी, इन्द्रादि देवता से पूजित, ऐसा 'ष' कार का लक्षण है।

स :—पुल्लिग, शुक्ल वर्ण, चार भुजा, वज्र, शख, चक्र, गदा का धारी, एक लाख योजन विस्तीर्ण, मधुर स्वर, मौक्तिक वज्र, वैडुर्य आदि के भूषण से सहित, सुगन्धित माल्यनुलेपन से सहित, सित वस्त्रप्रिय, सर्व कर्म का कर्त्ता, सर्व मत्र गण से पूजित महा मुकुटधारी, कश्याकर्षण का कर्त्ता, प्रसन्न दृष्टि, हँसवाहन, कुबेर देव से पूजित। ऐसा 'स' कार का लक्षण है।

ह :—नपुसक सर्व व्यापी, सितवर्ण, सितगध प्रिय, सित माल्यानुलेपन से सहित, सिताबर प्रिय, सर्व कर्म का कर्त्ता, सर्व मत्रो का अग्रणी, सर्व देवता से पूजित, महाद्युति से सहित, अचित्य गति, मन स्थायी, विजय को प्राप्त, चिंतित मनोरथ विकल्प से रहित, सर्व देव महा कृष्टित्व अतीत अनागत वर्तमान त्रैलोक्य काल दर्शक, सर्वाश्रयादि देवता से पूजित, महाद्युतिमान, ऐसा 'ह' कार का लक्षण है।

क्ष :—पुल्लिग, पीले वर्ण का, जवुद्वीप ध्याय ध्येय, सख्यात द्वीप समुद्र मे व्यापक एक

मुख, मरुत गाभीर्य, आठ भुजा वाला, वज्र पाश, मूशल, भुशडि, भिडि, पाल, गदा, शख, चक्र आयुध धारी, हाथी का वाहन वाला, चतुरस्त्रासन, सर्वाभरण भूषित, जटा मुकुटधारी, सर्व लोक मे पूजित, स्तभन कर्म का कर्त्ता, सुगन्ध माल्य प्रिय, सर्व रक्षाकर, सर्वप्रिय काल ज्ञान मे माहेश्वर, सकल मन्त्र प्रिय, रुद्राग्नि देवता से पूजित। ऐसा 'क्ष' कार का लक्षण है।

स्वरों और व्यंजनों की शक्ति

मंत्र पाठ

"णमो अरिहताण णमो सिद्धाण, णमो आयरियाण।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्व–साहूण ॥"

विश्लेषण

ण्+अ+म्+ओ+अ+र्+इ+ह्+अ+म्+त्+आ+ण्+अ+ म्। ण्+अ+म्+ओ+स्+इ+द्+ध्+आ+ण्+अ+म्। ण्+अ+म्+ओ+आ+य्+अ+र्+इ+य्+आ+ण्+अ+म्। ण+अ+म्+ओ+उ+व्+अ+ज्+झ्+आ+य्+आ+ण्+अ+म्। ण्+अ+म्+ओ+ल्+ओ+ए+स्+अ+व्+व्+अ+स्+आ+ह्+ऊ+ण्+अ+म्।

इस विश्लेपण मे से स्वरो को पृथक् किया तो—

अ+ओ+अ+इ+अं+आ+अ+अ+ओ+इ+आ+अ+अ+ओ+आ+अ+इ+आ+अ+अ+ओ+उ+अ+आ+आ+अ+अ+ओ+ओ+ए+अ+अ+आ+ऊ+अ।

(ओ = अ+ओ; ऐ = आ+अ+इ; औ = आ+अ+ओ; अ = अ+अ)

पुनरुक्त स्वरो को निकाल देने के पश्चात् रेखांकित स्वरो को ग्रहण किया तो—
अ आ इ ई उ ऊ [र्] ऋ ॠ [ल्] ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अ.

व्यञ्जन

ण्+म्+र्+ह्+त+ण्+ण्+म्+स्+द्+ध्+ण्+ण्+म्+य्+र्+य्+ण्+ण्+म्+व्+ज्+झ्+य्+ण्+ण्+म्+ल्+स्+व्+व्+स्+ह+ण्।
(घ)

पुनरुक्त व्यजनो को निकालने के पश्चात्—

ण्+म्+र्+ह+ध्+स्+य्+र्+ल्+व्+ज्+घ्+ह।

ध्वनि सिद्धान्त के आधार पर वर्गाक्षर वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है।

अत घ्=कवर्ग, झ्=चवर्ग, ण=टवर्ग, ध्=तवर्ग, म्=पवर्ग, य, र, ल, व, स=श, ष, स, ह,।

अतः इस महामन्त्र की समस्त मातृका ध्वनियाँ निम्न प्रकार हुई। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अ अः क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् झ् ञ् ट् ठ् ड् ढ ण्, त् थ् द् ध् न्, प् फ् ब् भ् म्, य् र् ल् व् श् ष् स् ह्!

उपर्युक्त ध्वनियाँ ही मातृका कहलाती है। जयसेन प्रतिष्ठा पाठ में बतलाया गया है–

अकारादिक्षकारान्ता वर्णा प्रोक्तास्तु मातृकाः।
सृष्टिन्यास स्थितिन्यास-संहृतिन्यासतस्त्रिधाः ॥३७६॥

अर्थात्–अकार से लेकर क्षकार [क+ष+अ] पर्यन्त मातृका वर्ण कहलाते है।

इनका तीन प्रकार का क्रम है।—सृष्टि क्रम, स्थिति क्रम और सहार क्रम।

णमोकार मत्र में मातृ का ध्वनियो का तीनों प्रकार का क्रम सन्निविष्ट है। इसी कारण यह मत्र आत्म कल्याण के साथ लौकिक अभ्युदयों को देने वाला है। अष्ट कर्मो के विनाश करने की भूमिका इसी मन्त्र के द्वारा उत्पन्न की जा सकती है। सहार क्रम कर्म विनाश को प्रगट करता है। तथा सृष्टि क्रम और स्थिति क्रम आत्मानुभूति के साथ लौकिक अभ्युदयो की प्राप्ति मे भी सहायक है। इस मन्त्र की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि इसमे मातृका ध्वनियो के तीनो प्रकार के मन्त्रो की उत्पत्ति हुई है। बीजाक्षरों की निष्पत्ति के सम्बन्ध मे बताया गया है 'हलो बीजानि चोक्तानि स्वराः शक्तय ईरिता." ॥३७७॥ अर्थात् ककार से लेकर हकार पर्यन्त व्यजन बीजसंज्ञक है और अकारादि स्वर शक्तिरूप है। मन्त्र बीजो की निष्पत्ति बीज और शक्ति के संयोग से होती है।

सारस्वत वीज. माया, बीज, शुभनेश्वरी बीज, पृथिवी बीज, अग्नि बीज, प्रणव बीज मारुत बीज, जल बीज, आकाश बीज, आदि की उत्पत्ति उक्त हल् और अचो के संयोग से हुई है। यो तो बीजाक्षरो का अर्थ बीज कोश एवं बीज व्याकरण द्वारा ही ज्ञात किया जाता है परन्तु यहाँ पर सामान्य जानकारी के लिए ध्वनियो की शक्ति पर प्रकाश डालना आवश्यक है।

अ—अव्यय, व्यापक, आत्मा के एकत्व का सूचक, शुद्ध-बुद्ध, ज्ञान रूप शक्ति द्योतक, प्रणव बीज का जनक।

आ - अव्यय शक्ति और बुद्धि का परिचायक, सारस्वत बीज का जनक, माया बीज के साथ कीर्ति धन और आशा का पूरक।

इ—गत्यर्थक, लक्ष्मी प्राप्ति का साधक, कोमल कार्य साधक, कठोर कर्मो का बाधक व ह्री बीज का जनक।

ई—अमृत बीज का मूल कार्य साधक, अल्पशक्ति द्योतक, ज्ञान वर्धक, स्तम्भक, मोहक, जृम्भक।

उ—उच्चाटन वीजो का मूल, शक्तिशाली, श्वास, नलिका द्वारा जोर का धक्का देने पर मारक।

ऊ—उच्चाटक और मोहक वीजो का मूल, विशेष शक्ति का परिचायक, कार्य ध्वस के लिए शक्ति दायक।

ऋ—ऋद्धि वीज, सिद्धि दायक, शुभ कार्य सम्वन्धी वीजो का मूल, कार्य सिद्धि का सूचक।

ऌ—सत्य का सचारक, वाणी का ध्वसक, लक्ष्मी वीज की उत्पत्ति का कारण, आत्म सिद्धि मे कारण।

ए—निश्चल पूर्ण, गति सूचक, अरिष्ट निवारण वीजो का सूचक, पोषक और सवर्द्धक।

ऐ—उदात्त, उच्च स्वर का प्रयोग करने पर वशीकरण वीजो का जनक, पोषक और सवर्धक, जल वीज की उत्पत्ति का कारण, सिद्धि प्रद कार्यों का उत्पादक वीज, शासन देवताओ का आव्हान न करने मे सहायक, क्लिष्ट और कठोर कार्यो के लिए प्रयुक्त वीजो का मूल, ऋण विद्युत का उत्पादक।

ओ—अनुदात्त—निम्न स्वर की अवस्था मे माया वीज का उत्पादक, लक्ष्मी और श्री का पोषक, उदात्त, उच्च स्वर की अवस्था मे कठोर कार्यों का उत्पादक वीज, कार्य साधक निर्जरा का हेतु, रमणीय पदार्थो के प्राप्ति के लिए आयुक्त होने वाले वीजो मे अग्रणी, अनुस्वरान्त वीजो का सहयोगी।

औ—मारण और उच्चारण सम्वन्धी वीजो मे प्रधान, शीघ्र कार्य साधक निरपेक्षी अनेक वीजो का मूल।

अं—स्वतन्त्र शक्ति रहित कर्माभाव के लिए प्रयुक्त ध्यान मन्त्रो मे प्रमुख शून्य या अभाव का सूचक, आकाश वीजो का जनक, अनेक मृदुल शान्तियो का उद्घाटक, लक्ष्मी वीजो का मूल।

अः—शान्ति वीजो मे प्रधान निरपेक्षा अवस्था मे कार्य असाधक सहयोगी का अपेक्षक।

क—शान्ति वीज, प्रभावशाली सुखोत्पादक, सम्मान प्राप्ति की कामना का पूरक, काम वीज का जनक।

ख—आकाश वीज, अभाव कार्यो की सिद्धि के लिए कल्पवृक्ष, उच्चाटन वीजो का जनक।

ग—पृथक करने वाले कार्यों का साधक, प्रणव और माया वीज के साथ कार्य सहायक।

घ—स्तम्भक वीज, स्तम्भन कार्यो का साधक, विघ्न विघातक, मारण और मोहक वीजो का जनक।

ङ—शत्रु का विध्वसंक, स्वर मातृका बीजों के सहयोगानुसार फलोत्पादक विध्वसक बीज जनक।

च—अगहीन खण्ड शक्ति द्योतक स्वर मातृका बीजों के अनुसार फलोत्पादक-उच्चाटन बीज का जनक।

छ—छाया सूचक, माया बीज का सहयोगी बन्धनकारक, आप बीज का जनक, शक्ति का विध्वसक, पर मृदु कार्यों का साधक।

ज—नूतन कार्यो का साधक, आधि व्याधि विनाशक, शक्ति का संचारक, श्री बीजों का जनक।

झ—स्तम्भक और मोहक, बीजो का जनक, कार्य साधक, साधना का अवरोध माया बीज का जनक।

ट—बह्नि बीज, आग्नेय कार्यो का प्रसारक और निस्तारक, अग्नि तत्व युक्त विध्वसक कार्यो का साधक।

ठ—अशुभ सूचक बीजो का जनक, क्लिष्ट और कठोर कार्यों का साधक, मृदुल कार्यों का विनाशक, रोदन कर्त्ता, अशान्ति का जनक साक्षेप होने पर द्विगुणित शक्ति का विनाशक, वह्नि बीज।

ड—शासन देवताओं की शक्ति का प्रस्फोटक, निकृष्ट कार्यो की सिद्धि के लिए अमोघ सयोग से पञ्चतत्वरूप बीजो का जनक, निकृष्ट आचार-विचार द्वारा साफल्योत्पादक अचेतन क्रिया साधक।

ढ—निश्चल माया बीज का जनक, मारण बीजो में प्रधान, शान्ति का विरोधी, शान्ति वर्धक।

ण—शान्ति सूचक, आकाश बीजों में प्रधान, ध्वंसक बीजो का जनक, शक्ति का स्फोटक।

त—आकर्षक बीज, शक्ति का आविष्कारक, कार्य साधक, सारस्वत बीज के साथ सर्व सिद्धिदायक।

थ—मंगल साधक, लक्ष्मी बीजों का सहयोगी, स्वर मातृकाओं के साथ मिलने पर मोहक।

द—कर्म नाश के लिए प्रधान बीज आत्म शक्ति का प्रस्फोटक वशीकरण बीजों का जनक।

ध—श्री और क्ली बीजों का सहायक, सहयोगी के समान फलदाता, माया बीजों का जनक।

न—आत्म सिद्धि का सूचक—जल तत्व का स्रष्टा, मृदुतर कार्यो का साधक, हितैषी आत्म नियन्ता।

प—परमात्मा का दर्शक जलत्व के प्राधान्य से युक्त समस्त कार्यो की सिद्धि के लिए ग्राह्य ।

फ—वायु और जल तत्व युक्त महत्वपूर्ण कार्यो की सिद्धि के लिए ग्राह्य स्वर और रेफ युक्त होने पर विध्वसक, विघ्न विघातक, 'फट्' की ध्वनि से युक्त होने पर उच्चाटक कठोर कार्य साधक ।

व—अनुस्वार युक्त होने पर समस्त प्रकार के विघ्नो का विघातक और निरोधक, सिद्धि सूचक ।

भ—साधक विशेषत मारण और उच्चाटन के लिए उपयोगी, सात्विक कार्यो का निरोधक, परिणत कार्यो का तत्काल साधक, साधना मे नाना प्रकार से विघ्नोत्पादक, कल्याण मे दूर, कटु मधु वर्णो से मिश्रित होने पर अनेक प्रकार के कार्यों का साधक, लक्ष्मी वीजो का विरोधी ।

म—सिद्धि दायक, लौकिक और पारलौकिक सिद्धियो का प्रदाता सन्तान की प्राप्ति मे सहायक ।

य—शान्ति का साधक, सात्विक साधना की सिद्धि का कारण, महत्वपूर्ण कायो की सिद्धि के लिए उपयोगी, मित्र प्राप्ति या किसी अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति के लिए अत्यन्त उपयोगी ध्यान का साधक ।

र—अग्नि वीज, कार्य साधक समस्त प्रधान वीजो का जनक, शक्ति का प्रस्फोटक और वर्द्धक ।

ल—लक्ष्मी प्राप्ति मे सहयोग श्री वीजो का निकटत, सहयोगी और सगोत्री कल्याण सूचक ।

व—सिद्धि दायक आकर्षक ह, र और अनुस्वार के सयोग से चमत्कारो का उत्पादक, सारस्वत वीज, भूत-पिशाच-शाकिनी वाधा का विनाशक, रोगहर्ता लौकिक कामनाओ की पूर्ति के लिए अनुस्वार मातृका सहयोगापेक्षी, मगल साधक, विपत्तियो का रोधक और स्तम्भक ।

श—निरर्थक सामान्य वीजो का जनक या हेतु उपेक्षा धर्म युक्त शान्ति का पोषक ।

ष—आव्हान वीजो का जनक, सिद्धि दायक, अग्नि स्तम्भक, जल स्तम्भक, सापेक्ष ध्वनि ग्राहक, सहयोग द्वारा विलक्षण कार्य साधक, आत्मोन्नति से शून्य, रुद्र वीज का जनक, भयकर और वीभत्स कार्य के लिए प्रयुक्त होने पर साधक ।

स—सर्व समीहित साधक, सभी प्रकार के वीजो मे प्रयोग योग्य शान्ति के लिए परम आवश्यक, पौष्टिक कार्यो के लिए परम उपयोगी, ज्ञानावरणीय-दर्शनावरणीय आदि कर्मो का विनाशक, कर्ता वीज का सहयोगी, काम वीज का उत्पादक आत्म सूचक और दर्शक ।

ह—शान्ति पौष्टिक और माङ्गलिक कार्यो का उत्पादक, साधन के लिए परमोपयोगी स्वतन्त्र और सहयोगापेक्षी, लक्ष्मी की उत्पत्ति मे साधक, सन्तान प्राप्ति के लिए अनुस्वार युक्त होने पर जाप मे सहायक, आकाश तत्व युक्त कर्म नाशक सभी प्रकार के बीजो का जनक।

———

मन्त्र निर्माण के लिये निम्नांकित बीजाक्षरों की आवश्यकता

ॐ ह्रा ह्री ह्रूँ ह्रः हा ह स क्ली ब्लू द्रां द्री द्रूं द्र. क्ष्वी श्री क्ली अर्हं अं फट्। वषट्। सवौषट्। घे घे। ठ ठ खः ह्रल्व्यूं व्रं व्र य ऋं त थं पं आदि बीजाक्षर होते है।

बीजाक्षरों की उत्पत्ति

बीजाक्षरों की उत्पत्ति णमोकार मन्त्र से ही हुई है। कारण सर्व मातृका ध्वनि इसी मन्त्र से उदभूत है। इन सब-में प्रधान "ॐ" बीज है। यह आत्म वाचक है, मूल भूत है। इसको तेजो बीज, काम बीज और भाव बीज मानते है। प्रणव वाचक पंच परमेष्ठी वाचक होने से 'ॐ' समस्त मन्त्रों का सार तत्त्व है।

श्री .....कीर्त्ति वाचक
ह्री .....कल्याण
श्री .....शान्ति
ह्र .....मगल
ॐ ..... सुख
ह्र .....विद्वेष रोष वाचक
प्रौ प्री.....स्तम्भन
क्ली .....लक्ष्मी प्राप्ति वाचक
सर्व तीर्थकरों के नाम.....मंगलवाचक
श्वी .....योग

यक्ष—यक्षणियों के नाम..... कीर्त्ति और प्रीति वाचक।

मन्त्र शास्त्र के बीजो का विवेचन करने पर आचार्य ने उनके रूपो का निरूपण करते हुये बताया है कि—

अ आ ऋ ह श य क ख ग घ ङ	यह वर्ण वायु संज्ञक है।
इ ई ऋ च छ ज झ ञ क्ष र थ	यह वर्ण अग्नि तत्व सज्ञक है।
लृ व ल उ ऊ त ट द ड ण	यह वर्ण पृथ्वी तत्व सज्ञक है।
ए ऐ थ ध ठ ढ ध न स	यह वर्ण जल तत्व सज्ञक है।
ओ औ अं अः प फ ब भ म	यह वर्ण आकाश तत्व संज्ञक है।

वर्ण के लिंग

अ उ ऊ ऐ ओ औ अ, क ख ग घ, ट ठ ड ढ, त थ, प फ ब, ज झ, य स ष ल क्ष—इन वर्णों का लिंग पुल्लिग है। (सज्ञक है)

आ ई च छ ल व ..... ":इन वर्णों का लिंग स्त्री लिंग है। (सज्ञक है)

इ ऋ ॠ ऌ ॡ ए अः ध भ म र ह द ज ण ड न, इनका नपुसक लिंग है।

ध्वनि (उच्चार) के वर्ण, मन्त्र शास्त्रानुसार

स्वर और ऊष्म ध्वनि	ब्राह्मण वर्ण सज्ञक
अन्तस्थ और क वर्ग ध्वनि	क्षत्रिय वर्ण संज्ञक
च वर्ग और प वर्ग ध्वनि	वैश्य वर्ण सज्ञक
ट वर्ग त वर्ग ध्वनि	शूद्र वर्ण सज्ञक
वश्य आकर्षण और उच्चाटन मे	हू का प्रयोग
मारण मे	फट् का प्रयोग
स्तम्भन, विद्वेषण और मोहन मे	नम का प्रयोग
शान्ति और पौष्टिक मे	वषट् का प्रयोग

मन्त्र के आखिर मे 'स्वाहा' शब्द रहता है। यह शब्द पाप नाशक, मङ्गलकारक तथा आत्मा की आन्तरिक शान्ति दृढ करने वाला है। मन्त्र को शक्तिशाली करने वाले अन्तिम ध्वनि मे।

स्वाहा–स्त्रीलिग वषट्, फट्, स्वधा–पुल्लिग नम नपुसक लिग	उन वर्णों के इस प्रकार लिंग माने गये हैं।

बीजाक्षरों का वर्णन

ॐ, प्रणव, ध्रुव ब्रह्मबीज, तेजोबीज, वा ॐ तेजोबीज,

ऐं--वाग्भव बीज, ह्—गगन बीज,

लं—काम बीजं,
भ्रीं—शक्ति बीज,
हं स.—विषापहार बीज,
क्षीं—पृथ्वी बीजं,
स्वा—वायु बीजं,
हा—आकाश बीजं,
प्हाँ—माया बीजं,
भ्रौं—अ कुश बीजं,
ज—पाश बीज,
फट् त्रिसर्जन बीजम्, चालन बीजम्,
वौषट् पूजा-ग्रहणं—आकर्षण बीजम्,
सवौषट् - आमन्त्रण बीजम्,
ब्लूं—द्रावण,
क्लूं—आकर्षणं,
ग्लौं—स्तभनं,
प्ह्रीं- महाशक्ति,
वषट्—आह्वननम्,
र - जलनम्,
क्ष्वीं—विषापहार बीजम्,
उ—चन्द्र बीजम्
घे घै ग्रहण बीजम्,
वै विद्यौं - विद्वेषण बीजम्,
ट्रा ट्री क्ली ब्लूं स =रोष बीजम्
वा पच वाणीद्र,
स्वाहा—शातिकं मोहक वा—
स्वधा—पौष्टिकं मोहक वा
नम—शोधन बीजम्

प्हूँ—ज्ञान बीजं,
य—विसर्जन बीजं उच्चारणं,
प—वायुबीज,
जुं—विद्वेषण बीज,
इवीं—अमृत बीजं,
क्ष्वीं—भोग बीज,
प्ह्रौं—ऋद्धि सिद्धि बीजं,
प्हाँ - सर्व शान्ति बीजम्,
प्ह्रीं—सर्व शान्ति बीजम्,
प्हूँ—सर्व शान्ति बीजम्,
प्ह्रौं- सर्व शान्ति बीजम्,
प्ह —सर्व शान्ति बीजम्,
हे—दण्डं बीजम्,
ख—स्वादन बीजम्,
भ्रौं—महाशक्ति बीजम्,
हल्व्यूं—पिड बीजम्,
प्हूं—मगल सुख बीजम्,
श्री—कीर्ति बीजम्, वा कल्याण बीजम्
क्ली—धन बीजम्, कुबेर बीजम्,
तीर्थङ्कर नामाक्षर—शाति, मागल्य, कल्याण व
विघ्नविनाशक बीजम्,
अ—आकाश या धान्य बीजम्
आ—सुख बीजम् तेजो बीजम्

ई गुण बीजम् तेजो बीजम्
वा उ- वाय बीजम्

क्षा क्षी क्षुं क्षे क्षै क्षो क्षौ क्षं क्षः—रक्षा, सर्व कल्याण, अथवा सर्व शुद्धि बीज है।

त—थ—द— कालुष्य नाशक, मङ्गल वर्धक, सुख कारक मङ्गल

व " · " द्रवण वीजम् ।

य" · " "रक्षा वीजम् ।

मं····· " "मङ्गल वीजम् ।

झ····· ···· "शक्ति वीजम् ।

स···· ··· "शोधन वीजम् ।

मन्त्र सिद्धि के लिये जैन शास्त्रो मे ४ प्रकार के आसन कहे गये है—

(१) श्मशान पीठ ।

(२) शव पीठ ।

(३) अरण्य पीठ ।

(४) श्यामा पीठ ।

णमोकार मन्त्र मे से ही वीजाक्षरो की उत्पत्ति हुई है । जैसे—

(ॐ) समस्त णमोकार मन्त्रो से

(ह्री) की उत्पत्ति णमोकार मन्त्र के प्रवम चरण से—

श्री ,, ,, ,, ,, द्वितीय चरण से

क्षी क्वी ,, ,, ,, ,, प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से

क्ली ,, ,, ,, ,, प्रथम पाद मे से प्रतिपादित

द्रां द्री ,, ,, ,, ,, चतुर्थ और पचम चरण से

ह्र ,, ,, ,, ,, प्रथम चरण से

ह्रं ,, ,, ,, ,, वीज हे तीर्थङ्करो के यक्षिणी द्वारा अत्यन्त शक्तिशाली और सकल मन्त्रो मे व्याप्त है ।

-ह्रां -ह्री -ह्रूं -ह्रौं -ह्र ,, ,, प्रथम धरणी से उत्पन्न हुए है ।

क्षा क्षी क्षू क्षे क्षै क्षो क्षौ क्ष ,, ,, प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से उत्पन्न हुये है ।

बीजाक्षर मन्त्र

(१) ॐ —इसे 'प्रणव' नाम से ही प्रसिद्धि है। अरिहन्त अशरीर (सिद्ध) आचार्य, उपाध्याय, मुनि (साधु) इनके पहले अक्षर लेकर सन्ध्यक्षर ॐ बना है। यह परमेष्ठीवाचक है।

(२) ह्रीं —यह मन्त्र राज, मन्त्राधिप, इस नाम से प्रसिद्ध है। सब तत्वो का नायक बीजाक्षर तत्व है। इसे कोई बुद्धि तत्व, कोई हरि, कोई ब्रह्म, महेश्वर या शिव तत्व या कोई सावं, सर्वव्यापी या ईशान तत्व इत्यादि अनेक नामो से पुकारता है। इसे 'व्योम बीज' भी कहते है।

(३) ह्रीं —मन्त्र का नाम 'माया वर्ण', माया बीज और शक्ति बीज ही कहते है।

(४) झ्वीं —मन्त्र का नाम सकल सिद्ध विद्या या महा विद्या है, इसे 'अमृत बीज' ही कहते है।

(५) श्री —मन्त्र का नाम छिन्न मस्तक महाबीज है। इसे 'लक्ष्मी बीज' ही कहते है।

(६) क्लीं :—मन्त्र का नाम काम बीज है।

(७) ऐं —मन्त्र का नाम 'काम बीज' और 'विद्या बीज' ही है।

(८) 'अ' :

(९) क्ष्वीं —मन्त्र का नाम क्षिति बीज है।

(१०) स्वा —मन्त्र का नाम वायु बीज है।

(११) 'हां'	(१२) 'हूं'	(१३) 'हौं'	(१४) 'ह'
(१५) 'क्लं'	(१६) 'क्रौं'	(१७) 'श्रीं'	(१८) 'श्रूं'
(१९) 'क्षां'	(२०) 'क्षीं'	(२१) 'क्षं'	(२२) 'क्ष'

युग्माक्षरी

(१) अर्ह (२) सिद्ध (३) ॐ ह्रीं (४) आ, सा

त्र्याक्षरी

(१) अर्हत (२) ॐ अर्ह (३) ॐ सिद्ध

चतुराक्षरी

(१) अरहत या अरिहत (२) ॐ सिद्धेभ्य (३) असिसाहु

पंचाक्षरी

(१) असि आउसा (२) हां ह्रीं हूं ह्रौं ह (३) अर्हत सिद्ध

त—थ—द— कालुष्य नाशक, मङ्गल वर्धक, सुख कारक मङ्गल

व " " " द्रवण वीजम् ।

य" " " "रक्षा वीजम् ।

मं" " " "मङ्गल वीजम् ।

झ" " " शक्ति वीजम् ।

स" " "शोधन वीजम् ।

मन्त्र सिद्धि के लिये जैन शास्त्रो मे ४ प्रकार के आसन कहे गये है—

(१) श्मशान पीठ ।

(२) शव पीठ ।

(३) अरण्य पीठ ।

(४) श्यामा पीठ ।

णमोकार मन्त्र में से ही वीजाक्षरो की उत्पत्ति हुई है । जैसे—

(ॐ) समस्त णमोकार मन्त्रो से

(ह्री) की उत्पत्ति णमोकार मन्त्र के प्रवम चरण से—

श्री	,,	,,	,,	,,	द्वितीय चरण से
क्षी क्वी	,,	,,	,,	,,	प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से
ग्लौ	,,	,,	,,	,,	प्रथम पाद मे से प्रतिपादित
द्रां द्री	,,	,,	,,	,,	चतुर्थ और पचम चरण से
ह	,,	,,	,,	,,	प्रथम चरण से
ह्रं	,,	,,	,,	,,	वीज हे तीर्थङ्करो के यक्षिणी द्वारा अत्यन्त शक्तिशाली और सकल मन्त्रो मे व्याप्त है ।
-हां -ही -हूँ -हौ -ह.			,,	,,	प्रथम धरणी से उत्पन्न हुए हैं ।
क्षा क्षी क्षू क्षे क्षै क्षो क्षौ क्ष			,,	,,	प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से उत्पन्न हुये है ।

बीजाक्षर मन्त्र

(१) ॐ .—इसे 'प्रणव' नाम से ही प्रसिद्धि है। अरिहन्त अशरीर (सिद्ध) आचार्य, उपाध्याय, मुनि (साधु) इनके पहले अक्षर लेकर सन्ध्यक्षर ॐ बना है। यह परमेष्ठीवाचक है।

(२) ह्रीं —यह मन्त्र राज, मन्त्राधिप, इस नाम से प्रसिद्ध है। सब तत्वो का नायक बीजाक्षर तत्व है। इसे कोई बुद्धि तत्व, कोई हरि, कोई ब्रह्म, महेश्वर या शिव तत्व या कोई साव, सर्वव्यापी या ईशान तत्व इत्यादि अनेक नामो से पुकारता है। इसे 'व्योम बीज' भी कहते है।

(३) ह्रीं —मन्त्र का नाम 'माया वर्ण', माया बीज और शक्ति बीज ही कहते है।

(४) श्वीं —मन्त्र का नाम सकल सिद्ध विद्या या महा विद्या है, इसे 'अमृत बीज' ही कहते है।

(५) श्री —मन्त्र का नाम छिन्न मस्तक महाबीज है। इसे 'लक्ष्मी बीज' ही कहते है।

(६) क्लीं :—मन्त्र का नाम काम बीज है।

(७) ऐं —मन्त्र का नाम 'काम बीज' और 'विद्या बीज' ही है।

(८) 'अ' :

(९) क्ष्वीं —मन्त्र का नाम क्षिति बीज है।

(१०) स्वा —मन्त्र का नाम वायु बीज है।

अश्विनी नक्षत्र मे अर्द्ध रात्रि को नग्न होकर अपामार्ग की जड़ को लावे, फिर कण्ठ में धारण करे तो राज सभा वश होय। १।

भरणी नक्षत्र मे संखा होली की जड लावे, ताबीज में रक्खे (पर) स्त्री वश में होय। २।

कृत्तिका नक्षत्र में रोहिस की जड लावे, पास रक्खे तो अग्नि नही लगे। ३।

रोहिणी नक्षत्र में अर्द्ध रात्रि मे नग्न होय, नेगद बावची की जड लावे और पास रक्खे तो वीर्य चाले नही। ४।

मृगशिर नक्षत्र मे महुवा की जड लावे तो रात्रि मे चोरी नही होय। ५।

आद्रा नक्षत्र में अर्क की जड लाय, ताबीज में डालकर पास रक्खे तो, झूंठी बात सच होय। ६।

पुनर्वसु नक्षत्र में मेहदी की जड को लेकर पास रक्खे तो अपने शरीर मे अच्छी सुगन्ध आती है। ७।

पुष्प नक्षत्र मे नागरवेल की जड लेकर पास रक्खे तो, दुष्ट वावय से कभी भय नहीं होता है। ८।

आश्लेषा नक्षत्र मे धतूरा की जड लेकर देहली मे रक्खे तो, सर्प घर में आने का भय नही रहता है। ९।

मेघा नक्षत्र मे पीपल की जड लेकर पास रक्खे तो रात्रि में दुस्वप्न नही आते हैं। १०।

पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र मे आम की जड लाकर दूध मे घिस कर पिलाने से बांझ स्त्री को पुत्र की प्राप्ति होती है। ११।

उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र मे नीम की जड को लाकर पास रक्खे तो लडकी से लड़का होता है। १२।

हस्त नक्षत्र में चम्पा की जड़ लाकर गले मे बाधने से भूत प्रेत नही लगता है। १३।

चित्रा नक्षत्र मे गुलाव की जड लेकर पास रक्खे तो शरीर मे नप्ट नही होता है । १४ ।

स्वाति नक्षत्र मे मोगरा की जड लेकर भैस के दूध मे घिस कर पीने से काले से गोरा होता है । १५ ।

विशाखा नक्षत्र मे वबूल की जड को लाकर पास मे रक्खे तो नित्य ही चोरी करने पर प्रकाशित नही होता है ।

अनुराधा नक्षत्र मे चमेली की जड को लाकर सिर पर रक्खे तो शत्रु मित्र हो जावे । १७ ।

जेष्ठा नक्षत्र मे जामुन की जड को लाकर पास रक्खे तो राजा के द्वारा सन्मान को प्राप्त हो । १८ ।

मूल नक्षत्र मे गूलर की जड लेकर पास रक्खे तो दूसरे का द्रव्य मिले । १९ ।

पूर्वाषाढा नक्षत्र मे शहतूत की जड लेकर स्त्री को पिलावे तो योनि सकोच होती है । २० ।

उत्तराषाढा नक्षत्र मे कलगरामा की जड लेकर हाथ मे वाँधे तो पहलवान से युद्ध मे जीते । २१ ।

श्रवण नक्षत्र मे आवली की जड, नागरवेल के रस मे पीवे तो स्त्री नव यौवनवान हो । २२ ।

धनिष्ठा नक्षत्र मे वबूल की पत्ती अजन आँख मे करे तो सोना, चादी की परीक्षा मे सफल होय, याने परख ज्यादा करे । २३ ।

शतभिषा नक्षत्र मे केले की जड लेकर शहद के साथ पीवे तो चाप न होय । २४ ।

पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र मे तुलसी की जड लेकर मस्तक पर रक्खे तो मुरदा कभी नही जलता है । २५ ।

उत्तराभाद्रपद नक्षत्र मे पीपल की जड लेकर पास रक्खे तो चतुर मनुष्य युद्ध मे जीत कर आता है । २६ ।

रेवती नक्षत्र मे वड की जड लेकर माथे पर रक्खे तो दृष्टि चौगुनी होय । याने अगस दृष्टि होती है । २७ ।

हिगुल १८ तोला, अभ्रक ३२ तोला एकत्र कर रुद्रवती के रस मे घोट कर चादी के पत्रे पर लेप कर पुट दीजे तो सुवर्ण होता है । २८ ।

स्वर्ण माक्षिक ८ माशा, पारा ४ माशा, तावा ४ माशा, सुहागा ४ माशा, इन सब चीजो को एक साथ गलाने से शुद्ध चादी होती है। २९।

शुद्ध गन्धक को प्याज के रस मे १०८ बार तपा कर भुजावे तो, फिर उस गन्धक को चादी के पत्रे पर गलावे तो सोना होता है। ३०।

मेनशिल, सिंधब, गोरोचन, भृगराज के रस मे इन चीजो को घिस कर वाम हाथ पर, जिसको वश करना चाहे, उसका नाम लिखे, फिर अग्नि में तपावे तो वशी होता है। ३१।

हस्त नक्षत्र रविवार के दिन अधाहुली को लेकर राजा के माथे पर डाले तो राजा वश होता है और दुष्ट व्यक्ति भी स्नेह करने लगता है। ३२।

अधोमुखा च जला च स्वेता च गिरि कर्णिका गोरोचन समीयुक्तं, तिलकं विश्व मोहन। ३३।

चिता भस्म विष युक्त, धतुर चूर्णं मिश्रितं, यस्यागे विक्षिप्ते सद्योयातीय मालयम। ३४।

मनुष्य की हड्डि का चूर्ण, जिसको पान मे रखकर खिला देवे तो, मनुष्य मर जाता है। ३५।

भरणी नक्षत्र मगलवार को चिता की लकड़ी लेकर आवे, शत्रु के दरवाजे पर गाड़ देवे तो शत्रु शीघ्र मर जाता है। ३६।

काले साप की वसा, काचली की बत्ती बनाकर धतूरे के तेल मे भिगोकर, दीपक जलावे फिर मनुष्य की खोपडी पर काजल उपाड कर और चिता की भस्म, पाच प्रकार का निमक इन सब चीजो को सम भाग मिला कर जिसके ऊपर डाल देवे वह मर जावे। ३७।

बीछू का मांस और कटक का चूर्ण कर जिसके ऊपर डाल देवे वह मर जायेगा। अमावस के दिन चिता की भस्म से यन्त्र लिखकर चिता मे ही डाल देवे तो शत्रु मर जाये। ३८।

उल्लु की विष्टा और विष को मिला कर जिसके अंग पर डाल देवे वह शीघ्र मर जाता है।३९।

गधे का विष्टा और विष दोनो को जिसके ऊपर डाल देवे वह, शीघ्र मर जावे।४०।

शत्रु की विष्टा मनुष्य की खोपडी मे भर कर एकान्त वन मे गाड देने से ज्यो ज्यो गडी विष्टा सुखेगी त्यो २ शत्रु मरेगा ॥४१॥

ककलास की वसा का तेल १ वीदु भी जिसके ऊपर डाल दिया जाय वह मर जायगा ।४२।

तुलसी के वीज का चूर्ण सहदेवी की जड के रस मे रविवार के दिन घिस कर तिलक लगाने से मोहित होता है ।४३।

हरिताल, और असगध को केला के रस मे गौरोचन सहित घिस कर तिलक लगाने से मोहित होता है ।४४।

शृ गी, चन्दन, वच, कूट, ये चारो चीज की धूप वनावे फिर अग्नि मे उस धूप को डाल कर अपने शरीर मे धुआ लगावे और अपने मुख मे भी धुआ लगाने से और वस्त्र मे धुआ लगाने से राजा प्रजा पशु पक्षी जो देखे सर्व मोहित हो ।४५।

पान की जड का तिलक करने से मोह नही होता है ।४६।

मैनसिल, कपूर, कोकेला के रस मे घिस कर स्नान करे तो मोह नही होय ।४७।

सेंदूर, वच, असगध, पान के रस में घिस कर स्नान करे और तिलक करे तो मोह न होय ।४८।

भगरा्या, चिचिडा, छुइमुइ, सहदेई, इन चारो चीजो का तिलक लगाने से मोह न होता है ।४९।

डमरू के फूल की वाती नैनु के साथ रात्रि को जलाय काजल उपाड कर अंजन करे तो मोह न होता है ।५०।

सफेद घु घची का रस वह्मदडी की साथ घिस कर शरीर मे लेप करने से मोह नही होता है ।५१।

सफेद दूव के रस मे हरिताल को घिस कर तिलक लगाने से मोह नही होता है ।५२।

सफेद अकुआ की जड और सफेद चन्दन को घिस कर तिलक लगाने से मोहन होता है ।५३।

वेलपत्र छाया मे सुखा कर, कपिला गाय के दूध मे घिस कर तिलक लगाने से मोह नही होता है ।५४।

भाग के पते, सफेद सरसो, इन दोनो को कुट कर शरीर मे लेप करने से मोह नही होता है ।५५।

तुलसी के पत्ते को छाया मे सुखा कर चूर्ण करे, असगध, और भाग का वीज सम भाग मिला कर कपिलाधाय के दूध मे घिस कर गोली बनावे, उस गोली का तिलक लगाने से मोह नही होता है और उस गोलीकी शस्त्र मे लेपन करने से शत्रु की सेना उस शस्त्र को देख कर ही भाग जाती है ।५६।

विष्णु काता का बीज मे से तेल निकाले यन्त्र से, फिर उस तेल मे विष भी मिलावे तेल, और अफीम, गधे का पेशाब, धतुरे का बीज का चूर्ण, हरताल, मेनसील, गन्धक, इन सब को लेकर घोटकर पाच छटाक का गोला बनाकर रख लेवे जब युद्ध का काम पड़े तब अपने शस्त्र पर उस गोले का लेप कर युद्ध मे जावे तो शत्रु की सेन्य उस शस्त्र को देखते ही भय-भीत होकर भाग जावे, और अपने पर दूसरो का शस्त्र चल नही सकता है ।५७।

श्मशान की राख को १ मिट्टी के बर्तन में भर कर शत्रु का नाम लेकर नील के रग मे रगे हुये डोरे से उस बर्तन को बाध कर गाड देवे तो शत्रु की सेन्य का स्तभन हो जाता है ।५८।

ऊट की हड्डी ४ अंगुल प्रमाण कील जहाँ गाडे वहाँ गाय मैस नही जाती है, उनका स्तंभन हो जाता है ।५९।

रजस्वला स्त्री का कपडा और गौरोचन, दोनो चोज को लेकर शत्रु का नाम लेकर गडे मे डालने से शत्रु का स्तभन हो जाता है ।६०।

दो इंट श्मशान की आग सहित लेकर जगल मे गाड देवे तो मेघ का स्तभन होता है ।

मूलं गृन्हाति मधुक, पिष्टानिशि समाचरेत् । निद्रास्तभन मेतद्धि, मूल देवेन भाषित ।

भरवा क्षीर काष्टाना कील पचागुलिक्षिपत्नौकास्त भन मेतन्मूलदेव न भाषित ।

रविवार के दिन सती होने वाली स्त्री की चिता मे इंट धर आवे फिर तीसरे रवि-वार जाकर उस इंट को ले जिसके घर मे डाल दे अथवा खोद दे तो उसके घर में पत्थर बरसने लगते है ।

उल्लू का पित्तो और कालि जो, मशान की भस्म, गाय की लूणी, इन सब चीजों को मिला कर गोली बनावे उस गोली को सोने या चादी के ताबीज मे भर कर पास रखे तो अदृश्य होता है । स्वय सबको देखता है और स्वयं को कोई नही देख पाता ।

एक वर्ण का काला कुत्ता को पकड़ कर उपवास करावे, स्वय भी उपवास करे, दूसरे दिन दूध, और काला तिल, उस कुत्ते को खिलावे, जब कुत्ता टट्टी करेगा, उस टट्ठी मे

से काले तिल को निकाल कर तिल में से तेल निकाल कर यन्त्र मे नही गया, उपास की वत्ती वना कर उस वत्ती को डाल कर दीपक जलावे और काजल पाडकर आख मे अजन करे तो मनुष्य अदृश्य हो जाता है।

धौली (सफेद) चिणोठी, (गु जा) सफेद रीगणी, (सफेद भट कटैआ) की जड लेकर चूर्ण करे फिर मनुष्य की खोपडी पर काजल उपाड कर नैत्र मे अजन करने से अदृश्य होता है।

नागार्जुनप्रणित अंर्तध्यान विधिः

सफेद सुरमा १, सेवार कटक १, सोना मुखी १, जेठी मध १, ये चारो वस्तु वरा वर लेकर कन्या के प्रथम मासिक धर्म का रक्त मे गोली वनावे, उस गोली को सोना, चादी के तावीज मे डाल कर उस तावीज को मु ह मे रखे तो मनुष्य अदृप्य होता है।

शुक्ल एक रग की विल्ली को तीन दिन भूखी रख कर चोथे दिन कपिला गाय के घी को खिलावे, तव विल्ली तत्काल उल्टी करेगी उस घी को लेकर, कपास के फल मे से रुइ निकाल कर उसकी वती वनावे दीपक जलावे मनष्य की खोपडी पर काजल उपाडकर नेत्र मे अजन करे तो अदृश्य होता है।

शिवालयेतु कन्यार्क, शिलायाशिलया सह, ललाटे तिलक दत्वा, दृश्यो भवति तत्क्षण।

लोद्र विभितिक, आमलक, वा रुइ के फूल, इन सवको चतुर्था स जल घोटे और आख मे अ जन करे तो आख मे फूला का नाश होता है। रात्रिघता का नाश होता है।

पिडी, तगर की जड, गोरोचन के साथ ताम्वे के वर्तन मे रगड कर आख मे आजने से अक्षिपुष्प नाशयति) याने आख का फुला नष्ट हो जाता है।

लाल चन्दन, मिरच, सम भाग लेकर पानी मे पीस कर लेप करने से विस्फोटक का नाश होता है।

गडुची, हरिद्रा, दूर्वा, धूर्य से, समभाग, गुटिका क्रियते से सर्व व्रणोपशम करोति प्रलेपन।

रवि के दिन सफेद कनेर की जड को लेकर कुसुम्भ डोरे से वाध कर वाम हाथ में वांधने से (मर्कटिका) का नाश होता है।

अश्विनी नक्षत्र मे घोडे की पाव की हड्डी ४ अंगुल प्रमाण शत्रु के घर मे फेकने से शत्रु के कुल का उच्चाटन हो जाता है।

उत्तरा भाद्रपद नक्षत्रे स्वान (कुत्ते) की पाव की हड्डी अंगुल पाच जिसके घर में डाल दिया जाय वह चक्षुहीन हो जाता है।

वालउनागवोलिन पुन. पत्राणि ग्राह्याणि जलेन घृष्टवापीयते भ्रूणो न भवति।

हीगु, सिधव, का काढा बना कर पीने से (गर्भो न भवति)।

श्वेतगिरि कर्णिका की जड को योनी मे डालने से गर्भ का नाश होता है।

मधु, कर्पूर, पदै पूगीफल पूरयित्वा सुरत समयेभक्षयेत (पुत्रो भवति)

पार्श्वपिप्पल फलानि एक वर्णे गो दुग्धेन प्रस्तावे स्त्रिय पानेदात व्यानि (पुत्रोत्पत्ति कृत)

काक जगा की जड को एक वर्ण की गाय के दूध मे पीवे, निश्चित ही गर्भ रहे।

भृगराज रस, पली १ (एक छटाक) काच कर्पूर गठियाणउ १ (कपूर) गाठियउ १ ऋतु स्नाने दिन त्रयस्त्रीपाय्यतेत्तद्दिनत्रये श्वेत वर्ण गो दुग्धक्षीरेयी भोजनं कार्यं अन्यकेकिमपिन भोक्तव्य पुत्रोत्पत्तिर्भवति दृष्टप्रत्यय।

मातुलिग (बिजोरा) के वीज की दूध के साथ २ खीर वनाकर घी के साथ पीवे तो स्त्री को निश्चित ही गर्भ रहे किन्तु ऋतु समये तीन दिन खाना चाहिये।

गेरू, (ही-डमीस) विद्रग, पीपली, समभाग लेकर पीसे फिर सभोग के समय पान करने से स्त्री गर्भवान होती है।

रविवारे अष्टमी निशीथ समसे वाटिकाया जाती पत्र सरडक मेक गृहीत्वा एक वर्ण गोक्षीरेण सहपीयतेरितु समये गर्भ धारयति।

वासक, त्रिफला, शर्करा, मुलेठी, को समभाग लेकर पीसकर रितु समय मे यदि स्त्री पीये तो गर्भवान हो।

श्वेत रीगणी मूल पुष्य नक्षत्र मे लेकर एक वर्ण की गाय के दुध मे पीवे तो वन्ध्या भी पुत्रवान होती है।

मयुरशिखा की जड को दिन ३ दूध के साथ पीने से स्त्री पुत्रवान होती है। लक्षमणा भाग ३ उभयलिगी भाग ४ विरहाली भाग ६ सब एकत्र करके गाय के दुध मे पीसकर ऋतु समय मे स्त्री को पीलाने से पुत्र होता है।

श्वेत पुनर्नवा मूल को दूध के साथ पीस कर पिलाने से स्त्री को गर्भ रहता है।

(पट्टिट्ट प्राणिविशेष) तथा हल्दी दोनो का चूर्ण कर वकरे के मूत्र मे भावना देकर मनुष्य को खिलाने से नपुंसक हो जाता है।

तिल चूर्ण गोक्षुर चूर्णपतौ समभाग करके वकरे के मूत्र मे काथ करे जव काथ ठडा हो जाय तव माक्षिक के साथ खिलाने से नपुसकता का नाश हो जाता है।

उदस्ट्र हवड मध्ये मानुपास्थि प्रक्षिप्य मिथुनस्य शिरोदेशे स्थापयेत् रेत स्तभो-भवति।

यस्यलिंगे पापाण निरोधोभवति (जिसके मूत्राशय मे पथरी हो) तस्य (कालानमक) कृष्णलवणेन सहसुरापान दीयत्ते साम्यत्र जत्ति।

अपकतिल नाल भस्म गृहीत्वा दुग्धेन माक्षिकेन सहपान दी॰ ते स एव पाखापान लिंग पीडा नाशयति।

सखाहुली की जड और गाय का शृ ग (सीग) को वाधने से स्तन रोग का नाश होता है। काक जगा की जड और उपलउ (पाषाण) दोनो को जल के साथ पीस कर नस्य दे अववा पिलावे तो सर्प का जहर उतर जाता है।

कविट्ठ की जड, नमक, और तेल, इनको पीलाने से विच्छु का जहर उतर जाता है। तिल की जड, अनार की छाल, समभाग लेकर ठडे जल से पीस कर गुटीका वनावे पीलावे वीछु के जहर का नाश करता है।

वध्याकर्कोटिका सर्प दृष्टस्य जलेन धर्पयित्वामध्येपान तस्य च देय भद्रो भवति।

गु गची की जड को (पाय तरे) वाधे तो व्यवहार मे अपराजित होता है याने उसको कोइ जीत नही सकता है।

कु दमूल पुष्पेणोत्पाद्य प्रसार के धर्त्तव्य प्रभूतक्रिया भवति।

कृष्णा निर्गुंडी का मूल मागसिर मधि पुष्यार्के उत्पाद्य तस्मिन्नवदिने मूले श्वेत सर्प पाश्व ग्र थौ वध्यतेहदेव्यवहारो घनो भवति दृष्ट प्रत्यय।

काक जगाहाथ मे वाधने से सर्व प्रकार के ज्वर का नाश होता है।

पिटारी, (काकश्री) की जड को सध्याकाल मे लेकर कमर मे वाधने से हर्प रोग (मस्सा) का नाश होता है लेकिन जड को चौदश के दिन दीप धूप विधान से लेवे।

उपरोक्त औपधि की लकडी अठारह अ गुल प्रमाण लेकर (दतपवनेन) तो सर्वप्रकार के ज्वर का नाश करता है।

विशाखा नक्षत्र मे पिंडी तगर की जड को चांवल के पानी के साथ पीवे से स्त्रियों का रक्त स्त्राव, बन्ध हो जाता है।

इमली के बीज २ बहेडा के बीज २ हरडे का बीज २ इन बीजो की गुटिका बनाकर पानी के साथ आख में अंजन करे तो (तिमिरंगच्छति) ज्योति ज्यादा बढती है।

काक, पारावत, मयुर, कपोतना, विष्टागृह्यते, तत्पश्चात, खर, (गधा) रूधिर सहिता निगडानि लपयेत् तत्क्षणत्रुटयति।

सियाल के आख का चूर्ण अपने आख (नेत्र) मे अंजन करने से रात्रि मे बडे बडे भूत नजर आते है उन भूतो से नही डर कर जो उनसे इच्छा करे वही चीज वो भूत लोग लाकर देते है।

मनुष्य करोडि मध्ये अर्कतूल सत्कदीवरि महिषी सत्क नव नीत दीपे प्रज्वाल्य मीष-पाततेह जेक्रियतेऽदृश्यो भवति।

विल्ली की जरा को (जो बच्चा पेदा होने के समय निकलती है) त्रिलोह के ताबिज में डाल कर पास रखे तो अदृश्य होता है।

मुखे निलोत्पलंनाल, केशरश्वेत पद्मिनिपुष्प मधु शर्कराधृतेन नाभिलेपोदीयतेवीर्य-स्तम्भ छीत प्रोइ गृहीत्वा छो हरि दुग्धेन भावयित्वा पादौलेपयेत् वीयं स्तम्भः।

श्वेतसर प खा की जड को नाभि पर लेप करने से वीर्य का स्तंभ होता है।

मयणु मयण हलु मणसिल एकीकृत्य लिगं लेपयेत वीर्यं स्तभो भवति।

श्वेतसरप खा की जड को कमर मे बाधने से और दक्षिण जंघाप्रदेश मे स्थापित करने से वीर्य का स्तंभन होता है।

श्वेतपुनर्नवा की जड को दूध के साथ घिस कर पिलाने से स्त्रियो को गर्भ रहताहै। सावलि (साल्मली) (सेमर) काष्टपादुका· क्रियते वज्रापरिवृते मुक्तवाणिमध्ये प्रक्षिप्य लेपोदिय ते अलग पादुकाभि· चंक्रम्यते।

सफेद कनेर की जड को रविवार के दिन ल कर कुसुंभ र ग के डोरे में वामहस्त में बांधने से (मर्कटिका) रोग नष्ट होता है

कोलिका गृहद्रय मुत्याद्य सूक्ष्म व स्त्रेण वेष्टियित्वा तैलेन स्निग्धं कृत्वा कोरक शराबे (कोरामिट्टी का घडापर) कज्जल पात्यते तेनाक्षि अजयेत् एकातर, द्वयतर चातुर्थिक ज्वराना-शयति। गोघृतेन दीपक दातव्य तस्य दीपकस्य शिखाया सूचीकापोइ (सुइपीरोना) अरीवादह

नीय, गोसत्क माथुअरीवा घर्षणीय जीरक मगध, पिपल, नमक सेधा, मध्ये घषणीय ताम्र भाजने घर्षण कर्तव्य अक्षिरोगो नश्यति ।

सरसो, हिंगुल, नीम के पत्ते, वच, साप की काचली, को धूप वनाकर खेने से शाकिनी का उच्चाटन होता है और सर्व प्रकार की ऊपर की वाधाएं दूर होती है ।

वणिमूल, हिंगुल, सु ठि, इन सव चीजो को वरावर मात्रा मे लेकर पानी के साथ पीसकर सुंघाने मे शाकिन्यो नश्यति ।

वहेडावीज सैंधव, शखनाभि सममात्रा चूर्णेन अक्षिभरण चक्षुफुल्लोपशम ।

वंदा कल्फ

नंदिषेणाचार्य कृत

वदाकल्प प्रवक्ष्यामि नन्दिपेण मुनि भाषित, यस्यविज्ञान मात्रेण, सर्वसिद्धि प्रजायते । अश्विनी नक्षत्रे पलास (डाक) वदा सगृह्यहस्ते वध्वा सर्पभयनिवारयति । भरणी नक्षत्रे आयिली (इमली) वा आवल, वदा सगृह्य हस्ने वध्वा सग्रामेराजकुले अपराजितो भवति सर्वजन प्रियोभवति और इसी नक्षत्र को, कुश, वदा सगृह्यद्रव्य मध्येधान्य राशौवाध्रियते अक्षयो भवति ।

कृतिकानक्षत्रे वध्या कर्कोटी मूल उत्तराभिमुखोभूय उत्पाद्यते हस्तेवध्यते सर्व प्रकारस्य ज्वरयाति । और इसि नक्षत्रको तुवरि (उवरि) वदा सगृह्य दुग्धेन सहपिवेत् महापुष्टिकारक भवति ।

रोहनी नक्षत्रे विल्ववदागृह्यहस्ते वध्यते सर्वदोप्रग्रहान् निवारयति । मृगशिरनक्षत्रे शन्वपुष्फिमूल दक्षिणाभिमुखीभूत्वा उत्पाट्य कर्णे दत्वाफू किते वृश्चिकविप नाशयति ।

आद्रानक्षत्रे जातीमूल ( ) वायव्याभि मुखीभूय उत्पाट्य हस्ते वध्वा सर्वजन प्रिय भवति । इसी नक्षत्र मे जाति मुन वाय व्याभि मुख भूप उत्पादय लिहसोडा वदा सगृह्य द्रव्यमध्ये धान्यराशोवा स्थापयेत् अक्षयो भवति ।

पुनर्वसु नक्षत्रे मदार (अर्कौआ) वदा सगृह्य हस्तेवध्वा सर्व ज्वर नाशयति । इसी नक्षत्र मे कटिका मूलनैऋत्याभिमुखी भूय उत्पाट्यते वीदकृत्वा हस्ते वध्वा सर्व जनप्रियो भवति । इसी नक्षत्र मे वट वदा वीज कृत्वाया स्त्रीऽपुत्रिणी भवति स तस्या पुत्रो भवति । पुष्य

नक्षत्रे श्वेतार्कमूल सगृह्य राजा सन्मुखराई सहित्त सहस्त्र जाप कृत्वाऽग्नि मध्येहोम कारयेत् सप्तरात्रेण उच्चाटयति ।

इसी नक्षत्र मे कुशवदा संगृह्य कटिवध्वा षोडश कन्या रमते ।

अश्लेषा नक्षत्रे पुनर्नवा मूल ईशानदिशाभिमुखी भूय उत्पाट्यते बीज क्रियते सर्व कर्माणि करोतिविषं नाशयति ।

मघानक्षत्रे मदारक मूल पूर्वाभिमुखी भूयोत्पाद्यते सर्वकर्माणि करोति । यदाविनाय ऋ ुकरिमस्तके प्रक्षिप्यते पूज्यते, तदा मनश्चितितकार्य भवति ।

मघानक्षत्रे मधुवदा सगृह्य क्षेत्र मध्ये तथा चतु कौणे स्थापयेत् मूषकायाति ।

पूर्वाफाल्गुनिनक्षत्रे दाडिम (अनार) वदाहस्ते वध्वाज्वर नाशयति ।

उत्तराफाल्गुनि नक्षत्रै उ वरि मूल (तु वरि) उत्तराभिमुखो भूयत्पाट्यते हस्तेवध्वा सर्वकार्याणि करोति ।

चित्रानक्षत्रे वदरी (बैर) वदाहस्तेवद्धा सग्रामे राजकुले अपराजितो भवति ।

स्वातिन नक्षत्रे धातकी वदा हस्ते वध्वा यास्त्री रमते सा वश्या भवति ।

विशाखा नक्षत्रे वोरि वदा सग्रह्यवणिजे, दूते, (जुएमे) अपराजितो भवति ।

अनुराधा नक्षत्रे आविली (इमली) वदा संगृह्य यस्पृशेत् सवश्यो भवति ।

ज्येष्टानक्षत्रे मधूक, निंव, कपिथ, वदा संगृह्य यः स्पर्शते सवश्यो भवति ।

मूलन क्षत्रे खदीर वंदाय हस्य गृहे ध्रियते सवश्यो भवति ।

पूर्वाषाढा नक्षत्रे अमिलोडवदा अजाक्षिरेण सह य पिवतित्तस्य वातरोगनाश यति ।

उत्तराषाढा नक्षत्रे मदारक वंदाहस्ते वध्यते सर्व जनप्रियो भवति ।

श्रवणनक्षत्रे कमोलिवदाहस्ते वध्वा सर्वेषां विष नाशयति ।

धनिष्ठा नक्षत्रे बवूल वदा कटि वध्वा हरिषा (बवासिर) नाशयति ।

शतभिखा नक्षत्रे ककोलिका वदा अजाक्षीरेण सहपीवेत् कुष्टयाति । इसी नक्षच में शखपुष्पी मूल उत्तराभिमुखी भूयोत्पाट्यते पीष्यते स्त्री रितुकाले दिन ३ क्षीरेण सहपीवति सा स्त्री पुरूष सग मे गर्भवति भवति ।

पूर्वाभाद्रपद नक्षत्रे चपकवदा (चपा) सगृह्य तिलक कृत्वा य इच्छति तंभवति । उत्तराभाद्रपद नक्षत्रे पलासवदा (ढाक) सगृह्य क्षीरेण सहपीवति वध्या पुत्रं प्रशवति ।

रेवति नक्षत्रे अश्वत्थ वदकं सगृह्य हस्ते वध्वा लोकेश्वर पुत्रं जनयति ।

॥ इति ॥

अथ कलकोशं प्रवक्ष्यामि

धन्वंतरी कृत

श्वेत् अपराजिता, मूलं नाश्यदेयं सर्वग्रहं नाशयति ।
वंध्या ककोडी मूलं तंदुलोद केनसहा पीषयेत् सर्वविषं नाशयति ।
श्वेतगिरी कर्णिकामूलं नाश्यदेयं शिरोरोगं नाशयति ।
मयुरशिखा मूलं कर्णेविध्वा चक्षुरोगं नाशयति ।
अपामार्ग मूलं भृगाराज संयुक्तं हस्तेवध्वा सर्व जनप्रियो भवति ।
शरपंखा मूलं हस्ते वध्वा सर्वज्वरं नाशयति ।
कासमद्दकामूलं तंदुलोद के नसह पीवेत् नीद्रा नाशयति ।
अपामार्ग मूलं तंदुलोदकेन सहपिवेत काम्बलं नाशयति ।
तुलसीमूलं कर्णेवध्वा चक्षुरोगं नाशयति ।
मूंडिमूलं कर्णेवध्वा शिरलेपोदीयते शिरवायो नाशयति ।
वालामूलं हस्ते वध्वारात्रि ज्वरं नाशयति ।
सिवलमूलं कर्णेवध्वा एकोत्तशत्त ज्वरें नाशयति ।
वहेडामूलं कर्णेवध्वा सर्वं ज्वरं नाशयति।
श्वेतार्कमूलं कर्णेवध्वा सर्वविषं नाशयति ।
संखपुष्पिका मूलं पुष्य नक्षत्रे उत्पाट्य हस्तेवध्वा सर्वज्वरं नाशयति ।
श्वेतगुंजा मूलं मुखे प्रक्षेप्यः कालसर्पोवारयति ।
गुडौचीमूलं हस्तेवध्वा सर्व सहस्त्रांक्षी भवति ।
उंट कटालां मूलं मूखेप्रक्षेप्यं सर्वलोकानां स्तंभयति ।
च मूलं गुर्विणी संपेठ उत्परे धारयति सुखं शीघ्रं प्रसवोभवति ।
दूधिका मुलं कर्णेवध्वा वेलाज्वरं नाशयति ।
गोखुरीका मूलंकठे वध्वा उष्ण वातं नाशयति ।

सुहंजण मूलं कर्णेवध्वा वेलाज्वरं नाशयति ।

कटशेलुवा मूलं वध्वा ज्वरं नाशयति ।

दम्पणा मूलं कर्णे वध्वा अग्नि उदीपयति ।

श्वेरऐरंड मूलं कटिवध्वा श्रुकं नाशयति ।

जोडासीयनी चूर्णं कृत्वा मुखेपीणंदीयतै मरी नाशयति ।

सतावरी मूलं हस्ते वध्वा महावलं भवति ।

उंट कटाला मूलं तंदुलोदकेन लेपोद्दाति गंडमाला नख प्रमाणे नाशयति ।

काक जंगामूलं करे वध्वा क्षयं नाशयति ।

कंठ सेलुआ मूलं करे वध्वापीत ज्वरं नाशयति ।

श्वेत कटाइ मूलं पुष्प नक्षत्रे उत्पाटयेत् एक वर्ण गोक्षिरेण सहापिवेत वंध्यायापुत्रो भवति ।

पलास मूलं खारंहरिताल चूर्ण, प्रलेयेत् रोमनाशयति ।

जाती मूलं, तंदुलोदकेन, सहपिवेत्, वातज्वरं नाशयति ।

आत्मश्रुक्रेण स्त्रिया वामपादं लिप्यतेस शीघ्रं वशी भवति ।

॥ ० ॥

अयलजालु कल्प

शनिवार सध्या को जहा छुइमुइ (लजालु) का पेड हो वहा जाकर १ मुट्ठी चावल, सुपारी रक्खे, फीर उस पेड को मोली धागा बाधे, अपनी छाया पेड पर नही पडने दे, सवेरे तुमको अपने घर ले जायेगे, ऐसा कहे। फिर प्रभात ही पिछली रात को जाकर छायारख कर उस पेड को उखाड लावे, उखाडते समय इस मत्र को २१ बार पढ़े ॐ भ्रू भ्रुव मम कार्य प्रत्यक्षी भवतु स्वाहा। फिर जिसको वश करना हो उसके घर में रखवादे तो वह वश में हो जाता है। लजालु पचाग १ छटांक, घी २ छटाक, गिरकं रणो छटाक ३ स खा होली छटांक ३ सब चीज एकत्र कर गोली वनावे, फिर जिसको वश करना हो उसके खाने पीने की चीजो मे

मिलाकर खिला देवे तो वश होता है। वाद, विवाद. झगडे आदिक मे पास रख कर जावे तो सब लोग उसकी बात मानते हैं। गोरोचन के साथ घिस कर तिलक करे तो राजा प्रजा सर्व-लोक वश होते है।

॥ ० ॥

अथ श्वेतगुंजाकल्प

शुक्ल पक्ष मे श्वेतगुजा को दशमी के दिन पूरी जड सहित ले, पचाँग ले, फिर उसकी जड को पान के साथ जिसको खाने देवे वह वश होय स्त्री वश हो। पानके साथ मे घिस कर गोरोचन से टीका करे, फिर जिसका नाम ले, वह वश मे होता है अथवा गुंजा चंदन मणसिल से तिलक करे जिसका नाभ लेवे वह वश मे होता है। गुजा प्रियगु, सरसो इन चीजो को जिसके माथे पर डाले वह वश मे होता है, गुजा की जड को पीसकर लगावे अथवा पीवे तो वातरोग का नाश होता है। गुजा की जड को पानी के पीने से मूत्र कुछ नही होता है। गुजा की जड को घिस कर पानी के साथ पिलाने से वा लगाने से साप, विच्छुवा अन्य विषेले जन्तुओ के द्वारा काटने से विष फेल जाता है उस विष को दूर करती है। गुजा की जड को गोरोचन के साथ घिस कर तिलक करने से जो २ देखता है वह वश मे होता है। गुजा की जड को स्त्री के कमर मे बाधने से सुख से प्रसव होता है। गुजा की जड को घटके मुखेक्षिपत जयभवति। पास रखकर राजा के पास जावे तो राज्यसभा वश होती है।

॥ ० ॥

सरपूंखा कल्प

पुष्प नक्षत्र मे सूर्य उदय के समय नग्न होकर सरपखा को ले, फिर उसको छाया मे मे सुखावे, जडसहित उखाडे, (मासाश्वेरीत जड लिजइ) अथ पचाग लीजई। छाया मे सुकावे। फिर उसका चूर्ण करके दुध के साथ अपने शरीर मे लेप करे तो सर्व शत्रुओ का स्तभन होता है। सरपखा के तिल का गोरोचन के साथ तिलक करे तो राजप्रजा सर्व वश होते है। दुकान पर बेठे तो व्यापार अधिक चले। सरपखा के पचाँग की गोली को गाय के दुध के साथ २१ दिन तक पिलावे तो गर्भ धारण करे।

शुभ मुहूर्त मे सोने या चादी के ताविज मे रखकर बाधे तो शस्त्रादिक की धार बद हो। श्वेत सरपखा को लेने के समय २ आदमी हाथ मे नंगी तलवार लेकर खड़े रहे एक

आदमी दीपक लेकर खडा रहे १ आदमी तीर छोडे, जव तक तीर जमीन पर न गिरने आवे तब तक सरपखा को उठाले और घर लेकर आजावे छाया मे सुका देवे ।

॥ ० ॥

पमाड कल्प

अश्वनी नक्षत्र मे उत्तर दिशिमुख करके पवित्र हो सूर्योदय पहले पमाडीये की जड लेना, नग्न होकर, छाया पडने नही देवे, घर लाकर, कपूर, कस्तुरी, केशर, के साथ अपने पास रखना राजा प्रजा सर्व वश होते है सर्व कार्यों की सिद्धी होती है । जिसके हाथ मे बाधे, उसका बेलाज्वर, तीजारो ज्वर आदिक नष्ट होते है और मक्खन के साथ जिसको खाने को देवे वह वश मे होता है ।

॥ ० ॥

तार ताम्र सुवर्ण च इ दु अर्क षोडशभी ।
पुष्यार्के घटिता मुद्रा दृढ दारिद्र नाशिनी ।

३ रती सोना, १२ रती, ताबा १६ रती चांदी, सब मिला ले । २९ रती हुआ, इनकी अ गुठी बनवावे रविवार पुष्प नक्षत्र के योग मे, उसी रोज वनवाना, उसी रोज पार्श्व प्रभु का पचा मृत अभिषेक करके उसमे वह अगुठी धोकर, याने गधोदक से धोकर धूप खेवे, फिर अगूठे के पास वाली तर्जनी अगुली मे पहने तो तीव्र दारिद्र का नाश होता है, लक्ष्मी का लाभ होता है । अगुठी जमणे हाथ मे पहनना चाहिये । भोजन करते समय अगुठी को नीकाल देना, फिर पहन लेना । ध्यान रहे उसी रोज अगुठी बने उसी रोज अगुली मे पहन लेना चाहिये । भक्तामर जो के प्रथम काव्य के मंत्र का १०८ वार जप करे ।

॥ ० ॥

विल्ली के ऊपर की दाढ और कुत्ते के नीचे की दाढ को, भक्तामर के काव्य का न बर वाला मत्र से मत्रीक करके शत्रु के घर मे गाड देने से शत्रु का घर टुट जाता है महान उत्पात होता है ।

सफेद सरसो सफेद चदन, उपलेट ( ) वच तथा कपुर, इन सवको दूसरा रविपुष्य के दिन इक्कट्ठा करके गोली वनाकर रक्खे, जव जरूरत पड़े तव उस गोली को घीस-कर तीलक करे तो दृष्टि दोप का नाश होता है । पशुओ के आख मे अजन करने से दृष्टिदोष दूर होता है ।

अथ एक गुंजा कल्प

पुष्प होय आदित्य को, तव लीजिये यह मूल ।
सुकर वारी रोहड़ी, ग्रहण होय अनुकूल ।। १ ।।
कृष्ण पक्ष की अष्टमी, हस्त नक्षत्र जो होय ।
चौदह स्वाति शत भिषा, पूनों को लेय सोय ।। २ ।।
अर्द्ध निशा कारज सरे, मन की संज्ञा खोय ।
धूप दीप कर लीजिये, धरे धूल लो सोय ।। ३ ।।
जो काहू नर नारी कूँ विष कोई को होय ।
विष उतरे सब तुरंत ही, जड़ी पिलावे धोय ।। ४ ।।
जो तिलक लगावे भाल पर, सभा मध्य नर जाय ।
मान मिले स्तुति करे, सब ही पूजे पाय ।। ५ ।।
हांजी हांजी सब करे, जो वह कहे सो सांच ।
एक जड़ी के जुगत से, सब नचावें नाव ।। ६ ।।
ताके मूल मढाये के, वांधे कमर के सोय ।
नव मासे व नारी के, निश्चय बेटा होय ।। ७ ।।
ऋतुवती के रक्त सो, अंजन आंजे कोय ।
देखत भाजे सैन सब, महा भयानक हो ।। ८ ।।
काजल हूं घिस आजिये, मोहे सब संसार ।
गाली दे दे ताडिये, तोय लगा रहे लाट ।। ९ ।।
मधु सुं अंजन आंजिये, देखे वीर वैठाल ।
जो मंगावे वस्तु कू, ले आवे सो हाल ।। १० ।।
जो घिस कर लेपन करे, दूध संग सव अंग ।
भूत प्रेत सव यक्ष गण, लगे फिरत सव संग ।। ११ ।।

घिसके रुई लगाइये, बती घरे बनाये ।
फिर भिगोवे तेल में, दीपक देय जलाय ।। १२ ।।
करे अच मों सब नमें, घर श्मसान दरसाय ।
सात महल के बीच सूं लावे पलंग उठाये ।। १३ ।।
जो घृत में घिस के करे, लेप मूत्र नर ताय ।
भोग शक्ति बाढ़े अमित, मन अति मोद उठाय ।। १४ ।।
अजा मूत्र में रगड़कर, बेंदा दे जो हाथ ।
करे दूर की बात वो, रहे यक्षणि साथ ।। १५ ।।
गोरोचन के साथ घिस, लिखिये जाको नाम ।
मृत्यु होय बाकी तुरंत, नहीं देर को काम ।। १६ ।।
लिंग पत्र के अर्क सु, घिसिये केवल नाम ।
भूत प्रेत व डाकिनी, देखस नसे तमाम ।। १७ ।।
स्याउ संग वा रगड़ के, तलुवे तले लगाये ।
आँख मीच के पलक में, सहस, कोस उड़ जाय ।। १८ ।।
जो घिस आंजे पीस के, बंदी छोड़ कहाय ।
बन्दी पड़े छुटे सभी, बिना किये उपाय ।। १९ ।।
जो गुलाब संग याहिं घिस, नाड़ी लेप कराय ।
घड़ी चाट कूं जी पड़े, मुरदा सहज सुभाय ।। २० ।।
फेर अंकोल के तेल में, घिस के आंजे कोय ।
धन दीखे पाताल को, दिव्य दृष्टि जो होय ।। २१ ।।
जो वाधिन के दुध में, घिस चौपड़े सब अंग ।
सर्व शस्त्र लागे नहीं, वद कर जीते जग ।। २२ ।।
घिस कर तिल के तेल में, मर्दन करे शरीर ।
दीखे सब संसार कू, महावीर रणधीर ।। २३ ।।

जो अलसी के तेल में, घिसिये हतश मिलाय ।
कोडि के लेपन करे, कंचन तन हो जाय ।। २४ ।।
जो कोई संसार में, अंधा आवे जे कोय ।
सात दिवस तक आंजिये, दृष्टि चौगुनी होय ।। २५ ।।
श्याम नगद सग रगड़ के, वीसो नख लिपटाय ।
जो नर होय कुमारजी, देखत वश हो जाय ।। २६ ।।
कस्तूरी सू आंजिये, प्रात समय लो लाय ।
मौत जो लिखिये सवन की, काल पुरुष दरशाय ।। २७ ।।
गंगाजल सू आंजिये, दोनों नेत्र जु मांही ।
वरसा वरसे धूल की, या मे संशय नाही ।। २८ ।।
जो आंजे निज रक्त सूं भर के दौऊ कोय ।
देखे तीन लौक कूं, अपनी ऑखन सोय ।। २९ ।।
जो आजे निजरक्त, खुले रागनी राग ।
जो घिस पावे दूध सू, होय सिद्ध सू भाय ।। ३० ।।
रक्त गुंजा यह कल्प है, सूक्ष्म कहियो बनाय ।
जो सीधे सो सिद्ध हो, या मे संशय नाय ।। ३१ ।।

नोट – इस रक्त गुजा कल्प के दोहे का अर्थ इतना सरल है कि कम पढा लिखा हुआ व्यक्ति भी अच्छी तरह जान लेता है । इसलिए यहा पर इसका हिन्दी अनुवाद करना उचित नही है ।

।। इति ।।

मनुष्य की खोपडी पर, रतांजन, भीमसेन कपूर, तथा रविपुष्य के रोज जिस स्त्री के पहली बार प्रसूति मे लडका पदा हुआ हो उस स्त्री के दूध मे रवि पुष्य के दिन गोली बनावे, काम पडे तब तीन दिन आख मे अजन करने से, आंख का सर्व रोग नाश को प्राप्त होते है ।

शरद पूर्णिमा को ब्राह्मी का रस, वच, और कपिला गाय का घी इन तीनो चीजो को बराबर २ लेकर, कासे की थालो मे इन चीजो को खूब गाढा २ लगावे, फिर उसमे भक्तामर का ६ न० का यन्त्र लिखे, उपर अष्टगन्ध से ॐ ह्री श्री क्ली ब्लूं वद् वद् वाग्वादिनी लिखे, फिर चन्द्रमा के प्रकाश मे रात्रि भर उस थाली को एक ऊचे पाटे पर विराजमान कर रक्खे, सवेरे एक २ अक्षर को खावे, तो सरस्वती वश मे होती है। महान् बुद्धिमान होता है।

ब्रह्म दडी को शनिवार के दिन श्याम को अक्षत, सुपारी, को रखकर कुकुम के छीटे लगाकर नोत दे, फिर रविवार की शाम को नग्न होकर धूप खेवे, फिर ब्रह्मदन्डी का पचाग ले, फिर कपडे पहनकर घर ले आवे, उस ब्रह्म दन्डी को कैसा भी घाव हो, व्रण हो, किसी भी प्रकार का गडगुमड हो, उसके उपर लेप करने से शीघ्र ही आराम हो जाता है।

रवि पुष्य के दिन जिस स्त्री को पुत्र पैदा हुआ हो, उस स्त्री की जेर, लेकर छाया मे सुखा देवे। एकान्त में फिर उस जेर को रूई के अन्दर लपेटकर बत्ती बनावे। दीपक में रख कर जलावे, तो घर में मनुष्य ही मनुष्य ही दिखते है। चोर चोरी नही कर सकते है।

रवि पुष्य को (लजालु) छुइमुइ का पचाग को ग्रहण करके छाया मे सुखाले, फिर जो मनुष्य कई दिनो से खो गया है, उस मनुष्य के कपडे मे लजालु को बाँध कर, त्रिकाल उस वस्त्र मे कोडा लगावे तो खोया हुआ मनुष्य शीघ्र ही आता है।

१२ भाग ताबा, १६ भाग चादी, १० भाग सोना, इन तीनों का प्रथक २ तार खिचवा कर, रविपुष्य या गुरु पुष्यामृत योग रहते २ अंगुठी बनवाना और पचामृत से जिनेन्द्र प्रभु का अभिषेक करके, उस अभिषेक मे उस अगुठी को धोकर सीधे हाथ की तर्जनी अंगुली में पहनना चाहिये, जिससे सर्व प्रकार का तिव्र दारिद्र नाश होता है। किन्तु रवि या गुरू पुष्यामृत योग मे ही अगुठी बनवाना चाहिये और उसी ही योग के रहते २ ही पहन लेना चाहिये। तब ही कार्यकारी हो सकती है। **आचार्य श्री महावीर कीर्ति जी** इस द्वारिद्र नाशिनी अगुठी के लिए सबको कहा करते थे।

लोग, केशर, चन्दन, नाग केशर, सफेद सरसो, इलायची, मनशिल, कूठ, तगर, सफेद कमल, गोरोचन, लालचन्दन, तुलसी, पिक्कार, पद्मास्वा, कुटज, को पुष्प नक्षत्र मे बराबर लाकर, सबको धतूरे के रस मे कुमारी कन्या से पिसवाकर, उसका चन्द्रोदय होने पर तिलक करने पर ससार मोहित होता है।

मयूर शिखा, सफेद गुञ्जा, गोरंगा (गोभी) आक का पत्ता, कीटक का मल, ओर

अपने पाचो मलो का चूर्ण। इन सब चीजो को जिस स्त्री को खिला दिया जाय वह वश मे हो जाती है।

कान, आख, दात, जीभ, तथा वीर्य को पच मल कहते है।

लाल कनेर के पुष्प, भुजगाक्षि जटा, ब्रह्मदन्डी, इन्द्रायन, गोवन्धनी (अधो पुष्पिया प्रियगु) लज्जावती के चूर्ण की गोलिया वनावे, उन गोलियो को वरावर नमक सहित एक वर्तन मे डालकर अपने मूत्र मे पकावे। इन गोलियो को भोजन आदि के साथ खिलाने से स्त्री वश मे होती है।

वड, गूलर, पीपल, पिलखन, अजीर के दूध तथा पंडुकी (पोतकी) के अडे के रस मे कपास, आक, कमल सूत्र, सेमल की रुई, सन की वनी हुई वत्ती को भावना देकर काले तिलो का दीपक जलाने से तीनो लोक वश मे होते है।

निगुण्डी और सफेद सरसो घर के द्वार पर अथवा दुकान के द्वार पर रखी जावे तो अच्छा क्रय विक्रय होता है।

जो स्त्री काचिका (सौवीर) के साथ जवे के फूल को मल कर ऋतु काल मे पीती है। वह फिर मासिक से नही होती है यदि हो भी जावे तो गर्भ धारण तो कभी भी नही करती है।

लज्जारिका, और मेढक की चरवी को हाथ पर लगा लेने से अग्नि का स्तम्भन होता है, और श्वास निरोध से तुला दिव्य का स्तम्भन होता है।

उत्तर दिशा मे उत्पन्न होने वाली कौंच की जड को गो मूत्र मे पीस कर उसका मस्तक पर तिलक करने से शाकिनी उसमे अपना प्रतिविम्ब देखती है।

रवि पुष्यामृत के योग मे ब्राह्मी, शतावरी, शखा होली, अधा जारा, जावत्री, केशर मालकागणी, चित्रक, अकलकरो और मिश्री का चूर्ण करके सवं सम भाग लेकर, सवेरे १८ कोमल अदरख के रस मे २१ दिन तक खाने से वुद्धि की वृद्धि होती है।

पुष्यार्क योग मे काला धतुरे की जड अथवा सफेद धतुरे की जड शनिवार को निमन्त्रण देकर, रविवार को सध्या काल मे नग्न होकर ग्रहण करे, फिर कन्या कत्रीत सुत्र लपेट कर, धूप खेवे, फिर उस जड़ को अपने कमर मे वाधने से स्वप्न मे वीर्य का कभी स्खलन नही होता है।

पुष्यार्क अथवा हस्तार्क मे रुद्रवति और ( ) का पचांग लेकर पानी मे गोली बनाकर रक्खे, जब कार्य पडे तब अपने शरीर मे लेप करने से अग्नि शीतल के समान लगती है। याने अग्नि मे नही जलता है।

मूलार्क योग मे सर पखा का पचाग, वीसरवपरा का पचाग, इन्दवारूणी का पचांग शिव लिगी का पंचाग, इन सब को एकत्र करके पेट पर लेप करने से उदर रोग शात होते हैं।

पुष्यार्क योग मे लज्जालु पचाग, शख पुष्पी पचाग, ( ) पचाग लक्ष्मण पचाग, श्वेत गु जा पचाग इन सब चीजो को ग्रहण करके गोली बनावे, जब कार्य पड़े तब स्वय के थूक मे उस गोली को घिस कर तिलक करने से पर विद्या का छेदन होकर, आजीविका की प्राप्ति होती है।

रवि पुष्या मृत योग मे दुब पचाग का रस लाकर अष्ट गध मिलाकर दाया हाथ की अनामिका अंगुली से माथे पर निरन्तर तिलक करने से सर्व जन वश मे होते है।

पुष्यार्क योग मे जाइ पुष्प का पचाग और समुद्र फेन, गधेडा के मूत्र मे गोली करके आंख मे अजन करने से भूत प्रेत, व्यंतरादि सर्व दोष का नाश करता है। स्त्रिओ के भग पर लेपन करने से सुभागी हो जाती है।

पुष्यार्क मे धन्वंतरि पचांग, लक्ष्मणा पचांग, शिवलिगी पचाग इन तीनो का चूर्ण करके सू घने से आधा शीशी तथा सूर्य वात का नाश होता है।

पुष्यार्क योग मे एक डडी पचांग, पुत्र जारी पंचाग को तीन धातु के तावीज मे डालकर हाथ मे वाधने से, सर्व जाति को अग्नि ठडी हो जाती है।

पुष्यार्क योग मे मुरगे की विष्टा, मयुर की विष्टा लोमड़ी की विष्टा, चीमगादड की विष्टा और चतुष्पद पशुओ रज, सबको इकट्ठा करके शत्रु के माथे डालने से उसका नाश होता है।

पुष्यार्क योग मे सरपखा प चांग, चक्रांग पंचाग, मयुर शीखा प चाग इन सब चोजो को पानी के साथ पिलाने से सब जाति के विष से कभी मरण नही होता है।

पुष्यार्क योग मे चक्राग पंचाग, काक जघा प चाग, पिलाने से अन्दर गांठ और गोलादिक शूल की शाति होती है।

पुष्यार्क मे सहदेवी का पंचाग तीन धातुओं के तावोज में डालकर धारण करने से असमय मे गर्भपात कभी नही होता है।

पुष्यार्क मे सूअर की विष्टा जमीन पर नही गिरे, उसके पहले ही ग्रहण करके मिष्टान्न के साथ मे हाथी को खिलाने से हाथी वश मे होता है।

पुष्यार्क योग मे सफेद अकौआ जडको, की जो गणेशाकार होती है उसको लाकर द्रव्य के साथ मे रखने से अष्ट सिद्धि और नव निधि की प्राप्ति होती हैं।

गगा पार की ताम्बा लाकर चने मे मिलावै और कूट कर गुदा मे धूनी दे तो ववासीर का रोग शात होता है।

सर्प की केचुली को मस्से के नीचे वाधे तो ववासीर ठीक होता है।

दाये हाथ की वीच की अगुली मे लोहे की अगूठी पहनने से पथरी रोग शात होता है।

सुवह के समय दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके हाथ मे गुड की डली लेकर उसे दातो से काट कर चौराहे पर फेक देने से आधा सीसी का रोग शात होता है।

गाय के घी मे सोरा मिलाकर सू घने से आधा सीसी रोग दूर हो जाता है।

दूध के दात जिसके गिरे हो उस दात को तावोज मे मडवा कर पास रखने से दात पीडा शात होती है।

रेशम के डोरे मे जायफल की माला गू थ कर रोगी के गले मे वाधने से मृगी रोग शात होता है।

गाय के वाये सीग की अगूठी वनवा कर, दाये हाथ को कनिष्ठा अगुली मे पहनने से मृगी का दौरा आना जल्दी वन्द हो जाता है।

उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र मे उत्तर दक्षिण की ओर वाले पवित्र स्थान से, व्याघ्र नखी, वूटी की जड उखाड लावे और उसे स्त्री के कमर मे वाधने से प्रदर रोग शात होता है।

काली मूसली की जड को हाथ वा पाव मे वाधने से रुका हुआ गर्भ गिर जाता है।

जेष्टा नक्षत्र मे अडुसे की जड लाकर उसे धूप देकर स्त्री की कमर मे वाधने से नष्ट पुष्पा स्त्री ३० दिन के भीतर फिर, रजस्वला होने लगती है।

तील की जड ब्रह्मदण्डी की जड, मुलहठी, काली मिर्च और पीपल इन सवको जौ कुट का काढा वनाकर पीने से वन्द मासिक धर्म फिर से होने लगता है।

शिव लिगी के वीज को गुड के साथ गोली वना कर ऋतु स्नान के वाद तीन दिन खाकर मैथुन करने मे गर्भ ठहर जाता है।

निर्गुण्डि के रस मे गोखरू के बीज डालकर सात दिन तक पीने से स्त्री गर्भ धारण करती है।

श्रवण नक्षत्र मे काले एरण्ड की जड लाकर, उसे धूप, दीप देकर वन्ध्या स्त्री के गले मे बाँधने से वन्ध्यात्व दोप दूर हो जाता है। वह गर्भ धारण करती है।

नीबू के पुराने वृक्ष की जड को दूध मे पीसकर घी मे मिला कर पीने से दीर्घ जीवी पुत्र की प्राप्ति होती है।

रजो धर्म से निवृत होने के बाद पाच दिन तक, जो स्त्री पान की जड को घोट कर पी लेती है। उसे गर्भ नही रहता है।

स्त्री की योनि पर हाथी की लीद रखने से गर्भ नही रहता है।

रवि पुष्या मृत मे धतूरे की जड को लाकर रख ले, कार्य पड़े तव गर्भवती स्त्री के कमर मे बाध देने से सुख पूर्वक प्रसव होता है।

सफेद सोठ की जड को गर्भिणी स्त्री के योनि मे रखने से सुख पूर्वक प्रसव होता है।

गर्भिणी स्त्री के हाथ मे चुम्बक पत्थर रख देने से सुख पूर्वक प्रसव होता है।

स्त्री के कमर मे बांस की जड बाधने से प्रसव सुख से होता है।

नीम की जड स्त्री के कमर मे बाधने से प्रसव सुख पूर्वक होता है।

उत्तर दिशा मे उत्पन्न ईख की जड को स्त्री के नाप के डोरे में बाध कर कमर मे बांधने से प्रसव सुख पूर्वक होना है।

आवला और मूलहठी को गाय के दूध के साथ पीने से गर्भ स्तंभन होता है।

धतूरे की जड को कमर मे वॉधने से गर्भ स्त्राव नही होता है।

अकरकरा को सूत मे लपेट कर वच्चे के गले में वाधने से मृगी रोग शात होता है।

दूध पिलाने वाली मा अथवा धाय के कपड़े मे से एक टुकडा फाड कर, पानी मे भिगोवे, फिर वच्चे के माथे पर रख देने से हिचकी रोग शान्त हो जायगा।

कपूर के डलिओ की माला वनाकर बच्चे को पहनाने से सुखपूर्वक दॉत आयेगे।

वच्चे के हाथ मे लोहे अथवा तावे का कडा पहनाने से दात सुखपूर्वक आवेगे और बच्चे को दृष्टि दोष नही होगा।

काली सरसो और काली मिर्च को पीसकर अंजन करने से भूत वाधा नष्ट होती है।

अश्विनी नक्षत्र मे घोडे के खुर का नख लेकर रखले, उस नख को अग्नि मे डाल कर धूनी देने से भूत प्रेत आदिक भाग जाते है।

अनार का वाधा ज्येष्ठा नक्षत्र मे लाकर घर के दरवाजे पर वाध देने से वालको के दुष्ट ग्रहो का निवारण हो जाता है।

काशीफल के फूलो के रस मे हल्दी को पीस कर पत्थर के खरल मे खूव घोट कर अजन वनाले। इस अजन को आँख मे लगाने से भूतादि की वाधा अवश्य दूर हो जाती है।

रविवार के दिन सफेद कनेर की जड को दाये कान पर वाधने से विषम ज्वर दूर होता है और दायी भुजा मे वाधने पर शीत ज्वर दूर होता है।

चौलाई की जड सिर मे वाधने से विषम ज्वर दूर हो जाता है।

मकडी के जाले को गले मे लटकाने से ज्वर उतर जाता है।

रविवार के दिन आक की जड को उखाड कर कान मे वाधने से सभी तरह के ज्वर दूर हो जाते है।

नारियल की जड को (लॉगली मूल) को गले मे वॉधने से महा ज्वर दूर हो जाता है।

वृहस्पति की जड को मस्तक पर रखने से, वाधने से महा ज्वर नष्ट होता है।

अपा मार्ग की जड को रोगी के भुजा मे वाधने से भूत ज्वर नाश होता है।

रीठे के फल को धागे मे गूथ कर वच्चे के गले मे वाँधने से उसे नजर नही लगती तथा हिचकी रोग शान्त होता है।

भेडिये के दात को वालक के गले मे वाधने से वालक का अपस्मार रोग शात होता है।

कवूतर की वीट को शहद के साथ पीने से स्त्री रजस्वला हो जाती है।

घूघची की जड को कान मे वाधने से दाढ के कीडे झड जाते है।

रविवार के दिन सर्प की केचुल लाकर थोडे मे गुड मे १ रत्ती भर केचुलि मिला कर देने से नाहरू रोग शाँत हो जाता है।

सूकी मिट्टी का डला सूघने से नाक का रक्त वन्द हो जाता है। नकसीर ठीक होती है।

प्याज की माला को कठ मे धारण करने से तिल्ली और जिगर दूर हो जाता है।

आबा हल्दी, सेधा नमक, कूठ को सम भाग लेकर नीबू के रस में पीस कर लेप करने से मु ह के धब्बे दूर होते है ।

तज, धनिया और लोध को सम भाग पीस कर मस्सो तथा मु हासो पर लेप करने से वे दूर हो जाते है ।

सरसो, सेधा नमक, लोग और बच—इन सबको कूट कर मुंह पर लेप करने से मु ह पर होने वाली छोटी २ कीले फुन्सिया ठीक होती हें ।

सफेद साठी की जड को घी मे पीस कर आखो मे अ जन करने से बहता हुआ पानी रुक जाता है ।

बादाम, कपूर, आधी २ रत्ती लेकर खूब महीन पीस ले, फिर अंगुली से अंजन करने पर दुखती हुई आखे ठीक हो जाती है ।

रागे की अंगूठी मध्यमा उंगली में पहनने से मोटापा कम हो जाता है ।

सोते समय सूखा नमक पिसा हुआ शिर में मलने से झडते हुए शिर के बाल बन्द हो जायेगे ।

शुभ नक्षत्र मे (अपामार्ग अथवा अधाझार) की जड़ लाकर व्यक्ति के दाये कान मे बाधने से सर्प–बिच्छू का जहर उतर जाता है ।

सर्प के काटे हुए स्थान पर सफेद सोठ की जड का लेप करने से जहर उतर जाता है ।

मयूर के साबूत पङ्ख को चिलम मे भर कर फू क लेने से तुरन्त सर्प का जहर उतर जाता है । किन्तु इस प्रयोग को छ.–सात बार करना चाहिये, सर्प दष्टा व्यक्ति अगर बेहोस हो गया हो तो अन्य व्यक्ति स्वय फूंक लेकर सर्प दष्टा के नाक मे जोर से धु आ फेकने से विष उतर जायगा ।

ऊ ट के बालो की रस्सी बनाकर, अपनी जाघ मे वाध ले तो जब तक उस रस्सी को नही खोलेगा तब तक वीर्य स्खलित नही होगा ।

कमल गट्टे को शहद के साथ पीस कर नाभि पर लेप करने से वीर्य स्खलित नही होगा ।

पुष्य नक्षत्र में आक और धतूरे का ऊपरी भाग एवं कटेली की जड लाकर, सबको मिलाकर चूर्ण करे, इस चूर्ण को जिसके शिर पर डाल दिया जाय, उससे इच्छित वस्तु प्राप्त की जा सकती है ।

ताल को मट्ठे मे पीस कर मिट्टी सहित पुतली वनाए। उस पुतली को जिसके घर मे गाड दिया जाय उस घर का ग्रह क्लेश का नाश हो जाता हैं।

शुक्ल पक्ष मे पुष्य नक्षत्र पडे तव घू चची की जड लाकर उसे शैय्या के सिरहाने वाँध-कर सोने से चोरो का भय नही रहता है।

कृति का नक्षत्र मे कैथ का वांधा लाकर मु ह मे रखने से शस्त्र के आघात का भय दूर हो जाता है।

अ कोल के फल का तेल निकाल कर उसमे तगर के फल का चूर्ण मिलावे इसे आखो मे आजने से जहा तक दृष्टि जायगी वहा तक देवी-देवता ही दिखाई पडेंगे। वाद मे केवल तगर के तैल का अ जन करने से पुन मानुपि दृष्टि प्राप्त होती है।

आकोल का तेल दीपक मे भर कर घर मे जलाने से भूत प्रेत दिखाई देते हैं।

मीठे तेल मे गधक डाल कर दीपक जलाने से घर मे भूत प्रेत दिखाई देते हैं।

रविहस्त को पमाड की जड, शनिवार को न्योतकर रविवार को प्रात उसे लाकर दाई भुजा मे वाँधने से जुआ मे जीत होती हैं।

सफेद घू घची को पानी मे पीस कर विना खू टी वाली खडाऊ पर गाढा लेप कर ले फिर उस पर पाव जमा कर चले तो खडाऊं पाव से अलग नही होगी।

मूली के पत्तो का रस हाथ मे लेकर विच्छ पकडने से वह डक नही मारता है।

गोखरू वकरी का सीग, ताल बुखारा, शूकर की विष्टा और सफेद घू घची इन सव को पीस कर रसोई घर मे डाल देने से मिट्टी के वरतन सव फुट जायेंगे।

रविवार के दिन प्रात काल लाल एरण्ड को न्यौत आवे। शाम के समय उसे एक झटके मे तोड लाये कि उसके दो टुकडे हो जायँ। एक टुकडा नीचे गिर पड़े, दूसरा हाथ मे रहे फिर दोनो टुकडो को अलग-अलग रख ले। फिर जिसे पीढे (पाटा) पर वैठा हुआ देखे, उसके शरीर से जो टुकडा नीचे गिर पडा हो, तो वह आदमी पाटे से चीपक जायगा। हाथ मे जो रह गया था, उसको स्पर्श करा देने पर वह चिपका हुआ आदमी छूट जायगा।

आक के दूध मे चावलो को भीगो कर आग पर चढाने से चावल कभी भी नही पकते है।

भिलावे का रस मे घू घची, विप, चित्रक, और कौंच को मिला कर देने के शत्रु को

भूत लग जाता है। चन्दन खस माल कांगनी, तगर, लाल चन्दन और कूठ को एक में पीस कर शरीर में लेप करने से भूत उतर जाता है।

शुभ तिथि, शुभ वार के नक्षत्र को काली गाय के दूध को जीभ पर रखे और उसके घी को दोनो आँखों में अ जन करे तो पृथ्वी मे गड़ा हुआ द्रव्य दिखेगा।

जहा पर कौए मैथुन करते हो और सिंह आकर बैठता हो वहा अवश्य ही धन गड़ा हुआ है समझना।

बहेडे के वृक्ष को साम को नोत आवे, सवेरे उसका पत्ता लाकर पाव के नीचे दबा कर भोजन करने से बीस तीस आदमी का भोजन अकेले ही खा जाता है।

बहेड़े का पत्ता तथा सफेद कुत्ते का दात इन दोनों को कमर में बाध कर खाने बैठने से बहुत भोजन करता है।

भैंस के दूध मे तथा घी मे अपा मार्ग के बीजो की खीर बना लर खाने से १ महीने तक भूख नही लगती है।

पमार के बीज, कसेरू तथा कमल की जड को गाय के दूध में पका कर खाने से एक महीने तक भूख नही लगती।

गोरोचन तथा केशर को महावर के साथ घिस कर, उसके द्वारा भोज पत्र के ऊपर शत्रु का नाम लिख ने से उसका स्तम्भ न हो जाता हैं। और वह सदैव वश मे रहता है।

पके और सुखे हुए लभेडे (लिहसौड़े) के फल को खूब महीन पीस कर पानी मे डालने से पानी बंध जाता है।

दो हांडियो मे श्मसान के अ गारे भर कर दोनो का आपस मे मुंह मिला कर जंगल में गाड देने से मेघ का स्तंभन हो जाता है।

चौलाइ की जड को चान्दी के ताबीज में डाल कर अपने मुंह में रखने से शत्रु का मुख स्तभित रहता है।

ऊंट के रोमो को किसी पशु पर डाल देने से वह जहाँ का तहां ही स्तभित हो जाता है। कटेली की जड को और मुलहठी को समभाग लेकर पीसे, फिर नाक में सुंघने से निद्रा का स्तंभन हो जाता है।

ऋतुमती स्त्री की योनि के वस्त्र पर जिस मनुष्य का नाम गोरोचन से लिख कर घड़े में बन्द कर दिया जाय, उसका स्तभन हो जाता है। फिर वह चल फिर नही सकता है, एक ही स्थान पर पड़ा रहता है।

जलते हुए भट्टे मे घोडे का खुर और वेत की जड को डाल दिया जाय तो अग्नि का स्तभन हो जाता है। फिर खाली धुआ उठता रहता है।

रविपुष्यामृत नक्षत्र मे सफेद आकडे की जड को लेकर दाई भुजा मे वाधने से व्याघ्र का स्तभन होता है।

ऊट की हड्डी को जिस व्यक्ति का नाम लेकर पृथ्वी मे गाड दिया जाय तो, उस मनुष्य की गति स्तभित हो जाती है।

एकाक्षी नारियल कल्प

मन्त्र :—ॐ ह्री श्री क्ली ऐं एकाक्षाय श्रीफलाय भगवते विश्वरुपाय सर्व योगेश्वराय त्रैलोक्यनाथाय सर्वकार्य प्रदाय नमः।

पूजन विधि --प्रथम हस्त में पानी लेकर सकल्प करे–अत्राद्य सवत् मिलाव्दे महामागलाय फलप्रद – अमुकमासे अमुक पक्षे अमुकतिथौ अमुक वासरे इष्ट सिद्धये वहुधन प्राप्तये एकाक्षि श्रीफल पूजन मह करिस्यमि। इस प्रकार कह कर पानी छीटे फिर उपर्युक्त मन्त्र को वोलते हुये श्रीफल का पचामृताभिषेक करे, अष्ट द्रव्य चढावे रेशमी वस्त्र ओढाए, पूजन करे। उसके वाद सोने की वा मूगेकी अथवा रूद्राक्ष की माला से जप शुरू करे। जप १२५०० हजार हो जाय, फिर नित्य प्रति एक माला फेरे, दीवाली, सूर्यग्रहण या चन्द्र ग्रहण के समय पूजन करे।

मन्त्र :—ॐ श्रीं ह्री क्लीं ऐं महालक्ष्मी स्वरूपाय एकाक्षिनालिकेराय नमः सर्वसिद्धिं कुरु २ स्वाहा।

यह मन्त्र रेशमी कपडे पर अष्ट गध से अथवा केसर से लिखा। अनार की कलम से उस वस्त्र के उपर एकाक्षि श्रीफल रखा मन्त्र से प्रात और सध्या को अष्ट द्रव्य से पूजा करे, मूल मन्त्र की एक माला फेरे।

मन्त्र :—ॐ ऐं ह्री ऐं ह्रीं श्रीं एकाक्षिनालिकेराय नमः।

इस मन्त्र की एक माला फेरे गुलाव के फूल १०८ चढावे।

मन्त्र :—ॐ ह्रीं ऐं एकाक्षिनालिकेराय नमः।

इस मन्त्र की १० माला पाच दिन तक प्रति दिन फेरे। तथा कनेर के २१ फूल चढाए। जिज्ञासित का स्वप्न मे उत्तर प्राप्त होगा।

फलप्राप्ति :—

इस श्रीफल सु घाने मात्र से स्त्री गर्भ, के कष्ट से छुटे, तुरंत प्रसव हो।

वंध्याँ स्त्री को ऋतु स्नान के बाद घोल कर पानी पिलावे तो संतान हो।

श्री फल को सात बार पानी में डुबो कर सात बार ही मन्त्र पढे, फिर उस पानी को घर में छीटने से भूत- प्रेत, का उपद्रव शाँत होता हो।

लाल कनेर का फूल लेकर, दक्षिण दिशा मे बैठकर शत्र का नाम लेते हुए एक माला फेरे, फूल शत्रु के सामने फेके तो शत्रु का नाश हो।

दक्षिणावर्त शंख कल्प

शंख ३ तोले का उत्तम २५ तोले का अत्युत्तम है। शंख शुक्ल वर्ण का ही उत्तम माना गया है।

यदि शख को पानी मे नमक डाल कर उस पानी में डाल दे, फिर सात दिन तक पानी मे ही रहने दे, अगर शंख फटे नही तो समझो असली शख है नही तो नकली है।

प्रयोग फल :—

शंख मे पानी भर कर मस्तक पर नित्य ही छीटे तो पाप का क्षय हो।

शख में पानी लेकर पूजन करने से लक्ष्मी प्रसन्न हीती है।

पूजन के पश्चात् शंख मे दूध भर कर वन्ध्या स्त्री पिए तो उसके सन्तान होती है।

जिस घर में शंख हो उस घर मे सर्व मगल होता है। रोग शोक मोह का नाश, प्रतिष्ठा बढती है। मान सम्मान राज्य मे होता है।

पूजन विधि :—

स्नान करके, सफेद वस्त्र धारण करे, प्रतिदिन दूध से फिर पानी से शख को स्नान करावे। फिर चादी, अववा सोने के पत्र पर उस शख को सोने मे मढाना चाहिये, फिर अष्ट-द्रव्य से सोडसो प्रचार पूजन करना चाहिए,। पूजन करने के पहले सकल्प करे।

ॐ अद्य अमुक वर्षे अमुकमासे अमुक पक्षे अमुकतिथौ मम मनोवाञ्छित कार्यसिद्धये ऋद्धि सिद्धि प्राप्यर्थं मह दक्षिणा वर्त शखस्य पूजन करिष्याम।

पूजन मन्त्र :—

ॐ ह्री श्री क्ली श्रीधर करस्थायपयोनिधि जाताय श्री दक्षिणवर्त शखाय ह्री श्री क्ली श्रीकराय पूज्याय नम ।

इस मन्त्र को पढते हुए अष्ट द्रव्य से सुगन्धित इत्र चढाए, नैवेद्य चादी के वरतन मे रखे, उससे दूध, चीनी, केशर, कस्तूरी वादाम, इलायची डाले, साथ मे केला रखे, जो भोजन शाला मे वस्तु वनी हो उसे चढाए, कपूर से आरती उत्तारे।

ध्यान मन्त्र :—

ॐ ह्री श्री क्ली श्रीधर करस्थाय पयोनिधि जाताय लक्ष्मी सहोदराय चिन्तितार्थ सपादकाय श्रीदक्षिणावर्त श खाय श्री कराय, पूज्याय क्ली श्री ह्री ॐ नम. सर्वाभरण भूषिताय प्रशस्यायङ्गोपाङ्गसयुताय कल्पवृक्षाय स्थिताय कामधेनु चिन्तामणिनव नीधिरूपाय चतुर्दश रत्न परिवृताय अष्टादश महासिद्धि सहिताय श्रीलक्ष्मी देवता श्री कृष्णदेव करतल लालिताय श्रीशंख महानिधये नम ।

जप मन्त्र

ॐ ह्री श्री क्ली ब्लू दक्षिण मुखाय शखनिधये समुद्रप्रभवाय श खाय नम । प्रतिदिन एक या दसमाला फेरे। जप करने के वाद मन्त्र के साथ पानी आकाश की ओर छाट दे।

गौरोचन कल्प

मन्त्र :—ॐ ह्रीं हन हन ॐ ह्रीं हन ॐ ह्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रों ह्रां ठः ठः ठः स्वाहा।

विधि :—गौरोचन की टिकडी वनाये—२१ उपरोक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके शुद्ध जगह रख दे, जव भी जरूरत हो उपरोक्त मन्त्र से २१ वार अभिमन्त्रित करके प्रयोग में लावे, गुगुल का धूप खेवे।

प्रयोग :—१ ललाट पर तिलक कर राज्य सभा मे राज्य प्रमुख के पास व सरकारी किसी भी कार्य के लिए जावे तो मनोकामना सफल हो।

२ हृदय पर तिलक करके जहाँ भी जावे, तो मनोकामना सफल हो, किसी स्त्री के पास जावे, तो वश मे हो।

३. मस्तक पर तिलक करके जावे तो रास्ते मे सिंह, व्याघ्र, चोर आदि का भय मिटे, स्त्री-पुरुप सव वश हो, लोक प्रिय हो।

तंत्राधिकार : रुद्राक्ष कल्प

भोग और मोक्ष की इच्छा रखने वाले चारो वर्णो के लोगो को रुद्राक्ष धारण करना चाहिये। उत्तम रुद्राक्ष असख्याय समूहो का भेदन करने वाला है। जाति भेद के अनुसार

रुद्राक्ष ४ तरह के होते है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र। उन ब्राह्मणादि जाति के रुद्राक्षों के वर्ण श्वेत, रक्त पीत तथा कृष्ण जानना चाहिये। मनुष्यो को चाहिये कि वे क्रमश. वर्ण के अनुसार अपनी जाति का ही रुद्रास धारण करे। जो रुद्राक्ष आवले के फल के बराबर होता है। वह समस्त अनिष्ठो का विनाश करने वाला होता है। जो रुद्राक्ष बेर के फल के बराबर होता है, वह उतना छोटा होते हुए भी लोक में उत्तम फल देने वाला तथा सुख सौभाग्य वृद्धि करने वाला होता है। जो रुद्राक्ष गुजांफल के समान बहुत छोटा होता है वह सम्पूर्ण मनोरथो और फलों की सिद्धि करने वाला होता है। रुद्राक्ष जैसे-जैसे छोटा होता है वैसे-वैसे अधिक फल देने वाला होता है। एक-एक बडे रुद्राक्ष से एक-एक छोटे रुद्राक्ष को विद्वानो ने दस गुना अधिक फल देने वाला बतलाया है। अतः पापो का नाश करने के लिए रुद्राक्ष धारण करना आवश्यक बताया है। रुद्राक्ष के समान फलदायिनी कोई भी माला नही है। समान आकार प्रकार वाले चिकने, मजबूत, स्थूल, कण्टक युक्त (उभरे हुए छोटे २ दानों वाला) और सुंदर रुद्राक्ष अभिलबित पदार्थो के दाता तया सदैव भोग और मोक्ष देने वाले है। जिसे कीडो ने दूषित कर दिया हो, जो टूटा फूटा न हो जिसमें उभरे हुए दाने न हो, जो व्रण युक्त हो तथा जो पूरा पूरा गोल न हो इन पाच प्रकार के रुद्राक्षो को त्याग देना चाहिये। जिस रुद्राक्ष मे अपने आप ही डोरा पिरोने योग्य छिद्र हो गया हो, वही उत्तम माना गया है, जिसमे मनुष्य के प्रयत्न से छेद किया गया हो, वह मध्यम श्रेणी का होता है। ग्यारह सौ रुद्राक्ष धारण करने वाला मनुष्य जिस फल को पाता है उसका वर्णन सैकडो वर्षों मे भी नही किया जा सकता, भक्तिमान पुरुष साढे पाच सौ रुद्राक्ष के दानो का सुन्दर मुकुट बनाले और उसे सिर पर धारण करे तीन सौ साठ दानों के लम्बे सूत्र मे पिरोकर एक हार बना ले। वैसे-वैसे तीन हार बनाकर भक्ति परायण पुरुष उनका यज्ञोपवीत तैयार करे और उसे यथा स्थान धारण किये रहे।

